संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज   समूह संपादक : रवि भारद्वाज   ऊना, रविवार, 12 मार्च 2023 ₹ 2   www.actionindialive.com   facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
वर्ष: 12 अंक: 69 पृष्ठ: 12   RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com   हिमाचल संस्करण   दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपराष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

लालू परिवार पर जांच की आंच

तेजस्वी को सीबीआई का समनः हम साथ आते हैं तो रेड शुरू हो जाती हैः नीतीश, ईडी को छापों में 53 लाख कैश मिला

ईडी का दावा

= जमीन के बदले नौकरी घोटाले में 600 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के मिले सबूत

= राजद मोदी सरकार पर भड़की

नई दिल्ली/पटना/टीम एक्शन इंडिया
जमीन के बदले नौकरी घोटाले में ईडी ने अभी तक 600 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत मिलने का दावा किया है। ईडी के अनुसार, अपराध से बनाई संपत्तियों में से 350 करोड़ की अचल संपत्ति है, जबकि 250 करोड़ रुपये बेनामी लोगों के माध्यम से लालू यादव के परिवार के सदस्यों के पास आये थे। ईडी के अनुसार दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कालोनी स्थित घर घोटाले की रकम से महज में चार लाख रुपये में खरीदी गई थी, जिसका बाजार मूल्य 150 करोड़ रुपये है। ईडी के अनुसार 350 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों में 250 करोड़ की संपत्तियां पटना में हैं। वहीं न्यू फ्रेंड्स कालोनी की 150 करोड़ रुपये का मकान एबी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एजेंसी के पास इस बात के ठोस सबूत हैं कि एबी एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के मालिक बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनका परिवार है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव इसे दिल्ली में अपने आवास के रूप में इस्तेमाल करते हैं और शुक्रवार को छापे दौरान इस मकान में उनकी मौजूदगी से यह साबित भी हो गया।

'शेल कंपनियों के मालिकों का पता लगा'

ईडी ने बेनामी मालिकों, शेल कंपनियों और उनके असली मालिकों का पता लगाने में सफल रही है। इसी तरह से ग्रुप डी की नौकरियों के बदले में मात्र 7.5 लाख रुपये में लिये चार जमीन को राजद के पूर्व विधायक सैयद अबु दोजाना को 3.5 करोड़ में बेचा गया। राबड़ी देवी ने इसका अधिकांश हिस्सा तेजस्वी यादव को ट्रांसफर कर दिया था, इसके भी सबूत मौजूद हैं।

ईडी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे के कई जोन में हुई नियुक्तियों में 50 फीसद लोग लालू यादव और उनके परिवार के क्षेत्रों से जुड़े होने का पता चला है। इनकी अलग से जांच की जा रही है।

'घोटाले की कमाई को सफेद बनाने के लिए कंपनियां बनाई गई'

ईडी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घोटाले की कमाई को सफेद बनाने के लिए मुंबई स्थित जेम्स एंड ज्वेलरी से कुछ कंपनियों का इस्तेमाल किया गया था। शुक्रवार को इनके ठिकानों की भी तलाशी ली गई है। उनके अनुसार घोटाले से की गई अवैध कमाई और उससे बनाई गईं संपत्तियां बहुत ज्यादा हो सकती है और इन्हें कई स्थानों पर रियल इस्टेट व अन्य क्षेत्रों में निवेश किये जाने के संकेत मिल हैं।

फेक न्यूज दे रहा अमेरिकी अखबारः अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया
केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स सहित विदेशी मीडिया पर खिलाफ झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बदनाम किया जा रहा है। मंत्री ने ट्वीट कर कश्मीर में प्रेस की स्वतंत्रता पर एनवाईटी में छपे एक ओपिनियन को शरारती और काल्पनिक बताया। आरोप लगाया कि भारत के बारे में कुछ भी छापने से पहले तटस्थता का ध्यान नहीं रखा गया। भारत और उसकी लोकतांत्रिक संस्थानों के खिलाफ खास एजेंडा के तहत छापा गया है। ऐसा झूठ लंबे समय तक नहीं चल सकेगा। ओपिनियन में लिखा था कि अगर मोदी देश के बाकी हिस्सों में इंफॉर्मेशन को कंट्रोल करने के कश्मीर मॉडल को लागू करने में सफल होते हैं।

समलैंगिक शादियों को मिलेगी कानूनी मान्यता!

नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया
सुप्रीम कोर्ट सोमवार को समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर सोमवार के लिए अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, याचिकाएं पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ सुनवाई करेगी।

कई अदालतों के केसों की एकसाथ सुनवाई: शीर्ष अदालत ने 6 जनवरी को, दिल्ली उच्च न्यायालय सहित विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित ऐसी सभी याचिकाओं को क्लब और अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। कोर्ट ने कहा था कि केंद्र की ओर से पेश होने वाले वकील और याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील अरुंधति काटजू एक साथ लिखित सबमिशन, दस्तावेजों का एक सामान्य संकलन तैयार करेंगे।

सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.68 लाख करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया
आयकरदाताओं ने सरकार की झोली में फिर इतना पैसा डाल दिया है कि पिछला रिकॉर्ड टूट गया। देश का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2022-23 में 10 मार्च तक 16.68 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह से 22.58 फीसदी से ज्यादा है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष में 10 मार्च तक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष (2021-22) के मुकाबले 22.58 फीसदी से अधिक है। आयकर विभाग के आंकड़ों के मुताबिक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह भी 13.73 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के शुद्ध संग्रह से 16.78 फीसदी अधिक है।

पूर्व सीएम चन्नी का लुक आउट नोटिस

अमृतसर/टीम एक्शन इंडिया
पंजाब सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ आय से अधिक मामले में लुक आउट सर्कुलर जारी कर दिया है। पूर्व सीएम चन्नी एक धार्मिक कार्यक्रम में विदेश कैलिफोर्निया जाने वाले थे लेकिन विजिलेंस की तरफ से एलओसी जारी होने के बाद अब चन्नी ने खुद ही विदेश जाने के कार्यक्रम को रद्द कर दिया। गौरतलब है कि पूर्व सीएम चन्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच चल रही है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी बीते दिनों चन्नी पर मुख्यमंत्री रहते हुए सरकारी तंत्र का पर्सनल कामों में प्रयोग करने का आरोप लगाया था। पूर्व सीएम ने कहा था कि उनके पास इसके सबूत भी हैं, लेकिन जब पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी को उनके खिलाफ एलोसी जारी होने का पता लगा तो उन्होंने खुद ही विदेश जाने के कार्यक्रम को रद्द कर दिया।

गुरु रविदास जी के कार्यक्रम में जा रहे थे अमेरिका: चरणजीत सिंह चन्नी का कहना है कि कैलिफोर्निया सैक्रामेंटो में रविदास जी का एक मंदिर बना हुआ है। वहां से हर साल बीते 23 सालों से नगर कीर्तन निकाला जाता है।

कांग्रेस के रास्ते पर चल रही भाजपाः अखिलेश

अहमदाबादः सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि महात्मा गांधी के देश में बुलडोजर ने अहिंसा का मार्ग अख्तियार कर लिया है। विपक्षी नेताओं पर ईडी और सीबीआई की छापेमारी पर तंज कसते हुए सपा नेता ने कहा कि छापेमारी की परंपरा कांग्रेस ने शुरू की थी, लेकिन अब भाजपा उसी रास्ते पर चल रही है। सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि सभी स्वतंत्र एजेंसिया अब केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही हैं।

'कौशल क्षेत्र में अव्वल रहने की जरूरत'

सार्थक

= सभी स्टैक हॉल्डर्स ने इस बजट को कैसे सार्थक बनाया जाए इस पर चर्चा कीः पीएम नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास) पर पोस्ट-बजट वेबिनार को संबोधित किया। पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बजट का यह वेबिनार भारत के करोडों लोगों के हुनर और उनके कौशल को समर्पित है। हम कौशल जैसे क्षेत्रों में जितना अव्वल होंगे हमें उतनी सफलता मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि इसे लेकर कई सुझाव भी आए हैं। सभी स्टैक हॉल्डर्स ने इस बजट को कैसे सार्थक बनाया जाए इस पर चर्चा की। जो चर्चा संसद में होती है जो चर्चा सांसद करते हैं वैसे ही गहन विचार जनता की ओर से हमें मिला है।

यह इवेंट 12 पोस्ट-बजट वेबिनार की सीरीज का एक हिस्सा है। वेबिनार की इस सीरीज में केंद्र सरकार बजट 2023-24 में की गई अनाउंसमेंट पर विचारों और सुझावों को इकट्ठा कर रही है, ताकि उन सभी घोषणाओं पर सही दिशा में काम किया जा सके।

प्रेरणास्त्रोत :
सुषमा चोपड़ा
संतोष रानी छाबड़ा
सजनपाल गर्ग
आदर्श रसोई
रविवार, 12 मार्च, 2023
मुख्य अतिथि व उद्घाटनकर्ता
जलज कुमार चौधरी
निगम पार्षद वार्ड-55 शालीमार बाग (A)
परम श्रद्धेय
राकेश भारद्वाज
संस्थापक (आदर्श रसोई)
स्थान :
राकेश भारद्वाज चौक
मोहन कुमार गर्ग
चेयरमैन (9354212413)
रामलाल उनियाल
वाइस चेयरमैन (921327394)
सुरेंद्र चोपड़ा
प्रधान (9910766000)
रवि भारद्वाज
संयोजक (9899889104)
विनोद गर्ग
महासचिव
राकेश जुनेजा
महासचिव
पम्मी मल्होत्रा
महासचिव
संजय वर्मा
कोषाध्यक्ष
सुभाष दीक्षित
संरक्षक
सुरेन्द्र त्यागी
संरक्षक
सुरेन्द्र बुद्धिराजा
संरक्षक
के.के. शर्मा
संरक्षक
जे.पी. गोयल
संरक्षक
सतपाल यादव
संरक्षक
गुरदयाल छाबड़ा
संरक्षक
बी. के. चौधरी
संरक्षक
सिकन्दर पाल मनोचा
संरक्षक
तरसेम सिंह
उपप्रधान
रिंकू कोहली
उपप्रधान
राजेश छाबड़ा
उपप्रधान
अमरजीत सिंह
उपप्रधान
राजेन्द्र साहू
उपप्रधान
दीपक गर्ग
सचिव
सुलभ गुप्ता
सचिव
धीरज सिंघल
सचिव
मुकेश रस्तोगी
सचिव
राजीव मेहता
सचिव
सतपाल सेतिया
सचिव
करण शर्मा
सहसचिव
विवेक तोमर
सहसचिव
सन्नी गर्ग
सहसचिव
सागर गर्ग
सहसचिव
इन्दर तनेजा
सदस्य

मुख्यमंत्री ने शोंगटोंग जलविद्युत परियोजना को जुलाई, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए

8 मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार सायं हिमाचल प्रदेश पॉवर कारपरेशन लिमिटेड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

शिमला/चमन शर्मा
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार सायं हिमाचल प्रदेश पॉवर कारपरेशन लिमिटेड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने 450 मैगावॉट क्षमता की शोंगटोंग जलविद्युत परियोजना को जुलाई, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए वर्ष 2012 में निविदा जारी की गई थी लेकिन विभिन्न कारणों से इसके निर्माण कार्य में विलंब हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं में विलंब के कारण इनकी निर्माण लागत में वृद्धि होती है जिससे राज्य को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपरेशन लिमिटड (एचपीपीसीएल) के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी बाधाओं का निराकरण कर तीन माह के पश्चात एक और समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना के निर्माण के लिए उत्तरादायी कंपनी को श्रम शक्ति में वृद्धि कर शेष निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए कहा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि शोंगटोंग जल विद्युत ऊर्जा परियोजना के पूरा होने से वार्षिक 1579 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन होगा। इससे राज्य में 1300 करोड़ रुपये का विद्युत उत्पादन होगा।

परियोजना के समयबद्ध कार्यान्वित होने से 250 करोड़ रुपये की बचत होगी जिससे राजस्व पर 156 करोड़ रुपये की ब्याज उपलब्ध होगी, जिससे प्रदेश को कुल 1706 करोड़ रुपये का लाभ होगा।

,मुख्यमंत्री ने लाभ अर्जित करने वाली तथा राजस्व उत्पन्न करने वाली परियोजनाओं की क्षमता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए राज्य सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने इस परियोजना को समयबद्ध पूरा करने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करने पर बल दिया। राज्य सरकार जल विद्युत और सौर ऊर्जा के उपयोग से हिमाचल को वर्ष 2025 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त राज्य ने वर्ष 2024 के अन्त तक 500 मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अभिषेक जैन, बहुउद्देशीय ऊर्जा परियोजना एवं ऊर्जा सचिव राजीव कुमार, एचपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा, निदेशक डॉ. अमित कुमार, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा निर्माण कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

13 मार्च से 18 मार्च तक अटल सदन में राज्य स्तरीय नाट्योत्सव का आयोजन

कुल्लू/श्याम कुल्वी
13 मार्च से 18 मार्च तक कुल्लू स्थित अटल सदन में राज्य स्तरीय नाट्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां जिला भाषा अधिकारी सुनीला ठाकुर ने दी।उन्होंने कहा कि भाषा एवं संस्कृति विभाग लुप्त हो रही लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु प्रयासरत है। विभाग रंगकर्मियों व लोक कलाकारों को प्रोत्साहित व अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए समय-समय पर मंच प्रदान करने की व्यवस्था करता है। इसी के दृष्टिगत भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा दिनांक 13 से 18 मार्च 2023 तक अटल सदन भवन के अंतरंग सभागार में छः दिवसीय नाट्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन सायं 4 बज कर 30 मिनट 7:00 बजे तक एक समकालीन नाटक व एक लोक नाट्य का मंचन किया जाएगा। 13 मार्च को प्रणव एण्ड बियोण्ड थियेटर, सोलन द्वारा मैट्रिक नाटक व आसरा संस्था, राजगढ़, सिरमौर के लोक कलाकारों द्वारा सिंहटू, 14 मार्च को संवाद युवा मण्डल, मण्डी द्वारा आखिरी खत नाटक व वीर नाथ युवक मण्डल, फ ोजल, कुल्लू के लोक कलाकारों द्वारा लोक नाट्य हॉरन, 15 मार्च को संकल्प रंगमण्डल, शिमला द्वारा उमदंहमतपम नाटक व साहिल म्यूजिकल ग्रुप, हमीरपुर के लोक कलाकारों द्वारा लोक नाट्य दहाजा, 16 मार्च को ऐक्टिव मोनाल कल्चरल ऐसोसिएशन, कुल्लू द्वारा भगवान का पूत नाटक व स्वर संगम लोक कला मंच, शिमला के लोक कलाकारों द्वारा लोक नाट्य करियाला, 17 मार्च को उड़ान थियेटर ग्रुप, बिलासपुर द्वारा खेल दोष नाटक व माण्डव्य कला मंच, मण्डी के लोक कलाकारों द्वारा लोक नाट्य बांठड़ा, 18 मार्च को स्टैप्को, नाहन, सिरमौर द्वारा डाकघर नाटक व महोदव खेल एवं सांस्कृतिक कला मंच, किन्नौर द्वारा लोक नाट्य हरिङफ ा का मंचन किया जाएगा।

ददाहू में 16 मार्च को आयोजित होगा ज्योति मिलन समारोह

नाहन/एसपी जैरथ
जिला सिरमौर के ददाहू मर चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य पर श्री महाकाली माँ दुख भांजनी मंदिर अंबाला शहर हरियाणा के सौजन्य से 16 मार्च को ददाहू में भव्य ज्योति मिलन यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का प्रारंभ 15 मार्च को अंबाला शहर से किया जाएगा। जोकि हरियाणा राज्य के विभिन्न स्थानों से होती हुई उसी दिन रात्रि को सिरमौर जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ भंगायणी मंदिर हरिपुरधार पहूँचेगी। हरिपुरधार से यह यात्रा ज्योति लेकर 16 मार्च को श्री रेणुकाजी की ओर प्रस्थान करेगी। प्रातः 10:30 बजे ददाहू बाजार में इस यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात यह यात्रा ददाहू के गीता भवन में पहुंचेगी, जहां विधिवत ज्योति मिलन कार्यक्रम के साथ-साथ माँ दुख भंजनी की महाआरती का आयोजन किया जाएगा। माँ दुख भंजनी मंदिर अंबाला के संचालक पंकज शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्रों से एक सप्ताह पूर्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठों से ज्योतियाँ एकत्रित करके उन्हें अंबाला शहर स्थित मंदिर में स्थापित किया जाता है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठों के दर्शन एक स्थान पर करवा कर लोगों के दुखों का हरन करना है। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को ददाहू में यात्रा के पड़ाव के साथ ही भव्य ज्योति मिलन समारोह का आयोजित किया जाएगा। सैकड़ों श्रद्धालु इस यात्रा शिरकत करके अपनी हाजिरी सुनिश्चित करेंगे। उसके पश्चात यह यात्रा पुनः दुख भंजनी मन्दिर अम्बाला में समपन होगी।

राज्यपाल से हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने की भेंट

शिमला/चमन शर्मा
हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने गत दिवस राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से संबंधित तैयारियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा और विधान सभा के सचिव यशपाल शर्मा उपस्थित थे।

सरकार से सुरक्षा कर्मियों ने लगाई गुहार

शिमला/टीम एक्शन इंडिया
हिमाचल प्रदेश सरकार से आईजीएमसी के सुरक्षा कर्मचारीयों ने आग्रह किया है कि उन्हें आईजीएमसी प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है प्रधान बबलू ने कहा है कि हम समस्त सुरक्षा कर्मी 2010 से अपनी लगातार सेवाएं दे रहे है हम सभी गरीब परिवार से सबंध रखते कोविड टाइम मे हम लोगो ने दिन रात जो है हॉस्पिटल मे काम किया है अब हमें एक दिकत आ रही है जब से हमें कत राहुल राव ने जय हिन्द बोलने से इनकार किया था तब ये हमें काफी तंग कर रहे है जैसे की अभी तक हमारी सैलरी तक नही आई दूसरा बोलते है की मे टेंडर करवा दूंगा और.तुम्हे नये टेंडर नही रहने दूंगा ये अधिकारी हमें आर्थिक और. मानसिक रूप से परेशान कर राहा है कभी अपने ऑफिस बुला कर 2 घंटे बाहर खड़ा करके इंजार करवाता है फिर जब अन्दर जाने की बारी आती है तब बोलते है कल आना साहब अभी बिजी है सच्ची बात तो ये है की मुख्यमंत्री से मिलना आसान है पर कत राहुल राव से मिलना बड़ा मुश्किल है आईजीएमसी मे और. भी अधिकारी है कोई भी कभी बतमीजी नही करते सिर्फ यही एक ऐसा अधिकारी है जो बतमीजी करता है सरकार से हमारा निवेदन ऐसे अधिकारी की वजहा से ही सरकार बदनाम होती है अगर कल दिन के लिए हमें कुछ भी होता है तो उसका जिम्मेवार राहुल राव ही होगा हम चाहते है इसके ऊपर उचित से उचित कार्य वाही की जाये।

एकलव्य विद्यालय के निर्माण कार्य में सुनिश्चित करें गुणवत्ता: नेगी

किन्नौर/अनिल
राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने गत दिवस जिला किन्नौर के निचार खण्ड स्थित एकलव्य मॉडल रिहायशी विद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को सभी सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण करते हुए विभिन्न कक्षाओं, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, छात्रावास व निमार्णाधीन भवनों का भी दौरा किया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान घटिया गुणवत्ता के दरवाजे, खराब पेंट, टूटी सीढि?ां आदि से संबंधित पायी गई कमियों को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अगर इन कमियों को अगले निरीक्षण तक ठीक नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को भी समय-समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि कमियों को साथ के साथ ठीक किया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने निरीक्षण करते हुए सातवीं कक्षा का दौरा किया और पढ़ रहे बच्चों से संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा में अच्छी गुणवत्ता वाले फाइबर के बोर्ड इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नए बेंच उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य गीतांजलि भूषण ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में अभी कुछ कक्षाओं को शुरू किया गया है।

धौलाकुआं दोहरे हत्याकांड में चार आरोपी हुए गिरफ्तार : पुलिस अधीक्षक

नाहन/एसपी जैरथ
आखिरकार सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब की माजरा पुलिस ने सनसनीखेज वारदात में दो युवको की निर्मम हत्या पर से पर्दा उठाया है। मामले में माजरा पुलिस ने डबल मर्डर में आईपीसी की धारा 302 व 120 बी को शामिल कर लिया है। ये भी साफ हो गया है कि वारदात में एक युवक जख्मी भी हुआ था। यह खुलासा पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने नाहन में पत्रकार वार्ता में करते हुए कहा की नदी के किनारे झड़प के बाद एक गुट के 3 युवक बाइक पर नाहन की तरफ आ रहे थे। बाइक पर ट्रिपल राइडिंग की जा रही थी। वारदात में पुलिस ने चार युवको को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले है। वारदात के तीसरे दिन पुलिस अधीक्षक रमन मीणा ने शुक्रवार दोपहर पत्रकार वार्ता में सडक हादसे के रहस्य पर से पर्दा उठाया। गौर हो कि वारदात होली के दिन बुधवार शाम की है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की राय मिलने के बाद ही पुलिस ने डबल मर्डर में कार्यवाही शुरू की है। मृतक युवको की शिनाख्त 26 वर्षीय अजय पुत्र रणवीर निवासी भारापुर व 25 वर्षीय मनदीप कुमार पुत्र कृष्ण लाल निवासी बिलासपुर हरियाणा के तौर पर हुई है। घायलों की पहचान भारापुर के 22 वर्षीय अमित कुमार पुत्र रमेश कुमार व भारापुर के ही 24 वर्षीय प्रदीप पुत्र काकू राम के तौर पर की गई है। बताया जा रहा है कि मृतक अजय धौलाकुआं में चाउमीन की रेहड़ी लगाता था। हरियाणा के सढ़ौरा के रहने वाले मृतक मनदीप ने कुछ समय तक धौलाकुआं में दुकान की थी। होली खेलने के लिए मनदीप भी अपने कुछ दोस्तों के साथ आया था। शुरूआती जांच में ये बात सामने आई थी कि तेज रफ्तार एसयूवी एचपी 17बी-7005 ने बाइक को टक्कर के बाद रौंद दिया, इस कारण घटनास्थल पर ही दो युवकों की मौत हो गई।

इसके अलावा दो युवक घायल भी हुए हैं। हादसे को हिट एंड रन से जोड़ा गया था। रारंभिक जांच के मुताबिक टोक्यो के नजदीक बाता नदी के किनारे युवकों की झड़प हुई थी। इसके बाद एक गुट के चार युवक दो बाइकों पर निकल गए। इसी बीच दूसरे गुट ने तेज रफ्तार एसयूवी से बाइक को टक्कर मारी। दूसरी बाइक पर सवार युवक ने टक्कर की वजह पूछी तो उस पर भी हाईवे पर हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक हाईवे किनारे वाहन को पार्क करने के बाद जंगल में भाग गए।

वारदात को नशे की हालत में अंजाम दिया गया था या नहीं, इस बात को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। वारदात को सडक दुर्घटना ही समझा जा रहा था। लेकिन जैसे ही पुलिस के सामने गुटों की झड़प की बात का तथ्य सामने आया तो होली की रात को ही पुलिस ने असल वजह को खंगालना शुरू कर दिया।

अविश्वास प्रस्ताव का डटकर करेंगे मुकाबला: मेला राम शर्मा

नाहन/एसपी जैरथ
पंचायत समिति अध्यक्ष संगड़ाह के बारे में अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने के विषय पर जब समिति के अध्यक्ष मेला राम शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जिस नियम के तहत अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है उस नियम के तहत अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 12 सदस्यों के हस्ताक्षर होना अनिवार्य हैं परंतु कांग्रेस द्वारा लाए गए प्रस्ताव में केवल 11 सदस्यों के हस्ताक्षर है और 12 सदस्य का मात्र नाम लिखा गया है। उन्होंने बताया की भाजपा समर्थित जिन पंचायत समिति सदस्यों के उसमें नाम लिखे गए हैं उनमें से एक सदस्य ने हस्ताक्षर करने से साफ मना कर दिया है जबकि तीन अन्य सदस्यों से डरा धमकाकर हस्ताक्षर करवाए गए हैं ।

मेलाराम शर्मा ने बताया कि जिस तरह से कांग्रेस के नेताओं ने प्रदेश की प्रत्येक महिला को प्रतिमा 15 सो रुपए देने का झूठा वादा, 100000 युवाओं को हर वर्ष रोजगार देने का प्रलोभन, किसानों से 2 रूपए प्रति किलो गोबर खरीदने का आश्वासन और कर्मचारियों को पहली मंत्रिमंडल की बैठक में ओ पी एस लागू करने का प्रलोभन देकर प्रदेशवासियों को गुमराह करके जिस तरह सरकार बनाई गई है उसी प्रकार अब लोकतंत्र का गला घोट कर कांग्रेस के नेता पंचायत समिति अध्यक्ष के खिलाफ अनैतिक अविश्वास प्रस्ताव लाने का कुप्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेणुका के विधायक विनय कुमार को प्रदेश की ठाकुर सुखविंदर सुकखु की सरकार में कोई स्थान ना मिलने के कारण यहां के कांग्रेसी नेता अब बौखलाहट में लोकतंत्र की हत्या करने में लगे हैं और भाजपा समर्थित पंचायत समिति सदस्य की खरीद-फरोख्त करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथ भाजपा समर्थित पंचायत समिति सदस्य चट्टान की तरह खड़े हैं और वह कांग्रेसी नेताओं के झूठे आश्वासन और खरीद फरोख्त की नीति के आगे बिकने वाले नहीं है। मेला राम शर्मा ने बताया कि वह पीठ दिखाकर भागने वाले कमजोर व्यक्ति नहीं है और वह अनैतिकता के आधार पर लाए गए इस अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेंगे

कालाअंब, गोविंदघट व बैहराल टोल बैरियर अब हुए क्लबं

नाहन/एसपी जैरथ
हिमाचल प्रदेश राज्य कर एवं आबकारी विभाग के राजस्व जिला सिरमौर के 4 टोल बैरियर की नीलामी शुक्रवार को जिला परिषद भवन के सभागार में रखी गई। सिरमौर जिला के चार टोल बैरियर में से पाँवटा साहिब के गोविंदघाट स्थित टोल बैरियर की नीलामी नहीं हो पाई थी। मगर अधिकारियों की रणनीति के तहत राजस्व को नुकसान ना हो इसके लिए मिनस वैरियर को छोडकर बाकी सभी टोल बैरियर क्लब कर दिए गए। जिसके बाद कुछ ठेकेदारों की मोनोपोली को साइड करते हुए यह तीनों बैरियर विनोद मलिक के नाम कर दिए गए। हालांकि इस प्रक्रिया को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। जिसके लिए मामले को अप्रूवल के लिए कमिश्नर यूनुस खान के संदर्भ में भेज दिया गया है। जैसे ही इसकी अप्रूवल होगी तो काला आम गोविंदघाट और बहराल टोल बैरियर 1 साल के लिए विनोद मलिक के होंगे। यह तीनों टोल बैरियर रिजर्व प्राइस से कुछ अधिक में गए हैं। जाहिर सी बात है कि तीन अन्य टोल बैरियर की नीलामी में राज्य कर एवं आबकारी विभाग को भारी राजस्व का इजाफा हुआ है। जिला परिषद भवन में आयोजित टोल टैक्स की वर्ष 2023-24 की नीलामी उपायुक्त सिरमौर राम कुमार गौतम की अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर राज्य कर एवं आबकारी विभाग के कलेक्टर पंकज शर्मा के अलावा विभाग के उपायुक्त जिला सिरमौर हिमांशु पंवार सहित विभाग के जिला भर से व मुख्यालय से अधिकारी मौजूद थे। सर्वप्रथम जिला सिरमौर के मींनस टोल बैरियर की नीलामी रखी गई।

मींनस टोल बैरियर के लिए न्यूनतम बोली राशि 20,90,880 रुपए रखी गई थी। इसके लिए सीलबंद टेंडर के अलावा दूसरी खुली नीलामी रखी गई। मींनस बैरियर की खुली नीलामी में 3 टोल ठेकेदारों ने हिस्सा लिया जिसमें खुली नीलामी खजान सिंह, अतर सिंह व विनोद मलिक ने हिस्सा लिया।

नगर परिषद जोगिंद्रनगर में घोटालों की हो उच्च स्तरीय जांच

जोगिंद्रनगर/संगराय
नगर परिषद जोगिंद्रनगर के पूर्व उपाध्यक्ष एवं मौजूदा पार्षद अजय धरवाल ने गत दिवस पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नगर परिषद जोगिंद्रनगर में हो रहे भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा हैं कि नगर परिषद जोगिंद्रनगर में भ्रष्टाचार की तमाम हदें पार कर दी गई हैं । पिछले 3 सालों से 1 लाख 86 हजार रुपए के प्रति माह घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए ठेकेदार को दिया जा रहा था लेकिन ठेकेदार से मिलिभगत के कारण यह ठेका 4 लाख 86 हजार कर दिया गया,जबकि पिछले ठेकेदार सही तरीके से काम कर रहा था उसे टेंडर डालने नहीं दिया।

धरवाल ने यह भी आरोप लगाया की जोगिंद्रनगर के साथ लगते चलाहरग गांव में गीले कूड़े से खाद बनाने वाली मशीन स्थापित कि गई इस सयंत्र में लगी मशीन की खरीददारी बहुत ऊंचे दामों में की गई । उन्होंने कहा कि 300 किलो के लगभग गीला कूड़ा प्रतिदिन शहर से एकत्र होता है जबकि खाद बनाने वाले संयंत्र की क्षमता 1000 टन की है इस भारी-भरकम खरीद के लिए धन का दुरुपयोग किया गया है और यह संयंत्र लगभग 70 लाख की कीमत से स्थापित किया गया जबकि कम क्षमता वाला संयंत्र भी स्थापित किया जा सकता था लेकिन ऐसा क्यों नहीं किया गया।

धरवाल ने कहा कि घर घर मैं दो डस्टबिन देने की योजना नगर परिषद ने बनाई थी जिसकी कीमत लगभग 160 आनी चाहिए थी लेकिन ठेकेदार को फायदा करवाने के लिए नगर परिषद जोगिंदर नगर ने 260 में दो की खरीद की गई, इससे जाहिर होता है कि इस खरीद में भी भ्रष्टाचार की बू आ रही है और गोलमाल की संभावना है। उन्होंने कहा कि एक दुकानदार ने 160 में 2-डस्टबिन देने का टेंडर भरा था लेकिन उसका टैंडर रद्द कर दिया गया। उन्होंने कहा 50 के लगभग लोग नगर परिषद में काम करते हैं 8 लोग रिटायर हो चुके हैं , वेतन देने के लिए लाले पड़े हैं। एनएसी मार्केट जोगिंदर नगर में लगभग 40 लोग दुकान करते हैं इन दुकानों को प्रशासन से असुरक्षित घोषित करवा दिया गया है जबकि नव निर्माण के लिए नगर परिषद जोगिंद्र नगर के पास किसी भी बजट का प्रावधान नहीं है।

उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि पिछले कुछ सालों से नगर परिषद में हुए कामों की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए नगर परिषद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने अपने पदों का दुरुपयोग कर कुछ लोगों को फायदा देने का काम किया है इस कारण नगर परिषद के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।

उन्होंने कहा कि उक्त तमाम मामलों की उच्च स्तरीय जांच हो ताकि जो भी घोटाले हुए हैं उनका पदार्फाश हो और लोगों को हकीकत का पता चल सके।

मुख्यमंत्री से मिलने के लिए दिन व समय निर्धारित

शिमला/चमन शर्मा
प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने गत दिवस बताया कि जनता की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू लोगों से सप्ताह में दो बार मिलेंगे। उन्होंने बताया कि आम जनता प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक मुख्यमंत्री के सरकारी आवास ओक ओवर में मिल सकती हैं, जबकि पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक सोमवार और गुरुवार सायं 5 बजे से 6 बजे तक सचिवालय में मुख्यमंत्री से मिल सकते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि विधायक, पूर्व विधायक और अन्य जन प्रतिनिधि मुख्यमंत्री से प्रत्येक कार्य दिवस पर दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक सचिवालय में मिल सकते हैं।

जनता सड़क में निकल आई तो सरकार चलाना होगा मुश्किल: जयराम ठाकुर

मंडी/खेमचंद शास्त्री

प्रदेश की सुक्खू सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश में नए खोले गए सरकारी कार्यालयों व स्कूलों को डिनोटिफाइड करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने मंडी शहर में सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। रैली से पूर्व सेरी मंच पर भारतीय जनता पार्टी के नेता, पूर्व मुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष नेता जयराम ठाकुर रैली को संबोधित करते हुए कहा की सरकार का जो रवैया चल रहा है यदि वैसा ही रहा तो प्रदेश की जनता सडकों पर उतर आएगी । उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा खोले गए सरकारी कार्यालय जरूरत के मुताबिक ही खोले जाते हैं और जब पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने जो भी कार्य शुरू किए थे भाजपा सरकार ने उन्हें आगे बढ़ाया। ऐसा पहली मर्तबा हो रहा है कि पूर्व सरकार के फैसले को डिनोटिफाइड कर रही है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार को लोकप्रिय सरकार नहीं बल्कि लॉकप्रिय सरकार का दर्जा दिया जाना उचित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू व उनकी सरकार बदले की भावना से तमाम फैसले कर रही है। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यालय जनता की सुविधा के दृष्टिगत खोले गए तथा इन कार्यालयों को डिनोटिफाइड करना सरकार की संकीर्ण मानसिकता दिखाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यदि इसी तरह बदले की भावना से कम करती रही तो यहा सरकार 5 साल पूरे नहीं कर पाएगी। हिमाचल प्रदेश की जनता इन्हें 5 साल से पूर्व ही चलता कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आते तमाम डिनोटिफाइड किए गए कार्यालयों को बहाल करेगी और जनता हित को ध्यान में रखते हुए उन फैसलों को बहाल करेगी जो सरकार ने रद्द किए हैं।

हिमाचल प्रदेश की यह पहली जनता विरोधी सरकार है जो आम जनता का ध्यान ना रखते हुए अपनी तानाशाही से काम कर रही है।

कांग्रेस पार्टी में जो आज उथल-पुथल मची हुई है उससे यह लगता है कि यह सरकार ज्यादा दिन नही चल पाएगी और कुछ ही दिनों की मेहमान है। भारतीय जनता पार्टी अपने क्षेत्र में विकास कार्यों को करवाने के लिए विधानसभा के भीतर बखूबी से अपनी अहम भूमिका अदा करेगी और सरकार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिससे जनता विरोधी सरकार को सबक सिखाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कर्मचारियों को पुराना एरियर का भुगतान किया। अब जो सरकार ने अपनी 10 गारंटी दी थी उन गारंटियों के बारे में सरकार क्या कर रही है इसके बारे में भी स्पष्ट करें। ओपीएस के बारे में अभी भी सरकार कर्मचारियों को गुमराह कर रही है और 15 सो रुपए प्रत्येक महिला तथा 300 यूनिट बिजली के अलावा भी अन्य जो वादे किया है उनको वह देने में आनाकानी कर रही है जो इनकी झूठ की मानसिकता दिखाती है।

इस अवसर पर विधायक अनिल शर्मा, पूर्ण चंद ठाकुर, इंद्र सिंह गांधी, प्रकाश राणा, राकेश जमवाल, दीप राज कपूर, दिलीप ठाकुर, विनोद कुमार, पूर्व विधायक हीरालाल, भाजपा नेता रजत ठाकुर, निहाल चंद शर्मा, मोहम्मद राजबली, अजय राणा, युवराज बौद्ध, प्रियव्रत शर्मा, सुमन ठाकुर सहित कई भाजपा दिग्गजों उपस्थित थे।

विधायक ने बड़ू के मैदान में किया डिपार्टमेन्टल क्रिकेट लीग का शुभारम्भ

हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने शनिवार को राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज बड़ू के मैदान में डिपार्टमेन्टल क्रिकेट लीग का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाडियों को बधाई दी एवं कहा कि खेलें व्यक्ति को स्वस्थ बनाए रखती हैं। इस लीग में सभी खिलाड़ी 35 साल से अधिक उम्र के हैं। जो नई पीढ़ी को भी खेलों के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। कहा कि खेलों में भाग लेना जरूरी है, हार जीत मायने नहीं रखती है। इस मौके पर उन्होंने खिलाडि?ीं को बधाई दी। लीग का पहला मैच एनाईटी इलेवन और पीडब्ल्यूड़ी इलेवन के बीच हुआ। जिसमें पीडब्ल्यूड़ी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर्स में 88 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनाईटी को टीम ने 11.4 ओवर्स में एक विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर ली। इस दौरान विधायक ने सभी विभागीय खिलाड़ियों को बेहतरीन आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान एडवोकेट अर्जुन भारद्वाज, प्रो.सोनी, डॉ रमेश चौहान, देवानंद सहित अन्य विभागों से अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद विधायक ने भोटा के एक निजी होटल में आयोजित 7 जैक राइफल के स्थापना दिवस समरोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान कर्नल मनकोटिया और सूबेदार मेजर धनपत राय साहित समस्त पूर्व सैनिकों ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान विधायक ने कहा कि सैन्य बलिदान सर्वोच्च बलिदान है। देश सेवा में सबसे बड़ा नाम सैनिकों का है। वह भी राजनीति में आकर देश सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा की सरहद पर तैनात सैनिकों की बदौलत ही हम सब अपने घर पर सुरक्षित हैं।

न्यूज फ्लैश

आर एस बाली ने प्रदेश लोक निर्माण विभाग नावार्ड के अंतर्गत परियोजनाओं का शिलान्यास व भूमि पूजन किया

नगरोटा वंगवा/विनोद श्रोत्रिय

हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के कैबिनेट मिनिस्टर रैंक पर्यटन विभाग एवं विधायक नगरोटा बगवां आर एस बाली ने प्रदेश लोक निर्माण विभाग नावार्ड के अंतर्गत परियोजनाओं का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। गांव कलेड मे कराली का बाग के लिए दरूं खड्ड पुल का भूमिपूजन किया जिसका निर्माण 365.20 लाखसे होना है, कवाडी निहुंडा पघर सडक का भूमि पूजन जिसका निर्माण 644.28 लाख लागत से होगा। गुग्लाहड नाले पर पुल व सडक का भूमि पूजन किया। जिसका निर्माण 557.03 लाख से होगा। जंद्राह ऐरला सडक का भूमि पूजन जिसका निर्माण कार्य 581.70की लागत से होगायह चारों परियोजनाएं नाबार्ड द्वारा स्वीकृत की गई हैं। इस अवसर पर अपने संबोधन में आर एस बाली ने कहा कि नगरोटा बगवां दोबारा इतिहास रचने के लिए तैयार है। विकास कार्यों में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी। जिससे नगरोटा बगवां प्रदेश में अपनी नई पहचान बना सके। उन्हीं लोगों से आग्रह किया कि वह अपने काम के लिए अधिकारियों के पास जाए। अगर अधिकारी काम ना करें तो वह उनके पास आए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवां में जो कल्पना उनके पिता जीएस बाली ने की थी उन्हें वह सकार करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। रोजगार व विकास के लिए नई परियोजनाएं लाई जाएंगी। नगरोटा बगवां में चंगर व पलम क्षेत्र दोनों का समान विकास किया जाएगा। बलधर मे आईटीआई को शुरू करने के लिए सब औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है।जल्द ही इसे शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा लोक निर्माण विभाग के एक्शन सुरेश वालिया एबीडीसी अध्यक्ष अंजना कुमारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान मान सिंहविभिन्न विभागों के आए अधिकारी व भारी मात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे है।

चालक-परिचालक महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हमीरपुर में हुई सम्पन्न

हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ

राजकीय, अर्द्धराजकीय चालक-परिचालक महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हमीरपुर में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, सभी जिलों के जिलाध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में राजकीय, अर्द्धराजकीय चालक-परिचालक महासंघ द्वारा एक मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौपने का निर्णय लिया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागु करने पर उनका धन्यावाद भी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न विभागों में चालकों के रिक्त पदों को भरने, चालकों की पदोन्नति तथा भत्ता विसंगति पर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राजकीय, अर्द्धराजकीय चालक-परिचालक महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अनिल गौत्तम ने की। इस अवसर पर राजकीय, अर्द्धराजकीय चालक-परिचालक महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अनिल गौतम ने कहा कि महासंघ द्वारा अप्रैल माह में एक मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौपा जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न विभागों में चालकों के रिक्त पदों को भरने, चालकों की पदोन्नति करके उन्हें सुपरवाईजर बनाने, सचिवालय की तरज पर चालकों को विशेष भत्ता देने आदि मागों पर चर्चा की गई।

डरोह पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षणार्थियों से हो रहे दुर्व्यवहार व प्रताड़ना को बंद करके की उठाई मांग

मंडी/खेमचंद शास्त्री

पुलिस पेंशनरज वेल्फेयर एसोसिएशन जिला मंडी ने पुलिस प्रशिक्षण केंद्र डरोह कांगड़ा में प्रशिक्षणार्थियों के साथ हो रहे कथित दुर्व्यवहार, छुट्टियों की एवज में ड्रील की सजा, अतिरिक्त परेड तथा दूसरी तरह की प्रताड़ना करने का आरोप लगाया है।

शनिवार को मंडी में प्रधान परमानंद शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई मासिक बैठक में डरोह में हो रहे इस घटनाक्रम पर रोष जताते हुए इसे बंद करने की मांग उठाई। यह भी मांग की कि प्रताड़ना व दुर्व्यवहार करने की बजाय प्रशिक्षण का स्तर बढ़ाया जाए। एसोसिएशन ने इस संबंध में पुलिस महानिदेशक से निवेदन किया है कि इसे लेकर उचित कार्रवाई की जाए। बैठक में प्रधान ने सभी पुलिस पेंशनरों से आग्रह किया कि जिनके भी पहचान पत्र तैयार होकर आ गए हैं वह अपने अपने पहचान पत्र एसोसिएशन के उपप्रधान नारायण सिंह कटोच से प्राप्त कर लें। साथ ही इस बैठक में 1 जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत हुए पेंशनरों ने सरकार के प्रति रोष जताया है कि इन्हें अभी तक भी रिवाइज पेंशन के मुफाद नहीं मिले हैं जिन्हें शीघ्र अति शीघ्र प्रदान किया जाए।

मुख्य संसदीय सचिव ने किया गांधी शिल्प बाजार व प्रदर्शनी का शुभारंभ

कुल्लू/श्याम कुल्वी

मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, पर्यटन, वन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय व हस्तशिल्प एवं हथकरघा बुनकर कल्याण समिति मनाली जिला कुल्लू के सयुंक्त तत्वधान में आयोजित गांधी शिल्प बाजार व प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। 18 मार्च 2023 तक चलने वाले इस शिल्प बाजार व प्रदर्शनी में देश भर के 15 राज्यों के हस्तशिल्प, हस्तकरघा, बांस का फर्नीचर, लकड़ी के खिलौने व अन्य उत्पाद 100 स्टालो पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रमीण आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिये वचनवद्ध है। आने वाले समय में प्रदेश सरकार के बजट में ग्रामीण आर्थिकी के सुदृढ़ीकरण व विकास के लिए अनेक योजनाएं आरम्भ की जायेगी। उन्होंने कहा कि गांधी शिल्प मेले के आयोजन से हस्तशिल्प व हथकरघा से जुड़े लोगों को अपने उत्पादो को प्रदर्शित व बिक्री के लिए मंच मिला हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला अपने हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों के लिए देश ही नही विदेश में भी जाना जाता है।

जिले की कुल्लू शाल को 2005 में जीआई टैग मिला है। कुल्लू टोपी व मफलर ने देश-विदेश में अपनी पहचान बनाई है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों के सरक्षण, सम्वर्धन के लिए अनेक योजनाएं व कार्यक्रम आरम्भ किये गए हैं। उन्होंने प्रदर्शनी में भाग ले रहे सभी कारीगरों को बधाई दी। सुन्दर सिंह ठाकुर ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। तथा हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई।

द हिल क्वीन हस्तशिल्प एवं हथकरघा बुनकर कल्याण समिति के अध्यक्ष दौलत सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि व अन्य का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, बरिष्ठ कांग्रेस नेता दौलत सिंह ठाकुर, पार्षद कुब्जा, भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के कुल्लू स्थित सहायक निदेशक हथकरघा संतोष आनंद व अन्य उपस्थित थे।

यूरनाथ पंचायत में कार्यशाला आयोजित

कुल्लू/श्याम कुल्वी

जिला लाहौल के केलांग समीप यूरनाथ ग्राम पंचायत में महिला ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के अवसर पर भारत सरकार के सूक्ष्मए लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा यूरनाथ पंचायत में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र केलंग की महा प्रबन्धक छिमें अंगमो ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंनें अपने सम्बोधन में कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं को प्रधान मंत्री रोजगार सृजन योजना व प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना की जानकारी दी। उन्होंनें महिलाओं से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह भी किया। महाप्रबन्धक छिमे अंगमों ने कार्यशाला में उपस्थित महिलाओं को अर्न्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएं भी दी। इस कार्यशाला में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय सोलन के सहायक निदेशक विक्रम चौहान ने स्थानीय महिलाओं को सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंनें सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों को स्थापित करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उद्यमता रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस अवसर पर डिजिटल पेमैन्ट व चैम्पियन पोर्टल और समाधान पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी। विक्रम चौहान ने कहा कि सूक्ष्म व लघु उद्योग स्थापित कर महिलाएं अपनी आर्थिकी को सुद्धढ़ बना सकती है। एमएसएमई के सेवानिवृत अधिकारी नानक चन्द ने जैम पोर्टल के बारे में महिलाओं को अवगत करवाया।

गांधी भवन में है लगेगा निशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर

मंडी/खेमचंद शास्त्री

गांधी भवन मैनेजमेंट कमेटी 15 मार्च को स्वामी पूणानंद मेमोरियल अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर गांधी भवन में आयोजित करेगी। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लोगो की निशुल्क नेत्र जांच करेगी।यह जानकारी गांधी भवन मैनेजमेंट कमेटी की अध्यक्ष कृष्णा टंडन ने दी। उन्होंने कहा कि गांधी भवन मैनेजमेंट कमेटी समय-समय पर लोगों की डिमांड पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करती रहती है जिसके अंतर्गत यह निशुल्क नेत्र जांच शिविर भी आयोजित किया जा रहा है।

सड़कों पर उतरी भाजपा कांग्रेस सरकार पर बोला हमला:संस्थानों को डिनोटिफाई करने पर जताया विरोध

सोलन/मनीष

शनिवार को सोलन शहर के मॉल रोड़ पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से ओल्ड डीसी आफिस तक भाजपा द्वारा जन आक्रोश रैली निकाली गई, जिसमे भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से मौजूद रहेइस दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा खोले गए संस्थानों को डिनोटिफाइ करने को लेकर भाजपा नेताओं ने रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन जाहिर किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वेष की राजनीति से कार्य कर रही है पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा जो संस्थान जनता के हित में खोले गए थे उन्ही संस्थानो को बंद करके जनता के हितों के साथ कांग्रेस सरकार ने खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि जन प्रहरी योजना की जो पेंशन थी इसको कांग्रेस ने बंद किया है, उस समय इमरजेंसी में जिन लोगों के साथ गलत व्यवहार हुआ था जिन को जेल जाना पड़ा था उनके लिए पेंशन का प्रावधान किया गया था लेकिन उसको बन्द करके कांग्रेस ने बताया है कि वही नीति दोहराई है कि वह आज भी इमरजेंसी को सही मानते हैं आज उन्होंने यह करके दिखाया है। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने सत्ता में आते ही 10 गारंटी देने का वादा किया था लेकिन अभी तक एक भी गारंटी सरकार पुरी नहीं कर पाई है लेकिन जो भाजपा ने अपने कार्यकाल में विकास कार्य किए थे उन विकास कार्यों को डिनोटिफाई करने का काम इन दिनों प्रदेश की कांग्रेस सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जनता का रोष सडकों पर निकला है और इसी को चलते भाजपा ने आज आक्रोश रैली निकाली है।

बाल संरक्षण व बच्चों के अधिकार पर कार्यशाला आयोजित

कुल्लू/श्याम कुल्वी

जहालमा पंचायत मे जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा, मिशन वात्सल्य, किशोर न्याय अधिनियम 2021, बालको के अधिकार, व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण व बच्चों के अधिकार पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्राम पंचायत प्रधान जाहलमा कृष्णा देवी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के अधिकारियों ने बाल अधिकारों व किशोरावस्था में नशे व अन्य कुरीतियों से कैसे बचा जाए इस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि समाज का हर वर्ग अपनी जिम्मेदारी अच्छे से समझे तो बाल अपराध व किशोरावस्था में उन्हें नशे जैसी कुरीतियों व साइबर क्राइम से बचा जा सकता है और एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण किया जा सकता। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी डा हीरा नन्द ने कहा कि वर्तमान में भले ही यहां स्ट्रीट चिल्ड्रन एवं चाइल्ड लेव की कोई समस्या नहीं है परन्तु हमें भविष्य में भी इन समस्याओं के लिए तैयार रहना चाहिए। कार्यशाला में पोक्सो एक्ट , बाल अधिकार, बाल श्रम, बाल विवाह व महिलाओं के उत्पीड? व घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा व साइबर क्राइम पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ हीरानन्द ने यह भी कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल अधिकार , चाइल्ड लेबर, बाल विवाह व घरेलू हिंसा सहित सभी विषयों पर जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि घटना के घटने से पहले लोगो को सचेत करना है और संयुक्त रूम से जिला को बाल मजदूरी से मुक्त कराना है उन्होंने कहा कि इसी तरह के कार्यशाला का आयोजन लाहौल के अन्य पंचायतों में भी करवाया जाएगा।

ताकि लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सके । बाल कल्याण समिति अध्यक्ष कुन्दन शर्मा ने बाल कल्याण समिति के कार्यप्रणाली, बच्चों के अधिकार व संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को बाल संस्थानों के भेजने की प्रक्रिया व दत्तक गृहण प्रकिया संबंधी मौजूद ग्रामीणों को जानकारी दी।

पांवटा के अंबोया की 300 बीघा भूमि में बनेगा नया औद्योगिक क्षेत्र : हर्षवर्धन चौहान

नाहन/एसपी जैरथ

सिरमौर जिला की पांवटा विधानसभा के अन्तर्गत आंज-भोज क्षेत्र के अंबोया में 300 बीघा भूमि पर एक नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इसके लिए हि.प्र. पावर कारपोरेशन लि. से 300 बीघा भूमि उद्योग विभाग के नाम हस्तांतरित की जाएगी। उद्योग, संसदीय कार्य एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने यह जानकारी आज पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय महाविद्यालय भरली आंज-भोज के त्रैवार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि अंबोया में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से बड़ी संख्या में स्थानीय पढ़े.लिखे नौजवानों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनका उददेश्य हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति प्रदान कर युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलना है। उद्योग मंत्री ने कहा कि इस कालेज की घोषणा पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने की थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने गांव-गांव में स्कूल खोले जिससे गांव के बच्चों को पढ़ाई करने का अवसर मिला और आज देशभर में शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल अग्रणी स्थान पर है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि लड़कियां समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति पर दिखाई देती हैं, उन्हें पढ? का अनुकूल माहौल मिला है। वह स्वयं एक साधारण परिवार से आते हैं और ग्रामीण परिवेश को भलीभांति समझते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सेवा की भावना से काम कर रही है। उद्योग मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन दिखाई देगा, हमारा उद्देश्य प्रदेश को विकास के क्षेत्र में आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में राजनीतिक स्तर में गिरावट आई है जो समाज के लिए हितकर नहीं है। भाजपा की सरकार ने चुनावी वर्ष में घोषणा करते हुए अनेक संस्थान खोल दिए। नए संस्थान खोलना कोई विकास का प्रतीक नहीं है बल्कि संस्थानों में स्टाफ की नियुक्ति करना और अधोसंरचना विकसित करना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि 250 ऐसे स्कूल हैं जहां एक भी विद्यार्थी नहीं है, इन संस्थानों को निरंतर रखना कितना उचित है। हर्षवर्धन चौहान ने शिक्षकों का आहवान किया कि वे कड़ी मेहनत करके विद्यार्थियों के अच्छे भविष्य के निर्माण में सहयोग करें ताकि एक सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। आने वाले समय में प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

5 साल में एक लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा और एक साल में 20 हजार युवाओं को रोजगार प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमीरपुर एस.एस.सी. में पेपर बेचा गया जिससे पात्र व गरीब युवाओं के साथ बड़ा अन्याय हुआ है, ऐसे संस्था को जारी रखना कतई जरूरी नहीं है जो कि भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। उद्योग मंत्री ने कहा कि सारा सिरमौर उनका घर है और जिला के लोगों की सेवा के लिए वह सैदव तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। उद्योग मंत्री ने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक व अन्य कार्यकलाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कॉलेज के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी वितरित किए। उद्योग मंत्री ने कॉलेज के लिए भूमि दान करने वाले जोगीराम, बलबीर, रमेश चंद, सुनील, तेलू राम, मदन सिंह, संतराम, खत्रीराम, रणजीत सिंह, रमेश चौहान, रूप सिंह, कल्याण सिंह, मुकेश, खजान सिंह, ओम प्रकाश, पूर्ण सिंह दलीप सिंह को सम्मानित किया। भरली कॉलेज तक पहुंचने से पहले रास्ते में विभिन्न गांवों में स्थानीय लोगों ने उद्योग मंत्री का भव्य स्वागत किया था अपनी समस्याएं भी उनके समक्ष रखीं। पूर्व विधायक किरनेश जंग ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह कॉलेज पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की देन है। इस कॉलेज के लिए पांच लाख रुपये की राशि कांग्रेस सरकार ने स्वीकृत की थी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विधायक के रूप में उन्होंने अनेक स्कूलों को अपग्रेड किया, सडकों का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु के मंत्रीमंडल में सभी स्वच्छ छवि के नेता हैं।

सुक्खू सरकार लोकप्रिय सरकार नहीं लॉक प्रिय सरकार है: जय राम ठाकुर

बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पूरे देश में विकास कार्य आगे बढ़ रहे है। वहीं दूसरी ओर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा के नेतृत्व में सभी राज्यों में भाजपा जीत रही है। हिमाचल में अगर उनके यहां पर कुछ हुआ तो भाजपा भी चुप नहीं बैठेगी। भाजपा को भी सरकार बनाने के लिए पांच वर्ष का इंतजार नहीं करना पडेगा। भाजपा इससे पहले हिमाचल में सरकार बना लेगी। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने वर्तमान सुक्खू सरकार को लोकप्रिय सरकार नहीं लाक सरकार अर्थात ताला लगाने वाली सरकार कहा। वह बिलासपुर शहर के मेन मार्केट में भाजपा की जन आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सुक्खू सरकार द्वारा राज्य के करीब सात सौ अधिक संस्थानों को बंद करना प्रदेश की जनता का दुर्भाग्य है। भाजपा इस लड़ाई को लड ? के लिए आम जनता के बीच जाएंगे। इसके अलावा विधानसभा सत्र में भी जोर शोर से इस मामले को उठाया जाएगा उच्च न्यायालय का भी भाजपा जनता को न्याय दिलाने के प्रति खटखटाया जाएगा दरवाजा अगर आवश्यकता पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट भी जाएंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को अपनी पार्टी के अध्यक्षों की बात मान लेनी चाहिए । पहले कांग्रेस की वर्तमान पार्टी अध्यक्ष व पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप राठौर ने भी आर्थिक बदहाली का रोना न रोने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने सभी संस्थानों के लिए कैबिनेट की अधिसूचना व बजट मंजूरी के साथ खोला था। लेकिन प्रदेश कांग्रेस सरकार ने डिनोटिफाइड कर दिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ सभा स्थल से लेकर गुरद्धारा चैक तक रैली में भी भाग लिया। इस रैली को विधायक त्रिलोक जम्वाल, विधायक जेआर कटवाल, विधायक रणधीर शर्मा व पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने भी संबोधित किया।

14 मार्च को बाबा की साधना स्थली दियोटसिद्ध में आरंभ हो रहे हैं, चैत्र माह में धार्मिक मेले

हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस राजेंद्र जार ने आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति ने कहा है कि हमीरपुर जिला में स्थित विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ बाबा बालक नाथ से संबंधित प्रति वर्ष चैत्र माह में पूरे एक महीने तक आयोजित किए जाने वाले धार्मिक मेले अगले 2 दिनो के बाद 14 मार्च को बाबा की साधना स्थली दियोटसिद्ध में आरंभ हो रहे हैं। इन मेलों का आयोजन स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ मुख्य तौर पर बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट भी करता है। मलों की शुरूआत से पहले प्रशासन द्वारा इनके सुचारू प्रबंधन के बारे में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, इसके ठीक विपरीत इन मेलों के दौरान बहुत सी असुविधाओं से श्रद्धालुओं को दो चार होना पडता है। भक्तों को मेलों के दौरान शौचालयों की कमी व गंदगी का सामना करना पड़ता है।बाहरी राज्यों से आए श्रद्धालुओं को रहने व लंगर की सुचारू व्यवस्था उपलब्ध ना होने के कारण मुश्किलों का सामना करना पडता है। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं को प्रशासन की लचर कार्य प्रणाली का शिकार होना पडता है। जिला प्रशासन सहित बाबा बालक नाथ ट्रस्ट को मेलों के दौरान श्रद्धालुओं को पेश आने वाली दिक्कतों के निवारण का प्रयास करने चाहिए। प्रशासन इन कठिनाइयों को दूर करने के लिए कुछ कारगर कदम अवश्य उठाता है परंतु इतनी भीड़ को आशा के अनुरूप सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। सबसे बड़ी समस्या तो वाहनों के लिए ट्रैफिक कंट्रोल की है जिसके लिए हर वर्ष पुलिस प्रशासन फंसा हुआ नजर आता है। इस बार शायद पिछले अनुभव से पुलिस प्रशासन ने कुछ सीखा होगा। स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस तंत्र से अनुरोध है कि इन्हें आने वाले मेलों में इन कमियों को दूर करने के लिए अपना कार्यक्षमता दिखाएं ।

राजेंद्र जारने सुखू सरकार से भी अनुरोध किया है कि ही बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट बोर्ड का शीघ्र गठन करें, ताकि इस इकाई के माध्यम से ट्रस्ट की प्रशासनिक क्षमता को बढ़ाया जा सके। जार ने सीएम से यह भी आग्रह किया है कि प्रस्तावित शाहतलाई दियोटसिद्ध लाइव केबल कार योजना को शीघ्र अमलीजाम पहनाया जाए।

न्यूज फ्लैश

गरीब व इच्छुक लोगों को मुफ्त कानूनी परामर्श उपलब्ध करवाएगा दिन दुखिया सहायक ट्रस्ट

मंडी/खेमचंद शास्त्री

दीन दुखिया सहायक ट्रस्ट मंडी गरीब व इच्छुक लोगों को निशुल्क कानूनी परामर्श उपलब्ध करवाएगा। ट्रस्ट के प्रबंधक सरदार गुरबख्श ने बताया कि समाज के कमजोर,असहाय व अक्षम लोगो की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है। हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के ख्याति प्राप्त इंजीनियर वाईएन मल्होत्रा जी लक्कड़ साहब के नाम से ख्यात ने वर्ष 1969 में

दिन दुखिया सहायक ट्रस्ट की स्थापना की थी जिसमें उन्होंने मंडी के सभी प्रबुद्ध जनों को इस ट्रस्ट में जोड़ा और सामाजिक कार्यों में अपनी सेवाओं से विशिष्ट पहचान बनाई है। इस ट्रस्ट की अगली योजना गरीब और इच्छुक लोगों को मुफ्त कानूनी परामर्श देने को लेकर है।जिसमें कई सेवानिवृत्त जज के अलावा एडवोकेट्स स्वेच्छा से अपना समय निकाल कर प्रतिदिन सोमवार से शनिवार ट्रस्ट के कार्यालय में बैठकर प्रातः11 बजे से 1 दिन के बीच में उपलब्ध रहेंगे।कोई भी व्यक्ति अपनी कानूनी समस्या को लेकर यहां आकर के आवश्यक कानूनी परामर्श ले सकता है। इस ट्रस्ट का कार्यालय हिमाचल प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के साथ गांधी भवन बिल्डिंग के धरातल तल पर है और इसके प्रबंधक सरदार गुरबख्श सिंह कार्यालय अवधि में यहां उपलब्ध रहते हैं जिनसे उनके मोबाइल नंबर 85808-58566पर भी संपर्क किया जा सकता है। स्कूलों में अगला शैक्षणिक सत्र अप्रैल में प्रारंभ होने जा रहा है अब ट्रस्ट की योजना सरकारी स्कूल में अध्ययनरत गरीब व आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के लिए बनाई गई है। और शीघ्र ही नगर के प्रत्येक सरकारी स्कूल में ट्रस्ट के सदस्य जा कर वहां गरीब बच्चों की पहचान कर पढ़ाई में उनकी मूलभूत समस्याओं को देखते हुए आवश्यक सुविधाएं इन गरीब बच्चों को उपलब्ध कराएंगे ताकि वर्ष भर बिना किसी व्यवधान के वह अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें।

बल्ह की जमीन एयरपोर्ट के लिए उपयुक्त नहीं :जोगिंदर वालिया

मंडी/खेमचंद शास्त्री

बल्ह बचाओ किसान संघर्ष समिति ने शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि हाल ही में सामाजिक मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर यह बात स्पष्ट हो गई कि समिति पिछले 5 बर्षो से पूर्व जयराम सरकार को बार-बार आग्रह करने के बाबजूद की वह अपने ड्रीम एयरपोर्ट को गैर उपजाऊ जमीन पर बनाए। अब रिपोर्ट के अनुसार हवाई परियोजना के लिए हिमाचल प्रदेश के मंडी/हमीरपुर के बीच वैकल्पिक भूमि जाहू को उपयुक्त माना गया है जो की तीन जिलो मंडी ,बिलासपुर और हमीरपुर को जोड़ता है।वहां पर ज्यादातर भूमि बंजर और कम उपजाऊ है जिसमें 80 प्रतिशत भूमि सरकारी व 20 प्रतिशत भूमि निजी है। बल्ह की तुलना में भूमि अधिग्रहण से बहुत कम लोगो का बिस्थापन होगा, इसलिए एसआर एशिया टीम ने सुझाव दिया है कि जाहू में तकनिकी सर्वे के आधार पर प्रस्ताबित हवाई अड्डे को वैकल्पिक स्थान जाहू में बनाया जाये। बल्ह बचाओ किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष, जोगिन्दर वालिया ने कहा कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ने प्रस्तावित एयरपोर्ट की रिपोर्ट को आधा अधुरा बता कर उसे 31 मार्च 2023 तक दुरुस्त करने को कहा है, समिति का कहना है कि जब अभी तक डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट आधी अधूरी थी तो सामाजिक मूल्यांकन का कोई औचित्य नहीं है और आम जनता का मजाक बनाया जा रहा है। वालियष ने कहा कि हाल ही में सरकार ने धर्मशाला के प्रस्ताबित एयरपोर्ट के 15 किलोमीटर के दायरे में अब कोई नया निर्माण बिना एअरपोर्ट ऑथोरिटी की मंजूरी से नहीं किया जा सकता । इसका मतलब साफ है की बल्ह के दायरे में भी मंडी ब सुंदरनगर तक आम लोगो को भवन निर्माण में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। बल्ह बचाओ किसान संघर्ष समिति मुख्यमंत्री सुखविंदर ठाकु से आग्रह किया हैं कि हवाई अड्डे को गैर उपजाऊ जमीन पर बनाया जाया जाया और बल्ह की उपजाऊ जमीन को हर हालत में बचाया जा सके। बाईट-जोगिंद्र वालिया,अध्यक्ष बल्ह बचाओ किसान संघर्ष समिति।

आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

ऊना/राजन पुरी

थाना बंगाणा के तहत पड़ते गांव धंरू में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट को लेकर क्रॉस केस दर्ज हुआ है। मारपीट में तीन लोगों को चोटें आई है जिनका उपचार स्थानीय अस्पताल में करवाया गया। वहीं घटना के संबंध में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पहले पक्ष से राम कुमार निवासी गांव धंरू ने आरोप लगाया है। शुक्रवार को अपनी पत्नी के साथ घर पर मौजूद था। तभी राजेश कुमार और उसकी पत्नी मीना कुमारी ने उसके घर पर आकर गाली-गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं दोनों ने मेरी पत्नी से अशखेल हरकतें भी की। मारपीट के दौरान मेरी पत्नी सरोज शर्मा की कानों की बालियां भी खोल कर ले गए।

मारपीट में दोनों को चोटें आई है। वहीं दूसरे पक्ष से मीना कुमारी पत्नी राजेश कुमार ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को राम कुमार व सरोज कुमारी ने इसके घर पर आकर गाली-गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान मीना कुमार का सोने का लॉकेट व चांदी की चेन भी खोल कर ले गए।

हजारों श्रद्धालुओं ने किए मां चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन

ऊना/राजन पुरी

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी के दरबार में शनिवार को बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया। बतां दे कि शनिवार को शाम तक 10 हजार श्रद्धालु ही मां चिंतपूर्णी के दरबार में शाम तक मां चिंतपूर्णी का दीदार कर पाएंगे।

ऐसे में मंदिर क्षेत्र के पास खूब रौनक रही। सुबह से ही भक्तों की आवाजाही माता रानी के दर्शनों के लिए लगी रही। मंदिर में बाहरी राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने मां की महिमा का गुणगान ढोल नगाड़ो से करते हुए मां दर्शनों की पहुंचे। भक्तों की संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने पहले से पुख्ता इंतजार किए थे, ताकि कोई अव्यवस्था न बनें। मंदिर अधिकारी बलवंत पटियाल व उनकी टीम द्वारा प्रशासन व्यवस्था पर पूरी चौकसी नजर बनाए है ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत ना आए। उन्होंने बताया कि हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाते हुए मां के दर्शन किए है। वहीं भक्तों की सुविधा के लिए हर तरह के इंतजार किए गए हैं।

उद्योग मंत्री ने श्याम लाल पुंडीर द्वारा संपादित देश की आवाज पुस्तक का किया विमोचन

नाहन/एसपी जैरथ

हिमाचल के उद्योग, संसदीय कार्य एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भरली कॉलेज के वार्षिक समारोह में श्याम लाल पुंडीर द्वारा संपादित देश की आवाज शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया।

उद्योग मंत्री ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से पाठकों को हिमाचल के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों की अच्छी और महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल होंगी। इस पुस्तक के संपादक श्याम लाल पुंडीर सिरमौर जिला के पांवटा के रहने वाले हैं। इस पुस्तक में उन्होंने देव भूमि हिमाचल के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के इतिहास का जिक्र किया है। विमोचन के उपरांत पुस्तक समारोह में भी वितरित की गई।

समसामयिकी विषयों पर सेमिनार में छात्राओं ने रखे विचार

ऊना/राजन पुरी

राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शनिवार समसामयिकी विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की। इस दौरान सेमिनार के विषय नई शिक्षा नीति, एससी/एसटी अधिनियम व सिडिशन लॉ इन इंडिया पर चचा की गई। इस अवसर पर फाइनल ईयर की छात्रा अंशिता शर्मा ने नई शिक्षा नीति 2020, करुणा शर्मा ने सिडिशन लॉ इन इंडिया व खुशी धीमान ने युद्ध अपराध पर अपने विचार सांझा किए।

वर्तमान की अनजानी सरकार को जनता की कोई फिक्र नही: धूमल

ऊना/राजन पुरी

भारतीय जनता पार्टी की जन आक्रोश रैली का आयोजन शनिवार को जिला मुख्यालय के एमसी पार्क के बाहर किया गया। प्रदेश सरकार के खिलाफ की गई। इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की और जमकर प्रदेश सरकार के खिलाफ गरजे। इस मौके पर प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए धूमल ने कहा कि महज 3 महीने के कार्यकाल में जनता सरकार के खिलाफ सडकों पर उतर आई है, तो समझा जा सकता है कि मौजूदा सरकार का कार्यकाल किस तरह का है। धूमल ने कहा कि जब भी नई सरकार बनती है तो जनता को उम्मीद रहती है कि नई सरकार जनता को कुछ नया देगी, लेकिन यह अजीबोगरीब सरकार है जिसने आते ही पूर्व सरकार के जनता को दिए गए संस्थान और तोहफे वापस लेने का काम किया है। उन्होंने कहा कि साल 2022 में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले सभी संस्थानों को डिनोटिफाई किया गया है, धूमल ने सवाल किया कि क्या वर्तमान सरकार जनता द्वारा चुनी गई किसी सरकार के आखरी साल को बिल्कुल भी मान्यता नहीं देती है। प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि पूर्व सरकार के समय जितने भी संस्थान खोले गए वह केवल मात्र बीजेपी के लिए नहीं खोले थे वह जनता की सुविधाओं के लिए खोले गए थे, लेकिन वर्तमान सरकार ऐसी अनजानी सरकार है जिसे प्रदेश की जनता की कोई फिक्र ही नहीं है। धूमल ने कांग्रेस द्वारा दी गई गारंटी को लेकर कांग्रेस को जमकर घेरा, उन्होंने कहा कि 5 लाख रोजगार देने की बात करने वाली कांग्रेस बताए कि पहली कैबिनेट में कितने लोगों को रोजगार दिया गया, पहली ही कैबिनेट में महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने का ऐलान किया गया था, कांग्रेस बताए कि कितनी महिलाओं को यह राशि दी गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के लोगों ने चुनाव के समय महिलाओं के खाते में 1500 रुपए डालकर उन्हें गुमराह करने का प्रयास किया, केवल मात्र अपना प्रचार तंत्र मजबूत किया लेकिन चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस अपने वायदे और गारंटी पूरी तरह भूल चुकी है। तुमने कांग्रेस द्वारा दो रुपए किलो गोबर और 100 रुपये किलो दूध खरीदने के वायदे पर भी जमकर प्रहार किया। धूमल ने कहा कि भाजपा नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा डिनोटिफाई किए गए संस्थानों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया है वह सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर इस आंदोलन के भागीदार बने और सरकार को उसकी गलत नीतियों के प्रति सचेत करें।

अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अब 20 मार्च तक

मंडी/खेमचंद शास्त्री

अग्निवीर भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन 20 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय मंडी के भर्ती निदेशक एएस नाथ ने दी।उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में एक बड़ा बदलाव किया गया है। अब पहले चरण में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी व दूसरे चरण में ऑनलाइन परीक्षा में मेरिट में चयनित अभ्यर्थियों को भर्ती रैली में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन उम्मीदवारों का जन्म 01 अक्टूबर 2002 और 01 अप्रैल 2006 के बीच हुआ है, वे भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सभी उम्मीदवारों को वेबसाइट पर आवेदन करना होगा।उम्मीदवारों की सुविधा के लिए वेबसाइट में वीडियो लिंक हैं जिन्हें उम्मीदवार बदली हुई प्रक्रिया, पंजीकरण कैसे करें और ऑनलाइन परीक्षा में कैसे उपस्थित हों, समझने के लिए देख सकते हैं। वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रैक्टिस टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए शुल्क के रूप में उम्मीदवारों को 250 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए साइबर कैफे की सेवाओं का उपयोग करने वाले उम्मीदवार अपने व्यक्तिगत और वित्तीय डेटा की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार आवेदन करते समय अपनी पसंद का केंद्र चुन सकते हैं। उन्हें केंद्र आवंटित करते समय उम्मीदवार की पसंद को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे, हालांकि सभी को अपनी पसंद के केंद्र नहीं मिल सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार एनसीसी सी सर्टिफिकेट धारकों को भी ऑनलाइन परीक्षा देनी होगी और उन्हें परीक्षा में बोनस अंक दिए जाएंगे। उम्मीदवारों को उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि वह आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें की उनका आधार डाटा उनके मैट्रिक प्रमाण पत्र के डाटा के साथ मेल खाता हो, जिसके बिना उन्हें पंजीकरण प्रक्रिया में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, क्लर्क/स्टोरकीपर टेक्निकल, ट्रेड्समैन और टेक्निकल के लिए ऑनलाइन परीक्षा 27 अप्रैल से 04 मई 2023 के बीच विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

सब्जी मंडी में अहमदाबाद के टमाटर की धूम, प्रति क्रेट 600 रूपए तक बिका

सोलन/मनीष

शनिवार को सब्जी मंडी सोलन में अहमदाबाद के टमाटर की धूम देखने को मिली है कारण यह है कि सब्जी मंडी सोलन में टमाटर खत्म हो चुका था ऐसे में सभी दुकानदारों को टमाटर का इंतजार था, अहमदाबाद से टमाटर लेकर सब्जी मंडी में पहुंचा ट्रक हाथों-हाथ बिक गया जिसके प्रति क्रेट 550 रूपए सौ से 600 रूपए के दाम मिले हैं वहीं दूसरी तरफ शिमला मिर्च के दामों में भी तेजी आई है शिमला मिर्च जो पिछले सप्ताह से 30 से 40 रूपए प्रति किलो थी आज वहीं 58 से 60 रूपए किलो बिकी है। सब्जी मंडी में शनिवार को पहाड़ी गोभी के किसान खुश नजर आए हैं क्योंकि आज गोभी के दाम 12 से 18 रूपए प्रति किलो किसानों को मिले है वहीं दूसरी तरफ आज ब्रोकली भी 10 रूपए12 से ऊपर उठकर 18 रूपए किलो तक बिकी है। सब्जी मंडी सोलन के आढ़ती हेमंत साहनी न बताया कि आज किसानों को उनके सब्जियों के दाम बेहतर मिले हैं और आने वाले समय में भी यह दाम बढ़ सकते हैं उन्होंने कहा कि आज टमाटर सब्जी मंडी सोलन में खत्म था ऐसे में अहमदाबाद से आया ट्रक हाथों-हाथ बिक गया और प्रति क्रेट 550 रूपए 600 रूपए तक टमाटर आज बिका है। वहीं दूसरी तरफ शिमला मिर्च के दामों में भी आज तेजी आई है शिमला मिर्च जो एक सप्ताह पहले 30 से 40 रूपए किलो बिक रही थी वही आज 60 रूपए किलो तक बिकी है। वहीं आज पहाड़ी गोभी के दाम किसानों को बेहतर मिले हैं जो कि 18 रूपए किलो बिकी है, बाहरी राज्यों से आने वाली गोभी इन दिनों सब्जी मंडी सोलन में नहीं पहुंच रही है और ऐसे में जो गोभी सब्जी मंडी सोलन में सोलन के आसपास के क्षेत्र में आ रहे हैं वह बेहतर क्वालिटी की है जिसे दाम भी बढ़िया मिलने लगे हैं वहीं दूसरी तरफ आज ब्रोकली के दाम भी किसानों को प्रति किलो 18 रूपए मिले हैं ऐसे में कहा जा सकता है कि आज किसानों का दिन था और उन्हें बेहतर दाम उनकी सब्जियों के मिले हैं। सब्जी मंडी सोलन में आढ़तियों का मानना है कि आने वाले दिनों में किसानों सब्जियों के दाम और. बेहतर किसानों को मिल सकते हैं।

बता दें कि शनिवार को सब्जी मंडी सोलन में टमाटर प्रति क्रेट 550 से 600 रूपए, शिमला मिर्च 58 से 60 रूपए प्रति किलो, पहाड़ी गोभी 12 से रूपए18 प्रति किलो, ब्रोकली रूपए18 किलो, नासिक का प्याज रूपए16 किलो, इंदौर का प्याज रूपए10 किलो, मशरूम रूपए130 किलो, बैंगन रूपए28 किलो, करेला रूपए80 किलो, भिंडी 65 किलो, बंद गोभी 4 किलो, फ्रासबिन रूपए50 किलो, गाजर रूपए20 किलो, लहसुन रूपए 80 किलो, आलू रूपए 6.50 किलो के हिसाब से सोलन में आज बिका हैं।

भटोली बेरियर के समीप बाईक सवार से एक युवक से चिट्टा बरामद

ऊना/राजन पुरी

थाना मैहतपुर के तहत भटोली टोल बेरियर के समीप पुलिस ने एक युवक को 7.48 ग्राम चिट्टे संग काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पुनीत शर्मा निवासी भटोली के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम को मैहतपुर पुलिस की टीम भटोली क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने भटोली टोल बेरियर के समीप एक बाईक सवार युवक पुनीत शर्मा को तलाशी के लिए रोका, जिसके पास से पुलिस ने 7.48 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

न्यूज फ्लैश

वीमेन्स टी20 चैम्पियनशिप के दौरान वी20फैन फेस्ट में हिस्सा लें और हर मैच में आईफोन जीतने का मौका पाएं

गुरुग्राम। जाना- माना दूरसंचार सेवा प्रदाता वी भारत में वीमेन्स क्रिकेट टी20 चैम्पियनशिप के दौरान रोचक प्रतियोगिता का संचालन कर रहा है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को हर मैच के लिए एक आईफोन और कई आकर्षक उपहार जीतने का मौका मिलेगा। महिला क्रिकेट के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वी प्रतिभागियों को वी 20 फैन फेस्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। वी के उपभोक्ता इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर ढेरों उपहार जीत सकते हैं। वी 20 फैन फेस्ट में हिस्सा लेकर यूजर हर मैच के लिए एक आईफोन जीत सकते हैं और साथ ही कई अन्य आकर्षक उपहार जैसे - टैक गैजेट्स जैसे गो प्रोस, गिम्बल्स, ब्लूटुथ हैडफोन, ब्लूटुथ स्पीकर, पोर्टेबल स्टोरेज, ईयर पॉड्स और गिफ्ट वाउचर जीतने का मौका पा सकते हैं। वी20 फैन फेस्ट प्रतियोगिता के दौरान 50 भाग्यशाली विजेताओं को टेक गैजेट्स जीतने का मौका मिलेगा, वहीं 22 विजेता आईफोन जीत सकेंगे। प्रतियोगिता 26 मार्च 2023 तक वैद्य होगी।

क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की

ग्रेटर नोएडा। भारत के पहले और विश्वसनीय ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की है। इसमें क्रोमा के उपभोक्ता घरेलु उत्पादों की विशाल रेन्ज पर कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं। इस साल गर्मियां जल्दी शुरू होने की उम्मीद है, तपती गर्मी से निपटने के लिए घरों को तैयार करने करने का अवसर इस समर सेल में मिल रहा है। क्रोमा के समर सेल में एयर कंडीशनर्स, रूम कूलर्स, रेफ्रिजरेटर्स और कई उत्पादों पर 45% तक की भारी छूट पायी जा सकती है। क्रोमा में एयर कंडीशनर्स की विशाल श्रेणी प्रस्तुत की गयी है। 350 से ज्यादा एसी, 450 से ज्यादा रेफ्रिजरेटर्स में से उपभोक्ता अपनी पसंद और जरूरत के मुताबिक उत्पाद चुन सकते हैं, साथ ही एक्सचेंज और अपग्रेड लाभ, कैशबैक ऑफर्स और 18 महीनों तक के ईएमआई के विकल्प भी पाए जा सकते हैं। क्रोमा में स्प्लिट एसी की कीमतें सिर्फ 27,990 रुपयों से आगे, रूम कूलर्स की कीमतें सिर्फ 5,990 रुपयों से आगे और क्रोमा फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर्स की कीमतें सिर्फ 21,990 रुपयों से आगे हैं। चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के सभी उत्पादों को क्रोमा के समर सेल में शामिल किया गया है। पुराने, छोटे रेफ्रिजरेटर को अपग्रेड करने के लिए बड़ा रेफ्रिजरेटर खरीदना चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए साइड-बाय-साइड 630 लीटर के कन्वर्टिबल रेफ्रिजरेटर्स भी यहां हैं जिनकी कीमतें सिर्फ 64,990 रुपयों से आगे हैं। अपनी जरूरतों के मुताबिक सही उत्पाद चुनने के लिए उपभोक्ता क्रोमा के कर्मचारियों से विशेष सलाह भी ले सकते हैं। इतनाही नहीं, क्रोमा के समर सेल में ज्यूसर मिक्सर ग्राइंडर, फैन और दूसरे उपकरणों पर भी इस समर सेल में अतुलनीय ऑफर्स दी जा रही हैं। गर्मियों से राहत पाने के लिए उपभोक्ताओं को सबसे बेहतरीन डील्स और आधुनिकतम प्रौद्योगिकी के लाभ दिलाने के लिए क्रोमा ने कोई भी कसर नहीं छोड़ी हैं।

सीएम शिवराज के जाते ही गोवर्धन हुआ जाम बाहरी वाहनों के चलते लगा जाम श्रद्धालु परेशान

मथुरा। माननीय एनजीटी न्यायालय द्वारा गोवर्धन सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित करते हुए बाहरी वाहनों को, एम्बुलेंस एवं स्थानीय लोगों को जारी पास अथवा आधार कार्ड के जरिए प्रवेश को छोड़कर, पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था लेकिन इसके बावजूद अनवरत रूप से उक्त आदेशों की परवाह न कर बाहरी वाहनों को गोवर्धन के अंदर प्रवेश कराया जाता रहता है जिस कारण अंदर कस्बे में भारी जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं, जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात्रि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन के बाद एनजीटी के आदेशों का ही हवाला देकर शनिवार सुबह तक वाहनों को कस्बे में अंदर प्रवेश से रोक दिया गया था लेकिन मुख्यमंत्री की रवानगी के बाद गोवर्धन में प्रमुख प्रवेश मार्ग बस स्टैंड स्थित एकता तिराहा, डीग अड्डा, सौंख अड्डा तिराहा व अन्य जगहों पर स्थित पुलिस बैरियर से बाहरी वाहनों को अंदर प्रवेश करा दिए जाने से जाम के हालात रहे। वहीं, सौंख अड्डा से लेकर दानघाटी मंदिर व जतीपुरा मोड़ तक वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन बेतरतीब तरीके से सड़क पर ही पार्क किए जाने से भयंकर जाम रहा। इस दौरान जाम से छुटकारा दिलाने हेतु तैनात पुलिसकर्मी दानघाटी मन्दिर व थाने के सामने जूझते रहे। बाहर से आने वाले तमाम श्रद्धालु अपने वाहन पार्किंग में खड़ा करने के बजाय सीधा प्रमुख मंदिरों व होटल-गेस्टहाउसों तक ले जाने हेतु तैनात पुलिसकर्मियों से जिद करते हैं।

विज के जनता दरबार में पहुंचे हजारों फरयादी

8 बेटी मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की चपेट में है। इस बीमारी से बचने के लिए 17 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगेगा

अम्बाला/मनीष कुमार
छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित गृहमंत्री अनिल विज के खुले दरबार में आज पूरे हरियाणा से सैंकड़ो लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। गृह मंत्री ने लोगों की शिकायत सुनकर अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिये। इस बीच पानीपत से पहुंची महिला ने जनता दरबार में बिलखते हुए गुहार लगाई कि उसकी 4 माह की मासूम की जान खतरे में है। बेटी मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की चपेट में है। इस बीमारी से बचने के लिए 17 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगेगा। इस पर गृह मंत्री ने महिला को पानी पिलाया और इंजेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का सुझाव दिया। जींद से पहुंची महिला ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को गांव का ही एक युवक 1 जनवरी को भगा कर ले गया था। 12 जनवरी को उसकी बेटी का सुराग लगा। महिला थाना पुलिस रोहतक में आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया गया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गृह मंत्री अनिल विज ने सुनवाई करते हुए तुरंत एसपी रोहतक को कॉल करके आरोपी को गिरफ्तार करने के आदेश दिए। कैथल से पहुंची गुरप्रीत ने बताया कि उसके पति को 2 साल का वीजा कहकर मलेशिया भेज दिया। इसकी एवज में एजेंट ने 1.20 लाख रुपए लिए थे। मलेशिया में तबियत बिगड़ने पर उसके पति ने वापस आना चाहा तो पता चला कि एजेंट ने मात्र 9 दिन का वीजा लगाया था। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी कैथल को शिकायत भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए। आज विज के दरबार को लेकर एक और जहां सुरक्षा को लेकर कडे बंदोबस्त किए गए थे। तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए डीएसपी, अंबाला छावनी के एसडीएम और आईजी अंबाला रेंज सिवास कविराज भी मौजूद रहें।

असीम गोयल ने किया राजपूत भवन का शिलान्यास

अंबाला (मनीष कुमार)
राजपूत सभा अम्बाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे असीम गोयल व प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य व सांसद रतनलाल कटारिया की प्रतिनिधि बंतो कटारिया द्वारा राजपूत छात्रावास एवं धर्मशाला अम्बाला शहर में भूमि पूजन के उपरांत महाराणा प्रताप भवन का शिलान्यास किया गया। राजपूत सभा के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ व पगड़ी पहनाकर तलवार भेंट की गई। विधायक असीम गोयल ने महाराणा प्रताप भवन के शिलान्यास की उपस्थित लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार से महाराणा प्रताप का नाम पूरे भारत में ही नहीं पूरे विश्व में जिस सम्मान के साथ वीरता, शौर्य पराक्रम को लेकर लिया जाता है। मुझे लगता है कि यह निश्चित ही ऐसा भवन और एक स्मारक भी उनके नाम से बनेगा, जो आने वाली कई पीढियों को निरंतर अपने धर्म के उपर टिके रहने और बलिदान, शौर्य और पराक्रम की कहानियां याद दिलाता रहेगा।

मांगों को लेकर लेक्चरर वेलफेयर एसो. का दल मिला शिक्षा अधिकारियों से

पानीपत/टीम एक्शन इंडिया
लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन के राज्य प्रधान डॉ.रविंद्र डिकाडला व चेयरमैन रामफल सहरावत की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल माध्यमिक शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों सतवीर सिंह मान व सतपाल शर्मा अतिरिक्त महानिदेशक से पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में मिला। जहां पर दोनों अधिकारियों के समक्ष प्रतिनिधिमंडल ने प्राध्यापक वर्ग की लंबित मांगों को रखा। जिनमें से दो मांगे पूर्ण कर दी गई। राज्य प्रधान डॉ.रविंद्र डिकाडला ने बताया कि लवा पिछले कुछ माह से लेक्चरर से प्रिंसिपल पद पर प्रमोशन सीनियरिटी नंबर 4500 तक डिमांड थी अब विभाग ने 4450 सीनियरिटी तक प्रमोशन केस मांग कर डिमांड को पूरा कर दिया तथा साथ ही मेवात क्षेत्र में कार्यरत प्राध्यापकों को अतिरिक्त वेतन 10000 प्रति माह का पत्र जारी करके दूसरी डिमांड को भी पूरा कर दिया है। लवा के महासचिव महावीर गहलावत ने सभी स्कूलों में वॉइस प्रिंसिपल का पद देने की मांग रखी। विक्रम बेनीवाल वित्त सचिव ने स्थायीकरण जल्द करने की मांग रखी क्योंकि 2009 के बाद किसी भी प्राध्यापक को स्थाई नहीं किया गया है। कैथल जिला के प्रधान अनिल कुमार ने एलटीसी का बजट जारी करने व पेंडिंग एलटीसी मामले जल्द देने की मांग रखी। इस पर अतिरिक्त डायरेक्टर सतवीर सिंह मान ने बताया कि अब तक के सारे केस कर दिए हैं और इस प्रक्रिया को और अधिक तेज किया जा रहा है।

भाजपा-जजपा के झूठे दावों और वादों की पोल खुलती जा रही है: ओमवीर पंवार

पानीपत: कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में चलाये जा रहे हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये व पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड न. 24 काबड़ी रोड स्थित अर्जुन नगर में स्थानीय निवासी सरदार मलकीत सिंह, मंगल सिंह व रामदत्त पाल ने अपने अपने निवास पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें उपस्थित कॉलोनीवासियों को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस नेता व ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार के द्वारा जनता से किये वायदों पर खरा नही उतर रही है। सभी वायदे खोखले साबित हो रहे हैं।

औषधि निरीक्षक-पुलिस ने संयुक्त रूप से पकड़ा अवैध दवाओं का जखीरा

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
थाना जमुनापार क्षेत्र में स्थित से कथित डॉक्टर के मकान में अवैध दवाओं के भंडारण की सूचना पर औषधि निरीक्षक और इलाका पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर 10 लाख रुपए से अधिक की दवाइयों को कब्जे में लेकर एक होम्योपैथिक चिकित्सक को हिरासत में लेकर कार्रवाई की है इससे क्षेत्र में अवैध दवाओं के कारोबारियों झोलाछाप डॉक्टरों अवैध मेडिकल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार औषधि निरीक्षक एके आनंद और जमुनापार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगला हरप्रसाद में एक मकान पर छापा मारा जिसके मालिक को विनोद कुमार पुत्र भगवान सिंह को बुलाकर मकान की तलाशी ली गई तो उसमें एलोपैथिक दवाओं का अवैध भंडारण पाया गया जिनमें से 3 दवाओं के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे हैं।

बाकी दवाओं को कब्जे में लेकर विनोद कुमार को और उसके भाई को हिरासत में लेकर थाना जमुनापार लाया गया जहां कानूनी कार्रवाई के उपरांत विनोद कुमार के भाई को क्लीन चिट देते हुए छोड़ दिया गया औषधि निरीक्षक आनंद ने बताया पकड़ी गई दवाओं की कीमत 10 लाख रुपए से अधिक है बताया जाता है विनोद कुमार के पिता भगवान सिंह जिनका लक्ष्मी नगर राया रोड पर डॉक्टर भगवान सिंह के नाम से क्लीनिक और अस्पताल संचालित है जहां पर मरीजों को बढ़ती करने और उपचार करने का गैरकानूनी धंधा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के संरक्षण में कई दशकों से चल रहा है जिस पर स्वास्थ्य विभाग ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की है।

अब यह मामला पकड़ मैं आने के बाद सीएमओ मथुरा भी अपने स्तर से कार्रवाई कर पाएंगे यह प्रश्न समय के गर्भ में है!

'आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देने का काम करती है प्रदर्शनी'

पानीपत/टीम एक्शन इंडिया
समालखा के पट्टीकल्याणा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र में चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा परिसर में संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भय्याजी जोशी द्वारा आज भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। उनके साथ संघ के उत्तर क्षेत्र संघचालक सीताराम व्यास, हरियाणा प्रांत संघचालक पवन जिंदल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भय्याजी जोशी ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी हमारी आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा देने का काम करती हैं। ये युवा पीढ़ी को अपने ऐतिहासिक, धार्मिक स्थलों व इतिहास के बारे में जानकारी देने में सहायक सिद्ध होती हैं।

प्रदर्शनी की झलकियां .

प्रदर्शनी में हरियाणा के इतिहास का वर्णन कर रहे शिलालेखों के बारे में दशार्या गया है। इसमें अशोक, शुंगकालीन से लेकर प्रथम विश्व युद्ध तक के शिलालेख हैं। वहीं नाथ सम्प्रदाय, दादू पंथी सहित अन्य सम्प्रदायों के भी शिलालेख हैं। प्राचीन धर्मशालाओं, स्कूलों, चिकित्सालयों, मंदिरों, तालाबों, कुओं के बारे में भी प्रदर्शनी में दशार्या गया है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के योगदान व हरियाणा के स्वतंत्रता सेनानियों, सरस्वती शोध संस्थान द्वारा सरस्वती नदी के विकास की यात्रा, हरियाणा की संस्कृति, खान.पान, वेशभूषा, तीज-त्यौहार,

उत्सव, हरियाणा के धार्मिक, ऐतिहासिक, पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक गुरुद्वारे व हरियाणा की भौगोलिक जानकारी भी है। हरियाणा के विख्यात व्यक्तित्व, उद्योगपति, कलाकार, खिलाड़ी, सेना के वरिष्ठ अधिकारियों, ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे सेवा व समाज कार्यों को भी प्रदर्शित किया गया है। स्वावलंबी भारत अभियान के साथ देश में स्वरोजगार को कैसे बढ़ावा दिया जा रहा है इसके बारे में भी विस्तृत रुप से जानकारी दर्शाई गई है। हरियाणा में आपदा के दौरान संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किए गए राहत व सेवा कार्यों को भी दिखाया गया है। हरियाणा में संघ कार्य को खड़ा करने में अपना जीवन देने वाले संघ के वरिष्ठ प्रचारकों की जीवनी के साथ-साथ प्रदर्शनी में चार डिजिटल प्रदर्शनी भी हैं। इसमें वीडियो के माध्यम से सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र से समाज को क्या लाभ होगा, इसके बारे में भी बताया जा रहा है।

अम्बाला छावनी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आज

अंबाला छावनी (मनीष कुमार)
देश और दुनिया में अंबाला को एक नई सांस्कृतिक पहचान देने की पुरजोर कोशिश देश की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक दुनिया में किसी समय अंबाला का नाम इंडो पाक मुशायरों के लिए मशहूर था लेकिन धीरे-धीरे वक्त के साथ यह परंपरा खत्म हो गई। अब कई वर्षो बाद अंबाला की,सांस्कृतिक गतिविधि में एक बार फिर से करवट बदलने लगी है जिस की घमक यहां सक्रिय प्रिंसिपल नंदलाल शर्मा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की गतिविधियों से लगने लगा है। 12 मार्च से 15 मार्च तक चलने वाला सांस्कृतिक उत्सव संगीत, लोक नृत्य, नाटक एवं कवि सम्मेलन पर केंद्रित रखा गया है। प्रतिदिन कार्यक्रम का आरंभ शाम 5.30 बजे से होगा। संगीत के अंतर्गत 12 मार्च को स्थानीय सुभाष पार्क के ओपन एयर थिएटर में सूफियाना म्यूजिकल इवनिंग का कार्यक्रम रखा गया है जिसका उद्घाटन एवं मुख्य अतिथि के रूप में एयर मार्शर आर. के. रान्याल अपनी गरिमा पूर्ण उपस्थिति दर्ज करेंगे। सूफियाना संगीत की प्रस्तुति करेंगे सुशील गौड़ मधुर वाणी अपने राष्ट्रीय स्तर के संगीतज्ञों के साथ। इसी तरह सोमवार 13 मार्च को सुभाष के ओपन एयर थिएटर में ही हरियाणा कला परिषद द्वारा प्रायोजित हरियाणवी लोक नृत्यों एवं लोक पार्क संगीत और और हरियाणा पंजाबी अकादमी, पंचकूला द्वारा प्रायोजित पंजाबी संस्कृति पर आधारित लोक नृत्यों एवं लोक संगीत की प्रस्तुति की जाएगी। इसमें एस. पी. सिंह सिंह वाईस चेयरमेन एम. पी. एन. कालेज, मुलाना मुख्य अतिथि सुनील विशिष्ट निदेशक हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी पंचकूला एवं नागेन्द्र शर्मा अतिरिक्त निदेशक हरियाणा कला परिषद, कुरुक्षेत्र विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सुशोभित करेंगे।

दो हत्या आरोपी गिरफ्तार

मथुरा/टीम एक्शन इंडिया
थाना छाता क्षेत्र में होली वाले दिन नामजद होने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी इस मामले में वांछित फरार चल रहे दो हत्या आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हत्या में प्रयोग किए गए तमंचे को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव वहरावली संदीप बघेल उर्फ होरीलाल 18 वर्ष की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी जब वह होली के त्यौहार पर मोहल्ले में गुलाल लगाने के लिए निकला हुआ था तभी घात लगाकर गांव के नामजद लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी इस घटना से गांव में सनसनी कर गई थी पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया था। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे और उपनिरीक्षक दीपक दोहरे ने पुलिस वालों के साथ मुखबिर की सूचना पर लालपुर बम्बे के पास नगला पालेन से साहुन पुत्र हमीदा निवासी बहरावली थाना छाता इरफान उर्फ पठान पुत्र हबीब बासी निवासी बहराबली थाना छाता को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हत्या मै प्रयोग किया।

विभिन्न संगठनों ने की जत्थायात्रा को लेकर बैठक

पानीपत/टीम एक्शन इंडिया
अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, अखिल भारतीय किसान सभा, सैंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के जिला नेतृत्व की गीता कालोनी स्थित स्वतंत्रता सेनानी शिव वर्मा स्मारक भवन में आयोजित संयुक्त बैठक का संचालन करते हुए खेत मजदूर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार दो। न्यूनतम वेतन 26000 लागू करो। मनरेगा में 200 दिन काम व दिहाड़ी 600 रुपए करो। एमएसपी कानून और फसल खरीदी की गारंटी। किसानों व मजदूरों का कर्ज माफ करो। खराब फसलों का मुआवजा दो। शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा व आवास की गारंटी दो। स्कीम वर्कर्स व अस्थाई कर्मियों को स्थाई करो। चार लेबर कोड्स और बिजली बिल 2022 वापिस लो। निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड समेत सभी बोर्ड्स को मजबूत करो व सुविधाएं दो। सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण और ठेका प्रथा पर रोक लगवाने के मांग मुद्दों पर 17 से 27 मार्च तक प्रदेश स्तरीय मजदूर किसान संघर्ष जत्था पानीपत जिला में 22 मार्च को मतलौडा खंड के बाल जाटान, इसराना खंड के शाहपुर, मांडी, महराना और 23 मार्च को सनौली खुर्द खंड के झांबा, नवादा आर, बापौली ब्लॉक के नूरपुर मुगलान, रसलापुर, गोयला खेड़ा, समालखा खंड के पट्टीकलियाणा गांवों में जन सभाओं को सम्बोधित करेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान सभा प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज, सैंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक ,एडवोकेट दयानंद पंवार, राजपाल, जयभगवान, नवीन सपड़ा, प्रितम रावल आदि मौजूद रहे।

प्रदेश में कांग्रेस की बनेगी अगली सरकार: मलोर

अंबाला (मनीष कुमार)
पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट जसबीर मलौर ने भाजपा-जजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों पर जमकर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा-जजपा सरकार की झूठ और फरेब की राजनीति के दिन अब लद चुके है। मुख्यमंत्री के तानाशाही रवैया से जहां प्रदेश में हर रोज हड़ताल, धरने, प्रदर्शन हो रहे हैं वही सरकार के तुगलकी फैसलों से प्रदेश विकास के मामले भी निरंतर पिछड़ता जा रहा है। पूर्व विधायक आज कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत गांव अमीपुर, तर ,मस्तपुर , महमूदपुर सहित अन्य गांवों में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस द्वारा हाथ से हाथ जोड़ों अभियान आरम्भ किया गया है ।श्री मलौर ने इन कार्यक्रमों में कार्यकताओं व गांववासियों को राहुल गांधी का संदेश दिया और हरियाणा कांग्रेस द्वारा सत्ता में आने पर लागू किये जाने वाले संकल्प पत्र की जानकारी भी दी । उन्होंने कहा अम्बाला सहित प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े है। न केवल कांग्रेस कार्यकाल में आरम्भ की गई। विकास परियोजनाए अधूरी पड़ी बल्कि भाजपा की सरकार आने पर घोषित की गई विकास परियोजनाओं का अभी तक कार्य आरंभ भी नही हो पाया।विकास के नाम पर जारी होने वाली राशि मंत्रियों और विधायकों की जेब मे जा रही हैं।

समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन करने को मजबूर

कर्मचारी, व्यापारी,जनप्रतिनिधि, किसान ,उधोगपति अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन करने को मजबूर है।किसान अपनी फसल के उचित मूल्य औ? गन्ने की फसल की बकाया राशि के भुगतान के लिये वर्षो से आंदोलन करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का प्रचार करने वाली सरकार में प्रदेश बच्चियों और महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं आम हो चुकी है।

सरकार सी बी आई और ई डी का दुरुपयोग करके विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है जबकि भ्ष्टार्चार में आकंठ डूबे भाजपा के मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की जा रही। वर्ष 2014 से पहले जो भाजपा कार्यकर्ता करोड़ों रुपये के कर्जदार थे आज वे अरबों रुपये की संपत्ति के मालिक है । क्या सरकार अपने विधायकों, सांसदों और मंत्रियों की संपत्ति की जांच भी सी बी आई से करवाएगी।

श्री मलौर ने कहा कि सरकार समाज के किसी भी वर्ग की समस्याओं का समाधान करने में विफल साबित हुई है। आम व्यक्ति जहां महंगाई से त्रस्त है वही कर्मचारी, व्यापारी,जनप्रतिनिधि, किसान ,उधोगपति अपनी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरने प्रदर्शन करने को मजबूर है।

पवित्र धाम में मूक बधिरों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन

अंबाला छावनी (मनीष कुमार)
अंबाला छावनी के राम बाग रोड स्थित पवित्र धाम, रोटरी स्कूल फॉर डेफ में रोटरी क्लब ऑफ अंबाला और रोटरी सोसाइटी फॉर डेफ द्वारा पीजीआई, चडीगढ़ के सहयोग से बधिरों के लिए एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पीजीआई, चंडीगढ़ में ईएनटी, स्पीड साउंड और ऑडियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. नरेश के पांडा ने शिविर का नेतृत्व किया। 8 डॉक्टरों, 4 पैरा मेडिकल और 1 सहायक स्टाफ की टीम द्वारा 75 से अधिक छात्रों और मरीजों की जांच की गई। डॉक्टरों ने रोगियों की जांच की और उन रोगियों की पहचान की जिन्हें नवीनतम प्रौद्योगिकी प्रत्यारोपण या विशेष ऑपरेशन द्वारा ठीक किया जा सकता है। बधिरों के लिए रोटरी सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आशावंत गुप्ता ने कार्यवाहक अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ अंबाला के साथ समारोह की अध्यक्षता की। अनिल वर्मा। परियोजना अध्यक्ष शा. मधु सूदन टंडन ने इस शिविर को अंबाला लाने के लिए पीजीआई के साथ संपर्क करने और उनके साथ समन्वय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने शिविर के संचालन के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की। नरेश भारद्वाज समारोह के मास्टर थे और उन्होंने रोटरी सचिव सीए गौरव गांधी के साथ शारीरिक व्यवस्था का समन्वय किया। डॉ विनय मल्होत्रा, सीए एडी गांधी, रविंदर धवन, कैप्टन बलदेव सिंह, एडवोकेट प्रदीप बत्रा, शजेएन अरोड़ा और कनिका जैन ने डॉक्टरों और उनकी टीमों को प्रशंसा और यादगार का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

8 8 डॉक्टरों, 4 पैरा मेडिकल और 1 सहायक स्टाफ की टीम द्वारा 75 से अधिक छात्रों और मरीजों की जांच की गई

संपादकीय

नगालैंड से सारी दुनिया सीखे

नगालैंड, त्रिपुरा और मेघालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का डंका बज गया। यह देश ने देखा लेकिन वहां जो असली विलक्षण घटना हुई, उसकी तरफ लोगों का ध्यान बहुत कम गया। वह विलक्षण घटना यह है कि जिन पार्टियों ने चुनाव में एक-दूसरे का डटकर विरोध किया, उन्होंने भी मिलजुल कर अब नई सरकार बनाई है। इतना ही नहीं, वे छोटी-मोटी पार्टियां, जो राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा आदि का विरोध करती रही हैं, उन्होंने भी नगालैंड में ऐसी सरकार बनाई, जैसी दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में भी नहीं है। नगालैंड की ताजा सरकार नेशनलिस्टिक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के नेतृत्व में बनी है। उसके नेता नेफ्यू रियो मुख्यमंत्री हैं। उनकी 60 सदस्योंवाली विधानसभा में एक भी सदस्य ऐसा नहीं है, जो कहे कि मैं विपक्ष में हूं या मैं विरोधी दल हूं। तो क्या हम यह मान लें कि रियो ने 60 की साठ सीटें जीत लीं? नहीं, ऐसा नहीं हुआ है। उनकी पार्टी और भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं लेकिन उनकी संख्या कुल 37 हैं। 60 में से 37 यानी आधी से सिर्फ 7 ज्यादा। फिर भी क्या बात है कि नगालैंड में कोई विरोधी दल नहीं है? जिन आठ दलों ने विरोधी बनकर चुनाव लड़ा था, उनमें 4 पार्टियां नगालैंड के बाहर की थीं। सभी आठों पार्टियों के जीते हुए विधायकों ने कहा है कि हम सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ है। अभी तक यह निश्चित नहीं है कि इन विरोधी पार्टियों के विधायकों में से कुछ को मंत्री बनाया जाएगा या नहीं। शरद पवार की नेशनल कांग्रेस पार्टी को 7 सीटें मिली हैं। वह तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। उसे दुविधा है, भाजपा से हाथ मिलाने में। इसीलिए वह सरकार को बाहर से ही समर्थन देगी। जो भी हो, नगालैंड में जो सरकार बनेगी और चलेगी, मेरी राय में वह दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए आदर्श है। दुनिया की संसदों में पक्ष और विपक्ष की पार्टियां जो फिजूल का दंगल करती हैं और अपना तथा देश का समय नष्ट करती रहती हैं, उससे भारत, एशिया, अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप के लोकतांत्रिक देशों को छुटकारा मिलेगा। जो भी सरकार सर्वसम्मति से बने, उसमें दलीय संख्या के अनुपात में मंत्री बना दिए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल के सभी फैसले बहुमत के आधार पर होंगे। नगालैंड से भारत और दुनिया के सभी राजनीतिक दल प्रेरणा लेकर अपने-अपने देश में वैसी ही सरकारें बना सकते हैं, जैसी आजादी के बाद 1947 में भारत में जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बनी थी। उस नेहरू सरकार में घनघोर गांधीविरोधी भीमराव अंबेडकर और जनसंघ के जनक श्यामाप्रसाद मुखर्जी भी मंत्री थे। उसके 14 मंत्रियों में हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, पारसी, दक्षिण भारतीय, दलित, महिला आदि सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व था। वह सचमुच की राष्ट्रीय सरकार थी। आजकल की पार्टी आधारित सरकारों में भी इन वर्गों का प्रतिनिधित्व रहता है लेकिन उन सब पर सेंत-मेंत प्रहार करने के लिए हम एक विपक्ष भी फिजूल में खड़ा कर लेते हैं।

सांस्कृतिक-धार्मिक चेतना की ज्योति किरण- 'गणगौर पर्व'

सुनील कुमार महला

> सांस्कृतिक, पारिवारिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण- 'गणगौर पर्व' गणगौर महोत्सव- 2023 08 मार्च 2023 - 24 मार्च 2023 को मनाया जा रहा है। मालवा की शान 'गणगौर' वैसे तो राजस्थानियों का विशुद्ध लोकपर्व है, लेकिन राजस्थान के अलावा भी यह लोकपर्व देश के अनेक भागों में हर्षोल्लास, खुशी के साथ मनाया जाता है। यह लोकपर्व वास्तव में राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति में रमा-बसा हुआ लोकपर्व है और खुशहाल दाम्पत्य जीवन से जुड़ा हुआ है। जानकारी देना चाहूंगा कि आज देश में राजस्थानियों के अलावा इसे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बुंदेलखंड और ब्रज, गुजरात, पश्चिमी बंगाल क्षेत्र में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यदि हम इस त्योहार(लोकपर्व) के मनाये जाने की बात करें तो यह होलिका दहन के दूसरे दिन यानी कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से यानी कि छरंडी के दिन से या यूं कहें कि रंगों से खेलने के दिन से चैत्र शुक्ल तृतीया तक इसे मनाया जाता है

गणगौर राजस्थान की संस्कृति से जुड़ा प्रसिद्ध त्योहार हैं, जो भगवान शिव व देवी पार्वती को समर्पित है। गणगौर त्योहार को हिंदू कैलेंडर के अनुसार तृतीया तिथि, शुक्ल पक्ष, चैत्र माह में मनाया जाता है। गणगौर महोत्सव- 2023 08 मार्च 2023 - 24 मार्च 2023 को मनाया जा रहा है। मालवा की शान 'गणगौर' वैसे तो राजस्थानियों का विशुद्ध लोकपर्व है, लेकिन राजस्थान के अलावा भी यह लोकपर्व देश के अनेक भागों में हर्षोल्लास, खुशी के साथ मनाया जाता है। यह लोकपर्व वास्तव में राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति में रमा-बसा हुआ लोकपर्व है और खुशहाल दाम्पत्य जीवन से जुड़ा हुआ है। जानकारी देना चाहूंगा कि आज देश में राजस्थानियों के अलावा इसे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बुंदेलखंड और ब्रज, गुजरात, पश्चिमी बंगाल क्षेत्र में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यदि हम इस त्योहार(लोकपर्व) के मनाये जाने की बात करें तो यह होलिका दहन के दूसरे दिन यानी कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से यानी कि छरंडी के दिन से या यूं कहें कि रंगों से खेलने के दिन से चैत्र शुक्ल तृतीया तक इसे मनाया जाता है। बुजुर्ग बताते हैं कि यह अट्ठारह दिनों तक चलने वाला लोकपर्व है। माना जाता है कि माता गवरजा(पार्वती मां) होली के दूसरे दिन अपने पीहर आती हैं तथा अठारह दिनों के बाद ईसर (भगवान शिव) उन्हें फिर लेने के लिए आते हैं और चैत्र शुक्ल तृतीया यानी कि 'तीज' को उनकी विदाई होती है। वैसे तो यह विवाहित महिलाओं का लोकपर्व है लेकिन कुंवारी लड़कियाँ भी इस दिन माता गौरी(पार्वती जी) और भगवान शिव(ईसर) की पूजा-अर्चना करतीं हैं।जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। अक्सर यह बात कही जाती है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्योहार मनाया जाता है।कामदेव की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर 'नेगचार' की रस्में भी अदा की जाती हैं। कहते हैं कि छरंडी के दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होलिका दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर काजल और रोली की टीका लगाती हैं और शीतलाष्टमी के त्योहार तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुए गीत गाती हैं- 'गौर ये गणगौर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।' गणगौर पर गणगौर की कहानी सुनने की भी परंपरा है। गणगौर को भोग लगाया जाता है।लड़कियां कुंए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं-'म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।' गणगौर का 'बिंदौरा' भी निकाला जाता है और गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का 'सिंजारा' किया जाता है। पूजा में दूब, जल कलश, रौली-मौली, सिंदूर, चूड़ियाँ, चन्दन, अक्षत, धूपबत्ती, दीप, नैवेद्य का इस्तेमाल किया जाता है। कुंवारी लड़कियाँ मनपसंद वर प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना करतीं हैं।राजस्थान के अधिकतर क्षेत्रों में गणगौर पूजन एक आवश्यक वैवाहिक रीत के रूप में भी प्रचलित है। गणगौर पूजन में कन्याएँ और महिलाएँ अपने लिए अखण्ड सौभाग्य, अपने पीहर और ससुराल पक्ष की समृद्धि तथा गणगौर से प्रतिवर्ष फिर से आने का आग्रह करती हैं। बताता चलूँ कि जयपुर की गणगौर पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। जयपुर में, घेवर नामक एक मीठा व्यंजन गणगौर उत्सव की विशेषता है। गणगौर लोकपर्व के अवसर पर राजस्थान में जगह-जगह मेले भरते है और पूर्व राजपरिवारों की गणगौर सवारी शाही लवाजमें के साथ बड़े ही धूमधाम के साथ निकलती है। महिलाओं/ कुंवारी लड़कियों द्वारा इस पावन अवसर पर गणगौरी गीत गाये जाते हैं और समूहों में फूल तोड़ने व कुंओं से पानी भरने की भी परंपरा है। महिलाएं इस अवसर पर अपने हाथों और पैरों में मेंहदी लगाती हैं, जैसा कि मेंहदी सुहाग का प्रतीक मानी जाती है। इसीलिए गणगौर को 'सुहाग पर्व' भी कहा जाता है।इस अवसर पर सभी स्त्रियां गहने-कपड़ों से सजी-धजी रहती हैं। वैसे बीकानेर जिले की गणगौर को राजस्थान की अनूठी गणगौर माना जाता है। बीकानेर के बारह गुवाड़ चौक में भरने वाले दो दिवसीय बारहमासा गणगौर मेले के दौरान पूजन की जाने वाली आलूजी की चटकीले रंग व आकार वाली प्राचीन गणगौरें न केवल प्रदेशभर में अनूठी है बल्कि विशिष्ट बनावट और मिट्टी कुट्टी से बनी होने के कारण अपनी अलग पहचान रखती है। कहते हैं कि यहाँ करीब डेढ सौ साल पुरानी इन गणगौर प्रतिमाओं में ईसर और गवर के साथ-साथ भगवान कृष्ण, भगवान गणेश और सिर पर कलश धारण किए पणिहारी की प्रतिमाएं भी हैं। बुजुर्ग लोग बताते हैं कि ये प्राचीन गणगौर प्रतिमाएं चिकनी मिट्टी, कागज की लुगदी, दाना मेथी, गोंद, राल आदि सामग्रियों से तैयार की गई है। वैसे, बीकानेर के अलावा जयपुर, किशनगढ़, सूर्य नगरी जोधपुर समेत अन्य स्थानों पर गणगौर की सवारी ऐतिहासिक परम्पराओं के अनुरूप निकाली जाती है इन स्थानों पर अभी भी पूर्व राज परिवारों की गणगौर की सवारी शाही लाव-लश्कर के साथ निकाली जाती है, जिसे विदेशी पर्यटक बहुत चाव और रूचि के साथ देखते हैं और अपनी फोटो,विडियो भी करवाते हैं। जानकारी देता चलूं कि राजस्थान के मारवाड़ प्रान्त खासकर जोधपुर में मनाए जाने वाले धींगा गवर फेस्टिवल में महिलाएं कुंवारे लड़कों को दौड़ा-दौड़ाकर डंडा मारती हैं। ऐसी मान्यता है कि डंडा/बेंत खाने से शादी जल्दी होती है। इसे बेंतमार गणगौर के नाम से भी जाना जाता है।मारवाड़ में सालों पुरानी यह मान्यता थी कि धींगा गवर के दर्शन पुरुष नहीं करते थे क्योंकि उस समय में ऐसा माना जाता था कि जो भी पुरुष धींगा गवर के दर्शन कर लेता था उसकी मृत्यु हो जाती थी लेकिन यह मान्यता धीरे-धीरे बदल गई। वैसे नाथद्वारा में चैत्र शुक्ल पंचमी के अवसर पर गुलाबी गणगौर भी मनाते हैं। गणगौर के दौरान भक्ति, श्रंगार व वीर रस के गीत गाये जाते हैं। राजस्थान की स्वर्ण नगरी कहलाने वाले जैसलमेर जिले में बिना ईसर की गणगौर पूजी जाती है। बताता चलूं कि उदयपुर में गणगौर नाव प्रसिद्ध है। पारंपरिक परिधानों के साथ गहनों से सजी महिलाएं शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पिछौला झील के गणगौर घाट पर देवी पार्वती की मूर्तियों की पूजा-अर्चना करती हैं। वैसे उदयपुर और जोधपुर की धींगा गणगौर काफी प्रसिद्ध है।

वैसे,राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न हों, वे गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती हैं। राजस्थानी में गणगौर पर एक कहावत भी है जो बहुत प्रसिद्ध है- तीज तींवारा बावड़ी ले डूबी गणगौर इसका मतलब यह है कि सावनी तीज से त्योहारों का आगमन शुरू हो जाता है और गणगौर के विसर्जन के साथ ही त्योहारों पर काफी समय तक(तीन-चार महीनों तक) विराम आ जाता है। आज हाइटेक युग में गणगौर लोकपर्व का स्वरूप काफी हद तक बदल चुका है। आज पूजा के लिए कुएं बचे नहीं है।

कविता

ज़िंदगी हमें जीना सिखाती है

ज़िंदगी कभी गमों में रूलाती है,
ज़िंदगी कभी खुशी के पल बिताती है,
ज़िंदगी कभी खुद से रूठ जाती है,
जिंदगी कभी खुद ही खुद को मनाती है,
जिंदगी कभी उल्लास मनाती है,
जिंदगी कभी आंसू भी लाती है,
ज़िंदगी कभी अपनों संग बांधे रखती है,
जिंदगी कभी अपनो से दूर निकल जाती है,
ज़िंदगी कभी भरपुर हंसाती है,
जिंदगी कभी जम कर रूलाती है,
जिंदगी कभी मिट्टी सी बन जाती है,
ज़िंदगी कभी आसमां को छुं जाती है,
ज़िंदगी हम से संघर्ष करवाती है,
ज़िंदगी हमें जीना सिखाती है

रामेश्वर दास भान

भारत में पारंपरिक बाजरा फसल को बढ़ावा देना

विजय गर्ग

अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआईएसएटी) से लेकर भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर) और अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ काम करने वाले वैज्ञानिकों के लिए, अब उच्च उपज देने वाली बाजरा किस्मों के विकास पर जोर दिया जा रहा है। एक प्रशिक्षित पादप प्रजनक होने के नाते, उच्च उपज वाली फसल किस्मों को विकसित करने के लिए एक वैज्ञानिक तंत्र विकसित करना फसल उत्पादकता बढ़ाने और इस प्रकार वैश्विक भूख को संबोधित करने का एक महत्वपूर्ण उपकरण रहा है। पावती में, पादप प्रजनक नॉर्मन बोरलॉग को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरित क्रांति के जनक के रूप में जाने जाने वाले, उन्होंने गेहूं के चमत्कारिक बौने बीज विकसित किए। इसके बाद समय के साथ चावल की उच्च उपज वाली किस्मों और अन्य फसलों के लिए विकास हुआ। लेकिन ऐसे समय में जब हम दुनिया को दो बार खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन का उत्पादन करते हैं, मुझे बाजरा में उच्च उपज वाली किस्मों और जैव-फोर्टिफिकेशन के प्रति पौधे वैज्ञानिकों (और नीति निमार्ताओं) द्वारा प्रदर्शित किए जा रहे उत्साह के पीछे तर्क नहीं दिखता है। मुझे लगता है कि यह दृष्टिकोण अत्यधिक गलत है क्योंकि लस मुक्त बाजरा न केवल सूखा प्रतिरोधी है बल्कि प्रोटीन, सूक्ष्म पोषक तत्व, आहार फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट से भी समृद्ध है। पहले से ही पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण, इसके बजाय बाजरा के साथ आहार को पूरक करने का प्रयास किया जाना चाहिए। नीति निमार्ताओं को बाजरा के उत्पादन को बढ़ाने के लिए अधिक कल्पनाशील होना चाहिए, न कि उसी पूर्वाग्रह का पालन करना चाहिए जिस पर औद्योगिक खेती निर्भर करती है: फसल उत्पादकता में वृद्धि और अधिशेष का निर्माण। इसका मतलब यह नहीं है कि सिर्फ इसलिए कि हमारे पास हथौड़ा है, हमें बाकी सब चीजों को कील की तरह व्यवहार करना चाहिए। क्योंकि बहुत से लोग नहीं जानते हैं कि उच्च उपज वाली फसल किस्मों और संकरों का विकास पोषक तत्वों में गिरावट के विपरीत अनुपात में होता है। फसल की उत्पादकता जितनी अधिक होती है, उसके पोषक मूल्य में उतनी ही तेजी से गिरावट आती है। यह मुख्य सिद्धांत है कि पादप प्रजनन हमें सिखाता है, जिसे हम ऊपर जाने की अपनी खोज में भूल जाते हैं। पुनरावृत्ति के जोखिम पर, मुझे याद दिलाना चाहिए कि गिरावट औसतन 15 से 40 प्रतिशत तक भिन्न होती है, कोबाल्ट जैसे कुछ खनिजों की उपलब्धता में 80 प्रतिशत की गिरावट के साथ, जैसा कि गेहूं के मामले में होता है। इससे पहले कि आप 'तो क्या' कहें, मैं समझाता हूँ। ऐसा माना जाता है कि गेहूं में कोबाल्ट जैसे ट्रेस मिनरल की हिस्सेदारी में भारी गिरावट के कारण कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ गया है।

विचार

सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है...

संजीव ठाकुर

21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निमार्ता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूजपेपर, मीडिया चैनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है।ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है। भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल,ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : **actionindiashimla@gmail.com**
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

समय न ठहरा है कभी, रुके न इसके पांव...

प्रियंका सौरभ

समय हमारे पास सबसे मूल्यवान संसाधन है, और एक बार चले जाने के बाद हम इसे कभी वापस नहीं पा सकते हैं। दुर्भाग्य से, हम में से बहुत से लोग इसे हल्के में लेते हैं और इसे व्यर्थ की गतिविधियों में बर्बाद कर देते हैं। जब हम समय को मारते हैं, तो असल में हम अपने जीवन के एक हिस्से को मार रहे होते हैं। कवि डॉ सत्यवान सौरभ कहते है कि-

पल कोई ठहरा नहीं, यही समय दस्तूर ।
हो जायेंगे एक दिन, हम भी सब से दूर।।

समय एक सीमित संसाधन है, और हम सभी के पास हर दिन इसकी समान मात्रा होती है। जिस तरह से हम इसका उपयोग करते हैं वह हमारी सफलता, खुशी और जीवन के साथ समग्र संतुष्टि को निर्धारित करता है। समय कीमती है और हमें इसका सदुपयोग करना चाहिए। दुर्भाग्य से, हममें से बहुत से लोग ऐसी गतिविधियों पर समय बर्बाद करते हैं जो हमारे जीवन में कोई मूल्य नहीं लाती हैं।

हमारी तेज-तर्रार दुनिया में, चूहे की दौड़ में फंस जाना और जो वास्तव में महत्वपूर्ण है उसे भूल जाना आसान है। हम अक्सर खुद को यह इच्छा करते हुए पाते हैं कि हमारे पास उन चीजों को करने के लिए अधिक समय है जो हम प्यार करते हैं, या समय सीमा और नियुक्तियों पर जोर देते हैं। लेकिन क्या होगा अगर हम एक कदम पीछे हटें और समय के मूल्य को देखें? जरूर, हम सभी सहमत हो सकते हैं कि समय पैसा है। लेकिन असल में उसका क्या अर्थ है? जब हम इसे तोड़ते हैं, तो समय वास्तव में हमारे पास मौजूद सबसे मूल्यवान वस्तुओं में से एक है। यह एक सीमित संसाधन है जिसे एक बार जाने के बाद हम कभी वापस नहीं पा सकते हैं। इसलिए हर पल का सदुपयोग करना इतना महत्वपूर्ण है। हर दिन अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और प्रियजनों के साथ स्थायी यादें बनाने का एक नया अवसर है। समय बर्बाद करने के सबसे आम तरीकों में से एक है टालमटोल करना। ये बबार्दी किसी काम को करने में देरी या स्थगित करने की क्रिया है।

वे मर रहे हैं

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

मुझे अकेले खेलने की आदत हो गई है। कोई मेरे साथ खेलने वाला नहीं है। शब्दों के कुएँ से शब्द सींच रहा हूँ। इन्हीं शब्दों से कविता की बाल्टी भर रहा हूँ। हर कोई उखड़ा-उखड़ा हुआ है। मेरे अहं ने मुझे अकेला बना दिया है। कविता की बाल्टी में शब्दों का पानी मेरी प्यास नहीं बुझा पा रहा है। जहाँ देखूँ वहाँ मैं ही मैं दिखाई देता हूँ। जो भी सुनूँ मेरी मैं...मैं ही सुनाई देती है। कभी लगता है कि बकरियों की मैं-मैं मुझसे ही उपजी है। जीवन चलता ही रहता है। पैरों पर न सही घुटनों के बल ही सही। जीने के लिए जीवन और जीवन के लिए जीना दोनों की समझ मेरी समझ से परे है। चूंकि मेरी समझ के दरवाजे बंद रहते हैं, इसलिए अच्छे-बुरे की हवा भीतर आने की हिम्मत नहीं कर पाती। ऐसा नहीं है कि अच्छे-बुरे की हवा दरवाजा खटखटाती नहीं है, खटखटाती तो जरूर है लेकिन वह मेरी किटकिटाहट और चिल्लाहट को सुन दबे पैर लौट जाती है। मेरी परछाई जीवन की ताजा खबर देती रहती है। यूरोप में बर्फीली बारिश, भारत में लुढ़कती जिंदगियों की सुगबुगाहट, लेबनान में विद्रोही चूहों की महामारी, लिबिया में गोलियों की बरसात और कैरो में उपद्रवी अग्निभीषणकांड की उथल-पुथल में कराहते जीवन का क्रंदन। ताजा खबर के बहाने बासी कब्र की मिट्टी में छिपी अहं की गरमाहट मेरे पास क्यों नहीं फटकती? विकास का भूत असमय मौतों का भविष्य देखकर थर-थर कांप रहा है। पखेरुओं से लुप्त होती जमीन गरीब, बेरोजगारों के लिए प्राण पखेरुओं का गढ़ बनता जा रहा है। ऐसे शून्य संगीत में पल-पल का जीवन कभी पठार तो कभी शिखर सा प्रतीत हो रहा है।

शरीर और आत्मा के बीच समय का अंग जीर्ण होता जा रहा है। मानो जीवन की उंगली थामने मौत अपना हाथ आगे बढ़ा रहा हो। न जाने यह एकांत कब मिटेगा? मेरा अहं कब समाप्त होगा? क्या समय के पेड़ पर लमहों के पत्ते झड़ने से पहले मेरी जीवन की कविता बाल्टी सुंदर शब्दों के पानी से भर पाएगी? मैं अनुभव के पत्थर पर जीवन का कपड़ा धोने के प्रयास में जीर्ण होता जा रहा हूँ। भगवान से मेरी अब यही प्रार्थना है कि ताजा खबरों के बीच मैं कहीं बासी कब्र बनकर अपने अहं का शिकार न बन जाऊँ। मैं अभी से रोने का अभ्यास कर रहा हूँ।

लहर-लहर लहराए लहरिया

रिमझिम सावन में छटा बिखेरते लहरिए देख मन मस्त हुआ जाता है।

सावन का महीना आते ही याद आते हैं रिमझिम बूंदों के बीच झूलों पर गूंजते मल्हार, मुंह में मिठास घोलते घेवर और चटख रंगों में छटा बिखेरते लहरिए। लहर जैसी डिजाइन यानी लहरिए। ये लहरें पानी की लहरों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

तीज के अवसर पर तो लहरिए की अहमियत और भी बढ़ जाती है। तीज से एक दिन पहले नवविवाहिताओं के लिए ससुराल से लहरिया भेजा जाता है, जिसे तीज पर पहन कर वे अपने सुखद भविष्य के लिए मंगल कामना करती हैं। लहरिया सुहाग का प्रतीक माना जाता है। समय के साथ-साथ इसमें डिजाइन, रंग और पैटर्न में बदलाव आते रहे हैं। सावन के आगमन के साथ ही बाजार में 150 से लेकर 5000 रुपए तक के लहरियों की छटा छा चुकी है। इस समय बाजार में मुख्यत: तीन प्रकार के लहरिए मिल रहे हैं-

सिंथेटिक मैटेरियल के लहरिए

यदि आप सावन में लहरिए का पूरा आनंद लेना चाहती हैं, तो सिंथेटिक मैटेरियल में विभिन्न रंगों और डिजाइनों के लहरिए उपलब्ध हैं। इन्हें पहन आप बेफिक्र होकर झमाझम बारिश में नहाने का लुत्फ भी उठा सकती हैं। ये 150 रुपए से शुरू होते हैं और सितारों और हल्के जरी वर्क के साथ 500 रुपए तक में आसानी से मिल जाते हैं।

प्योर मैटेरियल के प्लेन लहरिए

सोबर लुक पसंद करने वाली महिलाओं के लिए ये लहरिए अच्छा विकल्प हैं। प्योर जॉर्जेट या शिफॉन के ये लहरिए कामकाजी महिलाओं के लिए भी एकदम उपयुक्त हैं। आधुनिकता और पारंपरिकता के मेल वाले इन लहरियों की कीमत है 800 से लेकर 1200 रुपए तक।

हैवी वर्क वाले मल्टी कलर लहरिए

लहरिए को दो या अधिक रंगों में स्टोन, गोटा पत्ती, जरदोजी, मोती, रेशम आदि वर्क कर उन्हें हैवी लुक दिया जाता है। इन्हें सावन के अलावा पार्टीवियर साड़ी के रूप में कभी भी पहना जा सकता है।

वैसे तो पारंपरिक रूप से लाल, हरे, रानी रंग के लहरिए मिलते हैं, पर अब काले, नीले जैसे रंगों में भी उपलब्ध हैं, जो आपको देते हैं एक डिफरेंट लुक। 1500 से शुरू होकर 5000 रुपए तक में आप मनचाहा लहरिया ले सकती हैं।

दोरंगी ढोकला

सामग्री: 300 ग्राम चावल, 100 ग्राम उड़द दाल, 20 ग्राम साबुत जीरा, 100 ग्राम शक्कर, 3 टीस्पून खानेवाला सोडा, 3 टीस्पून तेल, 3 टीस्पून अदरक-मिर्ची का पेस्ट, 1 कप दही, 1 कप टोमैटो केचअप, आधा टीस्पून हल्दी पाउडर, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादानुसार।

विधि: सबसे पहले चावल और दाल को धोकर दो घंटे पानी में भिगो दें। बाद में मिक्सर में बारीक पीसकर उसमें साबुत जीरा, तेल, शक्कर, अदरक-हरी मिर्ची पेस्ट, दही, नमक और सोडा डालकर अच्छी तरह मिला लें।

इसे घोल को दो बराबर हिस्सों में बांट दें। एक हिस्से को ट्रे में आधा डालकर स्टीम करें। 15 मिनट बाद भाप से निकाल लें। दूसरे घोल में टोमैटो केचअप, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और गरम मसाला मिक्स करें और उसी ट्रे में डाल दें। 15 मिनट तक स्टीम करें। दोरंगी ढोकला तैयार है।

कम खर्च में चोखी रंगत



बात जब सजने-संवरने की हो, तो सोने के गहनों का कोई विकल्प नहीं हो सकता। लेकिन मंदी का दौर और सोने के आसमान छूते दाम.....ख्वाहिशें यूं ही दम तोड़ने लगती हैं। जाहिर है कि सोने की भारी-भरकम ज्वैलरी पहनने का जमाना अब गुजर चुका है। ऐसे में अगर कम खर्च में ही 'सोना कितना सोणा है' वाली बात हो जाए, तो कैसा रहे मतलब दाम कम, लेकिन रंगत वही। लीजिए, हाजिर है लाइट वेट और इमिटेशन ज्वैलरी। यानी आधुनिक महिलाओं का नया फैशन स्टेटमेंट!

कहावत है कि जब तक धरती पर महिलाएं हैं, तब तक ज्वैलरी की मांग खत्म नहीं हो सकती। सच है, चाहे दुनिया भर में मंदी का माहौल हो, पर ज्वैलरी की शौकीन महिलाएं ज्वैलरी खरीदना नहीं भूल सकतीं। इसकी मांग में कमी आ सकती है, पर अब महिलाओं ने इसका भी विकल्प खोज लिया है। आजकल महिलाओं के बीच लाइट वेट ज्वैलरी, सिल्वर ज्वैलरी और इमिटेशन ज्वैलरी छाई हुई है।

महिलाएं चाहती हैं कि आभूषण की कीमत या वजन चाहे कम हो, लेकिन दिखने में ये फैशनेबल और साइज में बड़े हों। जाहिर है, मांग को देखते हुए ज्वैलर्स भी पारंपरिक ज्वैलरी के स्थान पर कम वजन की सस्ती ज्वैलरी की ओर रुख कर रहे हैं। उनके पास लाखों रुपए से लेकर कुछ हजार रुपए के आभूषणों का विकल्प मौजूद है। बाजार में कम कीमत में सभी तरह के आभूषण जैसे हार, चूड़ियां, अंगूठी, टॉप्स, झुमके, ब्रेसलेट, पायल, मंगलसूत्र उपलब्ध हैं।

विकल्प मौजूद हैं

सस्ती ज्वैलरी की डिमांड के चलते बड़ी संख्या में ज्वैलरों ने सोने के विकल्प के रूप में चांदी की ज्वैलरी पर भी अपना ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया है। शहरों में सिल्वर-डायमंड सैट, चांदी की पायजेब, अंगूठी, बिछिया जैसे आभूषणों की काफी मांग है। अब चांदी के आभूषण भी फैशन में आ चुके हैं।

आभूषणों में लगाए जाने वाले प्राकृतिक रंगीन रत्नों के विकल्प के रूप में 'मेन मेड सिंथेटिक रत्न' भी उपलब्ध हैं। बाजार में सिंथेटिक रत्न प्राकृतिक रत्न की तुलना में 80:20 के अनुपात में खरीदे जाते हैं। गहनों की शौकीन गृहिणी सुधा शर्मा कहती हैं, 'मुझे तो सुंदर डिजाइन और बड़े आकार की ज्वैलरी चाहिए। कीमत की बजाय ज्वैलरी की लुकिंग को तरजीह देती हूं। साथ ही मैचिंग ज्वैलरी भी हो जाती है।'

इमिटेशन ज्वैलरी का दौर

बाजार में एक ग्राम और सोने की पॉलिश वाली ज्वैलरी के प्रति भी महिलाओं का खासा झुकाव है। कम कीमत की होने के कारण महिलाएं इन्हें फैशन ज्वैलरी के रूप में भी अपना रही हैं।

बढ़ते अपराध और जोखिम के चलते अधिक टिकाऊ नहीं होने के बावजूद इस ज्वैलरी का उपयोग न केवल मध्यम वर्ग, बल्कि उच्च वर्ग में भी बढ़ रहा है। कम लागत होने के कारण इनके खोने और चोरी होने का भी डर नहीं, इसलिए इनकी मांग बढ़ रही है। देश में इमिटेशन ज्वैलरी के बाजार का आकार करीब एक हजार करोड़ रुपए का है।

एक सरकारी स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत मालती जैन का कहना है कि आज ज्वैलरी में कीमत की बजाय लैटेस्ट फैशन ज्यादा देखा जा रहा है। अब भारी-भरकम ज्वैलरी को संभालने का झंझट कौन करे, अगर खो जाए तो मुश्किल। एक महंगे हार की कीमत में आज मैं दस मैचिंग हार खरीद सकती हूं। यह सब इमिटेशन ज्वैलरी का कमाल ही तो है।

फैशन ज्वैलरी में दिलचस्पी

ज्वैलर बताते हैं कि ज्वैलरी की कीमत, पहनने और रख-रखाव के झंझट के चलते लड़कियां कम कीमत की फैशन ज्वैलरी में ही रुचि दिखा रही हैं। यूं सोने की ज्वैलरी की बाजार में ज्यादा मांग नहीं है। थोड़ी-बहुत मांग शादी-त्योहार के अवसर पर होने वाली अनिवार्य खरीद से बनी हुई है। अब सोने की ज्वैलरी खरीदने वाले ग्राहक या तो पुराना सोना वापस ज्वैलर को बेच कर खरीद कर रहे हैं या फिर सोने के जेवर का दूसरा विकल्प खोजा जा रहा है।

हमारे देश में 23, 22 और 18 कैरेट के सोने का सर्वाधिक प्रचलन है। जबकि विदेशों में 8 कैरेट सोने के आभूषणों का भी प्रचलन है। साफ़बात है कि कम कैरेट के सोने का उपयोग करने का असर आभूषण की कीमत पर भी आता है।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष
चू चे चो ला ली
लू ले लो आ

किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकांतता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

वृष
इ उ ए ओ वा
वी वू वे वो

अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनों के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-6-7

मिथुन
का की कू घ ङ
छ के को हा

परिश्रम प्रयास से काम करने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-2-5

कर्क
ही हू हे हो डा
डी डू डे डो

स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-1-8-9

सिंह
मा मी मू मे मो
टा टी टू टे

लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-6-8

कन्या
टो पा पी पू ष
ण ठ पे पो

स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-8-9

तुला
रा री रु रे रो
ता ती तू ते

प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-4-5-6

वृश्चिक
तो ना नी नू ने
नो या यी यू

स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-5-6-9

धनु
ये यो भा भी भू
धा फा ढा भे

शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-8

मकर
भो जा जी खी खू
खे खो गा गी

लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-6-8

कुंभ
गू गे गो सा
सी सू से सो दा

मातृ पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-6-7

मीन
दी दू थ झ ञ दे
दो चा ची

प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-3-5-7

काकुरो पहेली - 2013



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2=3
1+3=4
7+9=16
8+9=17

काकुरो - 2012 का हल



लॉफिंग जौंक

एक प्रेमी ने सोचा कि प्रेमिका से विवाह का प्रस्ताव नए अंदाज में किया जाए।

एक दिन प्रेमिका से मुलाकात होने पर उसने कहा- प्रिये! मैं स्वयं को तुम्हें भेंट करना चाहता हूं।

प्रेमिका ने बुरा सा मुंह बनाकर कहा- मुझे घटिया तोहफे लेने की आदत नहीं है।

☐ ☐ ☐

वकील ने खूबसूरत युवती से पूछा- परसों रात तुम कहां थी?

युवती- अपने पड़ोसी के साथ रेस्त्रां गई थी।

वकील ने दूसरा सवाल पूछा- और कल रात?

युवती- मेरे एक दूसरे पड़ोसी के साथ।

वकील ने धीरे से पूछा- और आज का तुम्हारा क्या कार्यक्रम है?

दूसरा वकील चिल्लाया- ऑब्जेक्शन मी लॉर्ड! यह सवाल मैंने पहले ही कर लिया है।

☐ ☐ ☐

पति, पत्नी से- कल रात मैंने एक बहुत बुरा सपना देखा। मैंने देखा कि मैं सुंदर लड़कियों के झुंड में मौजूद हूं।

पत्नी- तो यह सपना बुरा कैसे हुआ?

पति बोला- क्योंकि सपने में मैं खुद भी तो एक लड़की ही था।

फिल्म वर्ग पहेली- 2013



ऊपर से नीचे:-

१. 'बहुत खूबसूरत गजल' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
२. फिल्म 'गदर' में अमीषा पटेल के पिता की भूमिका किसने की थी?-४
३. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
४. 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
५. बिश्वजीत, वहीदा की ' ना ये जमीं थी ना आसमां' गीत वाली फिल्म-३
९. 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१२. 'हम प्यार में जलनेवालों को' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'तुम मुझे यूं' गीत वाली फिल्म जिसमें शम्मी ने पागल की भूमिका की-३,२,१
१४. 'आजा रे पाडय आजा' गीत वाली फिल्म-३
१५. बॉबी, ट्विंकल खन्ना की 'तेरी अदाओं पे मरता हूं' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'अच्छा जी मैं हारी' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,१
१७. 'रू तू तू दिल में है तू' गीत वाली अक्षय कुमार, रवीना टंडन की फिल्म-२
१९. 'आजा सजन आजा' गीत वाली फिल्म-५
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की एक फिल्म-३
२५. संजयदत्त, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२९. नाना, पुरु, अनुपमा की 'बहुत खूबसूरत हैं आंखें तुम्हारी' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. फिल्म 'कर्ज' में नायिका कौन थी-२
३. फिल्म 'चल मुरारी हीरो बनने' का नायक कौन था-४
६. फिल्म 'अभय' में दोहरी भूमिका करने वाला नायक -३
७. 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'विश्वनाथ' में शत्रुघ्न सिन्हा के साथ नायिका कौन थी-२
१०. फिल्म 'मैं ने प्यार किया' में सलमान खान की माँ की भूमिका किसने की थी-२
११. हेमा मालिनी वाली फिल्म 'प्रेमनगर' का नायक कौन था?-३
१६. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
१७. संजय, चंद्रचूड़, महिमा चौधरी की फिल्म-२,१,३
१८. 'मेरे दिल ने जो मांगा' गीत वाली फिल्म-४
२०. फिल्म जिसमें राजकपूर का डबल रोल था-३
२१. 'तू कितने बरस की' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२३. ऋषिकपूर, जेबा की 'केरदी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
२४. फिल्म 'शोले' में अमिताभ के किरदार का क्या नाम था?-३
२६. फिल्म जगत में राजेश खन्ना का प्रचलित नाम-२
२८. सलमान, रेवती की 'आजा दिल मी ए किस' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'इस जहाँ की' गीत वाली जैकी, अनु अग्रवाल, ममता की फिल्म-२,३
३१. लोकप्रिय गीत 'इश्क कमीना' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 2012



सूडोकु -2013

2	9		3	1			8	
3	6		2		7		9	
		7			6		2	1
	7		1					
1	3			4			7	2
					5		4	
6	2		4			9		
	5		6		9		1	8
	1			5	3		6	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2012 का हल

3	9	7	5	1	4	6	8	2
1	2	8	6	9	3	4	5	7
6	4	5	2	8	7	1	3	9
5	7	3	4	6	9	2	1	8
2	1	9	7	5	8	3	4	6
4	8	6	3	2	1	7	9	5
9	3	2	8	4	6	5	7	1
7	6	1	9	3	5	8	2	4
8	5	4	1	7	2	9	6	3

शब्द पहेली - 2013



बाएं से दाएं

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षपात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

ऊपर से नीचे

2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.आर-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

शब्द पहेली - 2012 का हल



'विवाह' फेम एक्ट्रेस अमृता राव (Amrita Rao) और धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बेटी ईशा देओल (Esha Deol) दोनों ने एक साथ फ

अमृता राव ने जब सेट पर दी धर्मेंद्र की बेटी को गाली, पड़ा झन्नाटेदार थप्पड़, विवेक ओबेरॉय-फरदीन रह गए भौचक्के

अमृता राव (Amrita Rao) और ईशा देओल (Esha Deol) दोनों ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों के दिल पर गहरी छाप छोड़ी है. दोनों ही एक्ट्रेसेस ने ठीक-ठाक फिल्में करने के बाद फिल्मों से दूरी बना ली. अमृता और ईशा के बीच एक बार ऐसा झगड़ा हुआ था कि हाथापाई की नौबत आ गई थी. इनके इस झगड़े को फिल्म 'प्यारे मोहन' के सेट पर मौजूद लोग भूल नहीं पाते हैं.एक्टर्स के बीच टशन, लड़ाई-झगड़े के अनगिनत किस्से हैं. मायानगरी में चमक दमक वाली दुनिया में एक दूसरे से कंपटीशन भी बहुत है. कई एक्ट्रेसेस के बीच की कैट फाइट तो लंबे समय तक जारी रही,कुछ की थोड़े समय बाद दोस्ती हो गई. एक बार तो ईशा देओल और अमृता राव के बीच इतनी बुरी लड़ाई हुई कि ईशा ने आव न देखा ताव एक झापड़ अमृता को रसीद कर दिया था.

अमृता ने ईशा को दी गाली तो जड़ा थप्पड़

मामला साल 2005 का है. इंद्र कुमार की फिल्म 'प्यारे मोहन' की शूटिंग चल रही थी. इस फिल्म में अमृता राव, ईशा देओल, विवेक ओबेरॉय और फरदीन खान की जोड़ी है. शूटिंग के दौरान अमृता और ईशा की बनती नहीं थी, दोनों के बीच नोकझोंक चलती रहती थी. एक दिन सेट पर पैकअप हो गया तो किसी बात पर अमृता राव ने फिल्म डायरेक्टर इंद्र कुमार के सामने ही ईशा देओल को गाली दे दी. धर्मेंद्र की बेटी का खून खौल उठा और उसने अमृता को एक झन्नाटेदार थप्पड़ जड़ दिया. इस घटना के समय सेट पर फरदीन खान और विवेक ओबेरॉय भी मौजूद थे.

ईशा ने सेल्फ रिस्पेक्ट में मारा था झापड़

ईशा देओल को अपने इस कदम का कोई अफसोस नहीं रहा. एक बार मीडिया को इंटरव्यू देते समय जब ईशा से इस घटना का जिक्र किया गया तो ईशा ने कहा मैं उस वक्त काफी गुस्से में थी. अपने सेल्फ रिस्पेक्ट के लिए मैंने अमृता को झापड़ मारा था, मुझे इस बात का कोई अफसोस नहीं है, उन्होंने जैसा व्यवहार मेरे साथ किया था, उसके लिए वह ऐसा डिजर्व करती थीं.

अमृता ने मांग ली थी माफी

ईशा ने आगे बताया था कि बाद में अमृता राव को अपनी गलती का एहसास हुआ तो मुझसे माफी भी मांगी. इसके बाद हम दोनों के बीच सब ठीक है. ईशा और अमृता इन दिनों अपनी फैमिली लाइफ एन्जॉय कर रही हैं.

भारती सिंह की चमकी किस्मत, हाथ लगी करण जौहर की बड़ी फिल्म, पति संग हंसाने को हैं तैयार

भारती सिंह (Bharti Singh) आज टीवी की दुनिया का वो नाम बन चुकी हैं जो किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. भारती सिंह पिछले कई सालों से अपनी कॉमिडी से ऑडियंस के दिलों में बसी हुई हैं. इस स्टार कॉमेडियन ने टीवी से लेकर सोशल मीडिया तक अपने हुनर का जलवा बिखेरा है. फिर बात चाहे स्टैंडअप कॉमेडी की हो या फिर सोशल मीडिया पोस्ट की या फिर यूट्यूब वीडियोज की, भारती अपनी ऑडियंस का मनोरंजन करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं.

अब भारती सिंह के फैंस के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है. हाल ही में इस स्टार कॉमेडियन ने पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वह करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में पति हर्ष लिंबाचिया(Haarsh Limbachiyaa) के साथ नजर आने वाली हैं. करण जौहर की इस फिल्म में ये कपल कैमियो रोल अदा करते दिखेगा.

अचानक मिला रोल-

इंटरव्यू के दौरान भारती सिंह ने बताया कि उन्हें इतना बड़ा ये मौका कैसे मिला. वह कहती हैं कि अचानक एक दिन उन्हें करण जौहर की टीम का फोन आया और फिल्म मेकर की टीम ने बताया कि फिल्म के बीच में एक एड है और उन्हें और हर्ष को फिल्म में कैमियो रोल अदा करने के लिए बुलाया गया. भारती सिंहबताती हैं कि सेट पर उनके साथ 'कुंडली भाग्य' एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या भी मौजूद थीं और करण जौहर के साथ काम करने में उन्हें बहुत मजा आया.

जुलाई में रिलीज होगी फिल्म-

करण जौहर (Karan Johar) की रोमांटिक फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का ऑडियंस बेसब्री से इंतजार कर रही है. इस फिल्म में फिर एक बार रणवीर सिंह और आलिया भट्ट साथ नजर आने वाले हैं. इस जोड़ी की पिछली फिल्म 'गली बॉय' सुपरहिट साबित हुई थी. अब इस फिल्म को लेकर भी फैंस खासा उत्साहित नजर आ रहे हैं. ये फिल्म 28 जुलाई को रिलीज होने वाली है

पहले हुआ प्यार फिर रचाई शादी, कांटा लगा गर्ल के लिए नर्क हो गए थे 4 साल, आखिरकार जुटाई हिम्मत और...

कांटा लगा गाने से शोहरत पाने वाली एक्ट्रेस शैफाली जरीवाला इन दिनों अपने पति पराग त्यागी के साथ खुशी-खुशी रह रही हैं. दोनों के बीच भरपूर प्यार है और इसका सबूत सोशल मीडिया पर दोनों की प्यारी तस्वीरों से मिलता है. शैफाली अपने पति पराग त्यागी के साथ जिंदगी एंजॉय कर रही हैं. शैफाली ने भी अपनी जिंदगी में रिश्तों को लेकर काफी कुछ देखा है.शैफाली ने साल 2014 में पराग त्यागी को अपना हमसफर चुना था. दोनों की मुलाकात शूटिंग सेट पर हुई थी. इससे पहले भी शैफाली शादीशुदा थीं. लेकिन पहली शादी के बाद शैफाली ने काफी दुखों का सामना किया था. जिसके बाद शैफाली को तलाक देना पड़ा था. शैफाली शादी के 4 सालों तक मानसिक प्रताड़ना झेलती रहीं. आखिरकार तंग आकर शैफाली ने अपनी शादी तोड़ने का फैसला लिया था.

खुद बताई पहले तलाक की वजह

शेफाली ने हाल ही में ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को दिए इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने 2004 में म्यूजीशियन हरमीत सिंह से शादी की थी. शादी के कुछ ही समय बाद दोनों के रिश्ते बिगड़ गए. शेफाली ने बताया कि मेरे लिए शादी के बाद हर दिन मुश्किलों से भरा था. हर रोज शेफाली को मानसिक प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता था.शेफाली ने बताया कि हमारे समाज में तलाक को एक टैबू की तरह माना जाता है. इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि हमारी परवरिश ऐसे ही हुई है. हालांकि शेफाली ने कहा कि मैं आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर नहीं थी. इसीलिए मैंने उस प्रताड़ना भरे रिश्ते से बाहर निकलने का फैसला लिया था. शेफाली ने साल 2009 में हरमीत सिंह से तलाक ले लिया था.

एक्टर पराग त्यागी से की शादी

शेफाली ने तलाक के बाद अपना काम जारी रखा. नच बलिए शो के दौरान शेफाली की मुलाकात एक्टर पराग त्यागी से हुई. पराग का दिल शेफाली के लिए धड़कने लगा. इसके बाद पराग ने शेफाली को प्रपोज कर दिया. शेफाली भी पहले रिश्ते के टूटने के बाद काफी डरी हुई थी. लेकिन पराग के केयरिंग नेचर को खोना नहीं चाहती थी. इसी कारण शेफाली ने भी पराग के प्रपोजल का स्वागत किया और रिश्ते के लिए हां कह दी. दोनों ने साल 2014 में कोर्ट मैरिज कर ली.

दूसरी शादी के समय हुआ पिता का निधन

शेफाली ने बताया कि वे पराग के साथ धूमधाम से शादी करना चाहती थीं. लेकिन शादी के समय ही पराग के पिता का निधन हो गया था. इस कारण दोनों ने कोर्ट मैरिज करने का फैसला लिया था. शेफाली को पराग से शादी करने के समय काफी ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था. लेकिन शेफाली अपनी जिंदगी में काफी खुश हैं. कुछ समय पहले यह भी खबर आई थी कि शेफाली और पराग मिलकर एक बच्चा गोद लेना चाहते हैं. हालांकि अभी तक दोनों ने इस फैसले को लेकर कोई एक्शन नहीं लिया है.

छोटी उम्र में सिगरेट पी रहे थे रणबीर कपूर, मां नीतू ने रंगे हाथ पकड़ा, बेटे की हरकत से टूट गई थीं बुरी तरह

रणबीर कपूर (Ranbir Kapoor) अपनी फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' (Tu Jhoothi Mai Makkar) के जरिए खूब सुर्खियों में हैं. फिल्म की लीड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के साथ मिलकर वह इन दिनों जोरों-शोरों से फिल्म के प्रमोशन में जुटे हैं. हाल ही में 'तू झूठी मैं मक्कार' के प्रमोशन के दौरान रणबीर ने अपने बचपन के दिनों से जुड़े कुछ चौंका देने वाले खुलासे किए. अभिनेता ने बताया कि जब वह छोटे थे तभी से स्मोकिंग (Ranbir Kapoor Smoking) करने लगे थे. लेकिन, उन्होंने अपने घरवालों से ये बात छिपा रखी थी. लेकिन, एक बार उनकी मां और बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू कपूर ने उन्हें स्मोकिंग करते रंगे हाथों पकड़ लिया था. रणबीर को यूं स्मोकिंग करते देख तब नीतू कपूर बुरी तरह टूट गई थीं.रणबीर कपूर ने अपने ताजा इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया है. आरजे सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में इस घटना का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि बचपन में स्मोकिंग करते पकड़े जाने पर उनकी मां का क्या रिएक्शन था. रणबीर कहते हैं- 'मैंने कभी उन्हें इतना टूटा हुआ महसूस नहीं किया था. जब मेरी मां को पता चला कि मैं सिगरेट पीता हूं, वह मेरी जिंदगी का सबसे बुरा दिन था. यह एक बहुत ही बुरा पल था. मैंने उन्हें कभी इतना उदास नहीं देखा था.' अभिनेता आगे कहते हैं- 'उन्हें लगा कि मैं हेरोइन ले रहा हूं, बेशक आपको बुरा लगेगा. फिर मैंने जाकर उनसे माफी मांगी, माफी की भीख मांगी. लेकिन, मुझे लगता है माता-पिता कहीं ना कहीं हार मान लेते हैं.' इस दौरान उन्होंने यह भी माना कि उन्होंने सबसे ज्यादा झूठ अपनी मां से ही बोला है. हालांकि, वह खुद को सबसे ज्यादा करीब भी उन्हीं के पाते हैं. एक्टर इससे पहले भी कई इंटरव्यूज में अपनी पर्सनल लाइफ पर खुलकर बात करते नजर आ चुके हैं.

विश्व बैंक अध्यक्ष पद के लिए बंगा की दावेदारी मजबूत, नोबेल विजेताओं समेत इन लोगों ने किया सपोर्ट

नई दिल्ली। 55 लोगों के विभिन्न क्षेत्रों के जानकारों के एक समूह जिनमें नोबेल पुरस्कार विजेता, अर्थशास्त्री और शिक्षाविद शामिल हैं, ने विश्व बैंक के अगले अध्यक्ष के रूप में भारतीय-अमेरिकी अजय बंगा के नामांकन का समर्थन किया है। उन्होंने बंगा को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण दौर में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान का नेतृत्व करने के लिए सही व्यक्ति बताया है। 63 वर्षीय अजय बंगा को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले महीने विश्व बैंक के अगले अध्यक्ष के रूप में नामित किया था। प्रकाशित एक खुले समर्थन पत्र में 55 अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, अधिकारियों, दिग्गजों और पूर्व सरकारी अधिकारियों ने विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए बिजनेस लीडर के नामांकन का समर्थन किया है। इस समर्थन से इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि विश्व बैंक अध्यक्ष के रूप में मास्टरकार्ड के पूर्व सीईओ की उम्मीदवारी मजबूत हो रही है। बंगा का समर्थन करने वाले चार नोबेल पुरस्कार विजेताओं में डॉ. जोसेफ स्टिग्लिट्ज (जिन्हें 2001 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला था), डॉ माइकल स्पेंस (2001 में आर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार के विजेता) और प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस (2006 के नोबेल शांति पुरस्कार के विजेता) के नाम शामिल हैं। बंगा के समर्थन में जारी पत्र में कहा गया है कि एक सच्चे ग्लोबल सिटीजन अजय के पास विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रहने और काम करने का व्यापक अनुभव है।

एप्पल भारत में पहली बार बनाएगी अलग बिक्री क्षेत्र, कैंपा 50 साल बाद फिर हुआ लॉन्च

नई दिल्ली। एप्पल भारत में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है। यह भारत पर ज्यादा फोकस करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय कारोबार के प्रबंधन में बदलाव कर रही है। पहली बार कंपनी में भारत को एक अलग सेल्स रीजन (बिक्री क्षेत्र) बनाया जा रहा है। एप्पल इसी साल देश में पहला रिटेल आउटलेट खोलने की तैयारी है। कंपनी भारत में अपने प्रमुख आशीष चौधरी को प्रमोट कर रही है। अब वे सीधे एप्पल के प्रोडक्ट बिक्री के प्रमुख माइकल फेंगर को रिपोर्ट करेंगे। पिछली तिमाही में भारत में कंपनी की बिक्री 5 फीसदी घटी थी। कंपनी के सीईओ टिम कुक ने कंपनी के परिणाम के अवसर पर कहा कि एप्पल भारतीय बाजार पर बहुत जोर दे रही है। भारत में उसी तरह काम किया जा रहा है जैसे उसने पहले चीन में किया था।

कोला सेगमेंट में देशी ब्रांड कैंपा 50 साल बाद फिर से लॉन्च हुआ है। इस बार रिलायंस ने तीन प्रकार के पेय उतारे हैं। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. ने शुरुआत में कैंपा कोला, कैंपा लेमन और कैंपा ऑरेंज को उतारा है। कैंपा 1977 में लॉन्च हुआ था।

मर्सिडीज 12 लाख तक होगी महंगी

लक्जरी कार निर्माता मर्सिडीज ने कहा है कि वह एक अप्रैल से गाड़ियों की कीमतें 2 से 12 लाख रुपये तक यानी 5त तक बढ़ाएगी। कंपनी का कहना है कि विदेशी विनिमय पर असर होने से उसे तीन महीने में दूसरी बार भाव बढ़ाना पड़ रहा है। पावर ग्रिड के बोर्ड ने बॉन्ड्स के जरिये 900 करोड़ रुपये जुटाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि इसका मूल आकार 300 करोड़ रुपये का होगा और इसमें 600 करोड़ रुपये तक जुटाने का विकल्प होगा।

फॉरेक्स बाजार को करना होगा नई चुनौतियों का सामना

नई दिल्ली। भारत को विदेशी मुद्रा बाजार में उभरने वाली अस्थिरता का प्रबंधन करने के लिए कमर कसने की जरूरत है, क्योंकि देश रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कहा, आने वाले समय में बाजार तेजी से विकसित होंगे। इससे एक दूसरे से उनका जुड़ाव बढ़ेगा और उत्पादों का भी विस्तार होगा। ऐसे में भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स) के लिए नई चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। भारतीय बैंक विदेश में अपने कारोबार का विस्तार कर रहे हैं। इससे नए मोर्चे पर उनको चुनौतियां मिलेंगी। मिस्र में फॉरेन एक्सचेंज डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एक कार्यक्रम में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर राव ने कहा, घरेलू बाजार में अप्रवासियों की भागीदारी बढ़ रही है। इससे टेक्नोलॉजी बदल रही है जिससे काम करने के तरीके में भी बदलाव आ रहा है। विदेशी विनिमय बाजार के भागीदारों को इस बदलाव और संबंधित जोखिम के प्रबंधन के लिए तैयार रहना होगा। आरबीआई देश और दुनिया में मैक्रो वित्तीय माहौल में बदलाव को ध्यान में रखकर आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत है।विदेशी मुद्रा बाजार में ज्यादा उतार-चढ़ाव पर आरबीआई करता है हस्तक्षेप राव ने कहा, विदेशी मुद्रा बाजार में ज्यादा उतार-चढ़ाव होने पर आरबीआई सरकारी बैंकों के जरिये हस्तक्षेप करता है।

आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए सीईओ फोरम की सिफारिश पर गौर करेंगे भारत-अमेरिका

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए क्या उचित कार्रवाई की जाए। इस संबंध में सीईओ फोरम की सिफारिशों पर दोनों देश गौर करेंगे। पीयूष गोयल और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने यहां आयोजित भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक की अध्यक्षता की। सीईओ फोरम की सह-अध्यक्षता टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और लॉकहीड मार्टिन के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेम्स टैकलेट ने की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने यहां भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की बैठक के बाद संयुक्त बयान जारी किया। संयुक्त बयान के मुताबिक दोनों सरकारें 'भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक परिदृश्य और संबंधों को बढ़ाने को उचित कार्वाई के लिए सीईओ फोरम की सिफारिशों की जांच करेंगी।

इससे पहले भारत और अमेरिका ने यहां आयोजित 'वाणिज्यिक संवाद-2023' के दौरान सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला तथा नवाचार साझेदारी पर एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए। इसके बाद पीयूष गोयल ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि जीना रायमोंडो की यात्रा के दौरान अमेरिका और भारत के बीच वाणिज्यिक और द्विपक्षीय जुड़ाव पर बात हुई। वहीं, अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने कहा कि अमेरिका भारत को भरोसेमंद प्रौद्योगिकी साझेदार के रूप में देखता है और वह दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने पिछले दो सालों में कई ऐसे कदम उठाए हैं, जिनसे भारत व्यापार करने के लिए और भी आकर्षक स्थल बन गया है।

जीना रायमोंडो ने जनपथ में हैंडलूम हाट का दौरा भी किया। उन्होंने कहा कि मैं इससे बहुत प्रभावित हुई हूं। यह महिलाओं को सशक्त कर रहा है। महिलाएं जो उत्पाद बना रही है, वह पर्यावरण, अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। मैं जितनी भी महिलाओं से मिली उनमें काफी प्रतिभा है। गौरतलब है कि जीना रायमोंडो यहां फोरम की बैठक और भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद में भाग लेने के लिए चार दिवसीय दौरे पर आई थीं। उनके साथ अमेरिकी कंपनियों के 10 मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भी थे।

उल्लेखनीय है कि भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की पिछली बैठक नवंबर 2022 में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आयोजित की गई थी। यह प्रमुख क्षेत्रीय विषयों पर संवाद और दोनों अर्थव्यवस्थाओं के पारस्परिक लाभ के लिए निकट सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक मंच है।

भारत-अमेरिका के बीच सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला समझौता पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली।सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में चीन की मनमानी खत्म करने के लिए भारत ने अमेरिका के साथ एक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए यह समझौता हुआ है। इसके साथ ही भारत-अमेरिका वाणिज्यिक संवाद में द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग और निवेश को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने और नवाचार भागीदारी पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक भारत और अमेरिका ने सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन और विविधीकरण पर एक सहयोगी तंत्र स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

MoU on Semiconductor Supply Chain
and Innovation Partnership
10th March 2023 | New Delhi

मंत्रालय के मुताबिक पीयूष गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी की है। इससे पहले पीयूष गोयल ने अमेरिका की वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो से यहां मुलाकात की। मंत्रालय के मुताबिक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन और इनोवेशन पार्टनरशिप की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन भारत के ढांचे के तहत यूएस कमर्शियल डायलॉग पर नई दिल्ली में आयोजित कमर्शियल डायलॉग 2023 के बाद दोनों देशों के बीच ये हस्ताक्षर किए गए हैं।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो पीयूष गोयल के निमंत्रण पर चार दिन की भारत यात्रा पर हैं। भारत-अमेरिकी वाणिज्यिक संवाद एक सहकारी उपक्रम है, जिसमें निजी क्षेत्र की बैठकों के साथ-साथ दोनों सरकारों की आपस में नियमित बैठकें शामिल हैं। पिछली भारत-अमेरिका वाणिज्यिक स्तर की वार्ता फरवरी 2019 में आयोजित की गई थी। इसके बाद कोरोना महामारी के कारण इसे आयोजित नहीं किया जा सका था। उल्लेखनीय है कि भारत-अमेरिका का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों देशों के बीच वस्तुओं के द्विपक्षीय व्यापार में 2022 में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिसमें 131 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। 2014 से लेकर 2022 यानी आठ साल में यह दोगुना हो गया। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि वस्तुओं और सेवाओं में कुल व्यापार 180 अरब डॉलर को पार कर सकता है। इसके अलावा भारत के लिए अमेरिका एफडीआई का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है और शीर्ष पांच निवेश स्थलों में से एक भी है।

राष्ट्रीय पेंशन योजना के सदस्यों की संख्या 23 फीसदी बढ़कर हुई 624.81 लाख

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी जारी है। वित्त वर्ष 2022-23 में चार मार्च तक एनपीएस सदस्यों की संख्या 22.88 फीसदी बढ़कर 624.81 लाख पर पहुंच गई है। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में एनपीएस सदस्यों की संख्या चार मार्च तक 23 फीसदी बढ़कर 6.24 करोड़ हो गई है। वहीं, एपीवाई सदस्यों की संख्या में 28 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई। इस दौरान एक करोड़ से अधिक नए सदस्य जुड़े हैं। बयान के मुताबिक एनपीएस और एपीवाई के तहत कुल पेंशन प्रबंधन परिसंपत्ति (एयूएम) चार मार्च 2023 तक सालाना आधार पर 23.45 फीसदी बढ़कर 8.82 लाख करोड़ रुपये हो गई।एनपीएस के तहत विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ग्राहकों की संख्या 4 मार्च तक सालाना आधार पर 22.88 फीसदी बढ़कर 624.81 लाख हो गई, जबकि 5 मार्च, 2022 तक यह आंकड़ा 508.47 लाख था। हालांकि, पिछले साल 31 मार्च तक एनपीएस सदस्यों की कुल संख्या 5.20 करोड़ थी।

National
Pension
Scheme

देश का आद्योगिक उत्पादन जनवरी महीने में 5.2 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर राहत देने वाली खबर है। देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जनवरी में 5.2 फीसदी बढ़ा है। हालांकि, पिछले साल जनवरी महीने में औद्योगिक उत्पादन दो फीसदी बढ़ा था। आईआईपी के आधार पर मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन दिसंबर, 2022 में 4.7 फीसदी बढ़ा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के मुताबिक देश का उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जनवरी में 5.2 फीसदी बढ़ा है। एनएसओ ने कहा कि बिजली, खनन और विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन के चलते जनवरी, 2023 में औद्योगिक उत्पादन थोड़ा बेहतर रहा। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 3.7 फीसदी बढ़ा है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 1.9 फीसदी था। वहीं, खनन क्षेत्र का उत्पादन 8.8 फीसदी और बिजली क्षेत्र का उत्पादन 12.7 फीसदी बढ़ा है। इसी तरह पूंजीगत वस्तुओं के खंड में जनवरी में 11 फीसदी की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में यह आंकड़ा 1.8 फीसदी था।

आंकड़ों के मुताबिक उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में 7.5 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि एक साल की समान अवधि में इसमें 4.4 फीसदी की गिरावट रही थी। उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन 6.2 फीसदी बढ़ा है, जबकि यह आंकड़ा एक साल पहले इसी अवधि में 3.1 फीसदी था। वहीं, अवसंरचना या निर्माण वस्तुओं में 8.1 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3.1 फीसदी था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में जनवरी महीने के दौरान 9.6 फीसदी की वृद्धि हुई है। एनएसओ के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 के पहले 10 महीनों (अप्रैल-जनवरी) के दौरान आईआईपी में वृद्धि 5.4 फीसदी रही। हालांकि, एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 13.7 फीसदी रहा था।

स्पाइसजेट के दो बोइंग विमानों का पंजीकरण रद्द, कंपनी बोली- परिचालन पर असर नहीं

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइसजेट के दो बोइंग 737-800 विमानों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने यह भी कहा कि दोनों विमानों का पंजीकरण रद्द होने से उसके परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने वीटी-एसजेडके और वीटी-एसवाईए का पंजीकरण क्रमशः छह और नौ मार्च को रद्द कर दिया। केपटाउन कन्वेंशन के तहत पट्टेदार और ऋणदाता चूक होने की स्थिति में पट्टे पर लिए गए विमान का पंजीकरण रद्द करने की मांग कर सकते हैं। इस तरह के अनुरोध अपरिवर्तनीय पंजीकरण और निर्यात अनुरोध प्राधिकरण (आईडीईआरए) के तहत किए जाते हैं।उन्होंने कहा, 'एक विमान लंबे समय से खड़ा है और उसे पहले ही वापस किया जाना था जबकि दूसरे विमान को पट्टेदार के साथ इंजन संबंधी कुछ समस्याओं के कारण वापस किया जा रहा है। दोनों विमानों को सबसे कुशल तरीके से सहमति से वापस किया जा रहा है। इससे हमारे परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, 'प्रवक्ता ने एक बयान में कहा।

लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 671 अंक लुढ़का

नई दिल्ली। लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में गिरावट रही। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। आईटी, वित्तीय और तेल कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 671.15 अंक यानी 1.12 फीसदी की गिरावट के साथ 59,135.13 पर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 176.70 फीसदी यानी 1.00 फीसदी लुढ़कर 17,412.90 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 21 शेयर लाल निशान और 9 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। कारोबार के दौरान एक समय बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 58,884.98 के निचले स्तर तक चला गया था।

30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स के गिरावट वाले एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी, और इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, एलएंडटी, रिलायंस, इंफोसिस और टीसीएस प्रमुख शेयर थे। इसके विपरीत टाटा मोटर्स, मारुति, एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयरों में बढ़त दर्ज हुई। अडाणी समूह के 10 शेयरों में से 5 शेयर में तेजी और 5 में गिरावट रही। आज के कारोबार में समूह की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 3 फीसदी से ज्यादा टूटा। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को भी गिरावट के साथ बंद हुआ था। सेंसेक्स 541 अंक लुढ़कर 59,806 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी भी 164 अंक की गिरावट के साथ 17,589 के स्तर पर बंद हुआ था।

यात्री वाहनों की थोक बिक्री का फरवरी में टूटा रिकॉर्ड, बिके 2.92 लाख वाहन

नई दिल्ली। कार और यूटिलिटी वाहनों में जबरदस्त तेजी से वाहन निर्माताओं ने फरवरी, 2023 में 2.92 लाख यात्री वाहनों की थोक बिक्री की। किसी भी फरवरी में यह अब तक की सर्वाधिक बिक्री है।

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा, फरवरी, 2022 में 2,62,984 वाहनों की तुलना में इस बार 11 फीसदी अधिक बिक्री हुई है। यात्री कारों की बिक्री फरवरी माह में बढ़कर 1.42 लाख हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में 1,33,572 वाहन बिके थे। स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) सहित यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 1.20 लाख से बढ़कर 1.38 लाख हो गई।

मारुति सुजुकी ने पिछले महीने डीलरों को 1.02 लाख वाहन दिए थे। यह फरवरी, 2022 के 99,398 वाहन से तीन फीसदी अधिक है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की बिक्री भी फरवरी महीने के दौरान आठ फीसदी बढ़कर 11,29,661 रही। पिछले साल फरवरी में 10,50,079 दोपहिया वाहन बिके थे।मोटरसाइकिल की बिक्री 6.58 लाख से बढ़कर 7.03 लाख पहुंच गई। स्कूटर की बिक्री 3,56,222 से बढ़कर 3.91 लाख हो गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री 86त बढ़कर 50,382 हो गई।

वरिष्ठ नागरिकों को एफडी पर 9.25 फीसदी तक ब्याज, अप्रैल में रिजर्व बैंक एक बार और बढ़ा सकता है रेपो दर

नई दिल्ली।कर्ज के लगातार महंगे होने के साथ ही फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर भी ब्याज लगातार बढ़ रहा है। छोटे बैंक अब वरिष्ठ नागरिकों को 9.25 फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं। हालांकि, बड़े बैंक भी 8 से 8.50 फीसदी तक की पेशकश कर रहे हैं। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा है कि वह वरिष्ठ नागरिकों को 700 दिन के जमा पर 9.25 फीसदी ब्याज देगा। अप्रैल में आरबीआई एक बार फिर से रेपो दर बढ़ाता है। तो एफडी पर और ज्यादा ब्याज मिल सकता है। ऐसे में आकर्षक रिटर्न के लिए इस समय डेट और फिक्स्ड इनकम बेहतर साबित हो सकते हैं, खासकर तब जब इक्विटी बाजार में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव है।

कोटक और एसबीआई ने भी बढ़ाया ब्याज

कोटक बैंक इस समय 390 दिन के एफडी पर 7.20 फीसदी और 364 दिन के एफडी पर 6.2 फीसदी ब्याज दे रहा है। एसबीआई 400 दिन के एफडी पर 7.10 फीसदी ब्याज दे रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि एफडी का चयन करते समय आपको उस अवधि को देखना चाहिए जिसके लिए आप निवेश करना चाहते हैं। यानी जब तक आपको पैसे की जरूरत न हो, आप तब तक के लिए निवेश कर सकते हैं।

एक्सिस ने बढ़ाया 0.40 फीसदी ब्याज

एक्सिस बैंक ने एफडी पर 0.40 फीसदी तक ब्याज बढ़ा दिया है। 13 माह से 24 माह के एफडी पर अब 7.15 फीसदी ब्याज मिलेगा जो पहले 6.75 फीसदी था। दो साल से ढाई साल के जमा पर 7.26 फीसदी का ब्याज मिलेगा। 30 महीने से 10 साल के एफडी पर 7 फीसदी का ब्याज मिल रहा है। नई दरें 10 मार्च से लागू हो गई हैं।

स्मार्टफोन, एसी-फ्रिज की कीमतें घटीं, तीन साल में पहली बार सस्ते हुए इलेक्ट्रॉनिक सामान

नई दिल्ली। गर्मी के मौसम में अमूमन महंगे होने वाले फ्रिज और एसी के साथ स्मार्टफोन इस बार सस्ते हो गए हैं। तीन साल में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक सामानों की कीमतें 4,000 रुपये तक घटी हैं। इनकी ढुलाई पर कम लागत और बचे हुए सामान को जल्दी बेचने के लिए कीमतों को 5-10 फीसदी तक कम कर दिया गया है। एक कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, 2020 और 2021 में स्मार्टफोन की मांग तेजी से बढ़ी थी। मोबाइल फोन कंपनियां पिछले साल मांग का ठीक से अनुमान नहीं लगा सकीं और इसलिए इस समय काफी सामान बिक्री के लिए पड़े हैं।

बढ़ती लागत के कारण इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां साल में दो-तीन बार कीमतों में करीब चार फीसदी तक बढ़ोतरी करती हैं। इस साल जनवरी तक स्मार्टफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की कीमतें कोरोना पूर्व की तुलना में औसतन 18-25त अधिक थीं।

एल्युमीनियम, स्टील व पॉलिथीन सस्ते: आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में एल्युमीनियम की कीमतों में सालाना आधार पर 16.30 फीसदी, स्टील में 1.3 फीसदी और हाई-डेंसिटी पॉलिथीन में 7 फीसदी की गिरावट आई है। माल ढुलाई की कीमतों में भी गिरावट आई है। वैश्विक मांग में गिरावट से सेमीकंडक्टर चिप की कीमतें पिछले साल से गिर रही हैं। कोरोना महामारी के समय की तुलना में यह दस गुना से भी कम हो गई हैं। कुछ कंपनियां स्मार्टफोन के मॉडल 5 से 15 फीसदी सस्ते में बेच रही हैं। इस आधार पर 20,000 रुपये के फोन पर तीन हजार रुपये की छूट मिल रही है। फिर भी मांग में कमी है। एलजी, सैमसंग व हायर जैसी रेफ्रिजरेटर कंपनियों ने लोकप्रिय मॉडलों की कीमतों में 4,000 रुपये तक की कमी की है।

चीन के खिलाफ़ शिमला में तिब्बती समुदाय का प्रदर्शन

शिमला। तिब्बतियों के राष्ट्र विद्रोह की 64वीं वर्षगांठ की याद में आज क्षेत्रीय तिब्बतियन युवा कांग्रेस ने शिमला में चीन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ शेर ए पंजाब से डीसी कार्यालय तक रोष मार्च निकाला। इस दौरान तिब्बती समुदाय के लोगों ने चीन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तिब्बत की आज़ादी की मांग की। इस मौके पर क्षेत्रीय तिब्बतीन युवा कांग्रेस का सदस्य दोरजे तेलसिन ने कहा कि आज के दिन चीन ने तिब्बत पर कब्जा किया था। वर्ष 1959 में दलाईलामा को तिब्बत के धार्मिक व आध्यात्मिक नेता को अपने सरकारी मन्त्रियों की परिषद के साथ भारत में पलायन होने को मजबूर होना पड़ा था। चीन तिब्बत में लगातार अत्याचार कर रहा है जिसके खिलाफ आज देश और दुनिया भर में तिब्बती समुदाय के लोग विरोध जाहिर कर रहे हैं। तिब्बती समुदाय के लोग देश की आज़ादी की लड़ाई लड़ रहा है जिसमें भारत सरकार और आम लोगों से भी साथ देने का आह्वान किया जा रहा है।

लोगों को बंधक बनाने वाला संदिग्ध गिरफ्तार, किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं

जर्मनी। जर्मनी की पुलिस की एक विशेष इकाई ने दक्षिण-पश्चिमी शहर कार्लजूए के एक फार्मेसी में लोगों को घंटों बंधक बनाकर रखने वाले संदिग्ध को पकड़ लिया है। इसके अलावा उन्होंने एक अन्य व्यक्ति को भी पकड़ा है। इस पूरे घटना के दौरान शहर को बंद कर दिया गया था। यह घटना हैमबर्ग के पड़ोस में विटनेस हॉल में भगदड़ मचने के बाद हुई। शाम के करीब साढ़े चार बजे फार्मेसी में कर्मचारियों के प्रवेश के बाद ही कई धमाकों की आवाजें आई। जिसके बाद पुलिस को खबर दी गई और रात के साढ़े नौ बजे के करीब पुलिस की एक विशेष इकाई ने फार्मेसी में घुसकर धमाका करने वाले संदिग्ध को पकड़ लिया। जर्मन के एक अखबार स्टटगार्टर जाइतुंग के सुचना के अनुसार दो लोगों को बंधक बनाने के साथ एक मिलियन यूरो फिरौती के तौर पर मांगी गई थी। इसपर पुलिस प्रवक्ता ने किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। हालांकि, इससे पहले जर्मनी के बिल्ड अखबार ने खबर दी थी कि पुलिस कथित तौर पर बंधक बनाने वाले के संपर्क में है। पुलिस के अनुसार कई लोगों को बंधक बनाया गया था। बता दें कि कार्लजूए, फ्रांसीसी सीमा से ज्यादा दूर नहीं है। इस शहर में लगभग 300,000 लोग रहते हैं और जर्मनी की सर्वोच्च अदालत, संघीय न्यायालय भी यहीं स्थित है। इस घटना के बाद फार्मेसी की अच्छे से तलाशी ली गई, जहां किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

पाक ने उठाया एक साल पुराना मामला, भारत से संयुक्त जांच की मांग दोहराई

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने एक साल बाद फिर पुराने मामले को उठाया है। पाकिस्तान ने भारत द्वारा गलती से सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल दागे जाने की संयुक्त जांच की अपनी मांग दोहराई और एक साल पहले हुई इस घटना पर नई दिल्ली से संतोषजनक प्रतिक्रिया मांगी। इस्लामाबाद के विदेश कार्यालय ने राजस्थान के सूरतगढ़ से ब्रह्मोस मिसाइल दागे जाने और 9 मार्च, 2022 को पाकिस्तानी क्षेत्र में गिरने के एक साल पूरा होने पर एक बयान जारी किया।हालांकि, भारत ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए भारतीय वायुसेना के तीन अधिकारियों की सेवाओं को पिछले साल अगस्त में समाप्त कर दिया था। एक कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) के दौरान पता चला था कि उनके द्वारा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) में विचलन के कारण गलती से मिसाइल दागी गई थी।

पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि एक वर्ष बीत जाने के बावजूद, भारत सरकार ने इस गंभीर घटना के तथ्यों को सटीक रूप से स्थापित करने के लिए संयुक्त जांच की पाकिस्तान की मांग को स्वीकार नहीं किया है। साथ ही भारत ने अपनी आंतरिक जांच के निष्कर्षों को भी पाकिस्तान के साथ साझा नहीं किया है। विदेश कार्यालय ने आरोप लगाया कि भारत ने एकतरफा और जल्दबाजी में तथाकथित आंतरिक जांच को बंद कर दिया, जिसने भारत में उसके सामरिक हथियारों के लिए मौजूद कमांड और कंट्रोल सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान इस गैरजिम्मेदाराना घटना की संयुक्त जांच की अपनी मांग दोहराता है। आगे कहा गया है कि हम परमाणु वातावरण में मिसाइलों के आकस्मिक या अनधिकृत लॉन्च के खिलाफ सुरक्षा प्रोटोकॉल और तकनीकी सुरक्षा उपायों के संबंध में कई मूलभूत सवालों के संतोषजनक जवाब और स्पष्टीकरण की भी उम्मीद करते हैं। विदेश कार्यालय ने कहा कि मिसाइल ने मानव जीवन और संपत्ति को खतरे में डाला और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा पैदा किया।

अमेरिकी संसद में विधेयक पारित : सार्वजनिक होगी कोरोना वायरस की उत्पत्ति से जुड़ी गोपनीय जानकारी

वाशिंगटन। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा जुटाई गई कोरोना वायरस की उत्पत्ति से जुड़ी गोपनीय जानकारी जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। अमेरिकी संसद में इस आशय का विधेयक पारित किया गया है।

संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (प्रतिनिधि सभा) में विधेयक पेश कर मांग की गई कि चीन के वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और कोरोना वायरस की उत्पत्ति के बीच संबंधों से जुड़ी गोपनीय जानकारी सार्वजनिक की जाए। इस विधेयक को लेकर सत्तारूढ़ डेमोक्रेट और विपक्षी रिपब्लिकन सांसद एक साथ दिखे और यह विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। अमेरिकी सांसदों की मांग है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने इस महामारी को लेकर जो भी जानकारी जुटाई है, उसे राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से सार्वजनिक कर दिया जाए। अब यह विधेयक अमेरिकी राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। वह तय करेंगे कि खुफिया एजेंसियों द्वारा इस मामले पर जुटाई गई जानकारी को जारी किया जाना है या नहीं। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से यह विधेयक पारित होने के बाद अब अमेरिकी संसद के दोनों सदनों से यह प्रस्ताव पारित हो चुका है। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट में भी एकमत से यह प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। उस प्रस्ताव में मांग की गई थी कि अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक एवरिल हेन्स कोविड की उत्पत्ति और चीन के कनेक्शन से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करें।

कुछ दिन पहले अमेरिकी ऊर्जा मंत्रालय की रिपोर्ट में भी अंदेशा जताया गया था कि कोरोना वायरस चीन के वुहान की एक लैब से निकला है। इसके बाद अमेरिका की घरेलू एजेंसी एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर व्रे ने भी कोरोना वायरस के वुहान में लैब में हुई घटना से निकलने की बात कही थी।

अमेरिका में आर्थिक संकट: शीर्ष सोलह बैंकों में शामिल सिलिकॉन वैली बैंक बंद

वाशिंगटन। अमेरिका भी आर्थिक संकट से दो-चार हो रहा है। देश के शीर्ष सोलह बैंकों में शामिल सिलिकॉन वैली बैंक को बंद कर दिया गया है। तकनीकी स्टार्ट अप को कर्ज देने के लिए प्रसिद्ध सिलिकॉन वैली बैंक के वित्तीय संकट का असर पूरी दुनिया के शेयर बाजारों में हुआ और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

अमेरिका में नया बैंकिंग संकट शुरू हो गया है। वहां की शीर्ष 16 बैंकों में शुमार सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) को नियामक ने तत्काल बंद कर दिया है। तकनीकी स्टार्टअप को कर्ज देने के लिए मशहूर एसवीबी फाइनेंसियल ग्रुप के संकट ने पूरी दुनिया के शेयर बाजारों में शुक्रवार को हलचल मचा दी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में गिरावट आ गई। यहां वित्तीय संकट की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कैलिफोर्निया के बाद अब सिलिकॉन वैली बैंक का संकट सामने आया है। जमाकर्ताओं का धन सुरक्षित करने के लिए अमेरिकी बैंकिंग नियामक ने सिलिकॉन वैली बैंक को तत्काल बंद कर दिया है। बैंकिंग नियामक की ओर से जारी बयान में कहा गया कि संघीय जमाकर्ता बीमा निगम को सिलिकॉन वैली बैंक का रिसीवर नियुक्त किया गया है। अब इस बैंक की 210 अरब डॉलर की संपत्तियों को बेचा जाएगा। संघीय जमाकर्ता बीमा निगम ने एक बयान जारी कर कहा कि सिलिकॉन वैली बैंक की सभी शाखाएं 13 मार्च को खुलेंगी और सभी निवेशक अपने खाते का संचालन कर सकेंगे।



इस घटनाक्रम के बाद सिलिकॉन वैली बैंक के शेयरों में 66 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गयी। इस कारण पूरी दुनिया में बैंकों के शेयरों में गिरावट देखी गयी। इस संकट का असर भारतीय स्टार्ट अप की दुनिया पर भी पड़ सकता है। सिलिकॉन वैली बैंक ने पेटीएम, नापतोल, ब्ल्यूस्टोन जैसे 21 स्टार्टअप में निवेश कर रखा है। कई वेंचर कैपिटल कंपनियों का भी सिलिकॉन वैली बैंक से समझौता है। ऐसे में भारतीय बाजार में भी इस बैंक के बंद होने से हलचल देखी जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफ दायर याचिका पर लिखित जवाब देने का दिया आदेश

काठमांडू। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के खिलाफ दायर याचिका पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आज शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के जज ईश्वर खातीवाड़ा की सिंगल बेंच ने 15 दिन के अंदर लिखित जवाब देने का आदेश दिया है । यह आदेश प्रचंड द्वारा 10 साल की सशस्त्र गतिविधियों के दौरान मारे गए लोगों में से केवल 5000 लोगों की जिम्मेदारी लेने के लिए दायर याचिका पर जारी किया गया है। याचिकाकर्ता ज्ञानेंद्र राज अरण और अन्य ने जब वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री प्रचंड के विवादित बयान के खिलाफ याचिका दायर करने की कोशिश की तो कोर्ट ने इसे दायर करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले सप्ताह याचिका दायर करने के आदेश के बाद इसे दायर किया गया। रिट पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से बहस कर रहे वकीलों ने अंतरिम आदेश की मांग की लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रचंड के बयान को लेकर दायर याचिका के बाद नेपाल के राजनीतिक परिदृश्य में खलबली मच गई है। माओवादी विचारधारा के नेताओं ने हाल ही में एकता और विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठकें शुरू की हैं।

ब्रिटेन में बर्फीले तूफान स्टॉर्म लारिसा का कहर, ट्रेनें बंद

लंदन। ब्रिटेन में आए बर्फीले तूफान के कारण कई ट्रेनों को रद्द करने के साथ कुछ स्कूलों को भी बंद कर दिया गया है। एक प्रमुख राजमार्ग पर लोग घंटों फंसे रहे। यह तूफान एक सप्ताह में दूसरी बार आया है। स्टॉर्म लारिसा नाम के इस बर्फीले तूफान ने देश के अधिकांश हिस्सों में आंधी और बर्फबारी ने नुकसान पहुंचाया।

मेट ऑफिस मौसम एजेंसी के एक मौसम विज्ञानी एलेक्स बर्किल ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र उत्तरी इंग्लैंड और उत्तरी वेल्स है, जहां 50 मील प्रति घंटे (80 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ एक फुट (30 सेंटीमीटर) बर्फ भी गिरी। कुछ ड्राइवर उत्तरी इंग्लैंड में एम-62 राजमार्ग पर ट्रैफिक के रुकने के बाद कारों में सात घंटे से अधिक समय तक फंस रहे।

मध्य इंग्लैंड के पीक जिले में कई सड़कें दुर्गम थीं और मैनचेस्टर और शेफील्ड शहरों को जोड़ने वाली रेल भी ट्रैक पर पेड़ों के गिरने से बंद हो गई थी। बर्फीली आर्कटिक हवा ने इस सप्ताह तापमान को स्कॉटिश हाइलैंड्स में शून्य से 16 डिग्री सेल्सियस (3 फारेनहाइट) तक कम कर दिया है। मौसम कार्यालय ने कहा कि देश के लिए वसंत ऋतु में ठंड का अनुभव करना सामान्य बात है, लेकिन बर्फीले तूफान से हालात खराब हो गए हैं। मौसम विभाग ने कहा कि ब्रिटेन में दिसंबर की तुलना में मार्च में मामूली रूप से अधिक हिमपात की संभावना है।

मेट ऑफिस मौसम एजेंसी के एक मौसम विज्ञानी एलेक्स बर्किल ने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र उत्तरी इंग्लैंड और उत्तरी वेल्स है, जहां 50 मील प्रति घंटे (80 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ एक फुट (30 सेंटीमीटर) बर्फ भी गिरी।

अमेरिका के 6.9 ट्रिलियन डॉलर के बजट में अमीरों से अधिह टैक्स वसूलने का प्रस्ताव

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वर्ष 2024 के लिए 6.9 ट्रिलियन डालर का वार्षिक बजट पेश किया है। बजट में अमीरों पर कर बढ़ाने के साथ ही सामाजिक सरोकारों पर बड़े पैमाने पर खर्च और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर निवेश का प्रस्ताव किया है।

बजटीय प्रस्तावों में अमेरिकी आबादी 0.01 फीसदी सर्वाधिक अमीर परिवारों पर 25 फीसदी न्यूनतम कर लगाने, कार्पोरेट आयकर दर को 21 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी करने का प्रस्ताव आदि शामिल हैं। फिलाडेल्फिया में एक रैली में बाइडन ने कहा कि किसी भी अरबपति को एक स्कूली शिक्षक या आप में से किसी से कम कर का भुगतान नहीं करना चाहिए। इसलिए मेरी योजना यह सुनिश्चित करने की है कि वह अपने उचित हिस्से का भुगतान करना शुरू कर दें। वहीं, रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद की दावेदारी पेश करने वाली भारतवंशी निक्की हेली ने बजटीय प्रस्तावों के लिए बाइडन की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव समाजवादी और अमेरिका के लिए आपदा के समान है। बाइडन ने बजट प्रस्ताव में पाकिस्तान आर्थिक सहायता निधि को दोगुना करने का प्रस्ताव किया है। बजट में अक्टूबर से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष 2024 के लिए आर्थिक सहायता कोष श्रेणी के तहत पाकिस्तान को 8.2 करोड़ डालर देने का प्रस्ताव है। 2022 में यह 3.9 करोड़ डालर था।



पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों और कानून प्रवर्तन श्रेणी के तहत 1.7 करोड़ डालर और अंतरराष्ट्रीय सैन्य शिक्षा और प्रशिक्षण श्रेणी के तहत 35 लाख डालर प्राप्त करने का भी प्रस्ताव है। प्रशासन ने यूएस एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य कार्यक्रम श्रेणी के तहत पाकिस्तान को 3.2 करोड़ अमरीकी डालर का प्रस्ताव भी दिया है।

माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति डेविड पैनुएलो ने चीन से खुद को जान का खतरा बताया

पालिकिर। पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित देश माइक्रोनेशिया ने चीन पर अपने नेताओं और अधिकारियों को रिश्वत देकर खरीदने की कोशिश का आरोप लगाया है। माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति डेविड पैनुएलो ने चीन पर राजनीतिक युद्ध की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए चीन से खुद की जान को भी खतरा बताया है।

पैनुएलो का माइक्रोनेशिया के राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल समाप्त होने में अब महज दो महीने शेष हैं। ऐसे समय में उन्होंने एक पत्र लिखकर चीन पर बड़ा हमला किया है। पैनुएलो ने अपने पत्र में लिखा है कि चीन माइक्रोनेशिया में हस्तक्षेप कर प्रशांत क्षेत्र में युद्ध का वातावरण बना रहा है। उन्होंने चीन पर माइक्रोनेशिया और अमेरिका के बीच रिश्ते बिगाड़ने की कोशिश का आरोप लगाते हुए माइक्रोनेशिया को अमेरिका का पुराना सहयोगी करार दिया। पैनुएलो ने माइक्रोनेशिया में चीन की वर्तमान गतिविधियों के लिए चीन की निंदा भी की। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि माइक्रोनेशिया के समुद्री क्षेत्र में अनुसंधान की आड़ में चीन जासूसी कर रहा था। उन्होंने इसके लिए अमेरिका में मिले जासूसी गुब्बारे का हवाला भी दिया।



माइक्रोनेशिया की कांग्रेस और राज्य के राज्यपालों को लिखे अपने पत्र में पैनुएलो ने खुले तौर पर लिखा है कि चीन उनके देश में राजनीतिक युद्ध की कोशिश कर रहा है। राजनीतिक गठजोड़, आर्थिक उपाय, सार्वजनिक प्रचार, रिश्वतखोरी, मनोवैज्ञानिक युद्ध और ब्लैकमेल जैसी गुप्त गतिविधियां शामिल हैं। पत्र में चीन के स्थान पर ताइवान से रिश्तों में मजबूती की बात कहते हुए जानकारी दी है कि उन्होंने इस साल फरवरी में ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने जोसेफ वू को बताया था कि वह चीन की बजाय उन्हें समर्थन देने के लिए राजनयिक संबंधों को बदल सकते हैं। इसके बदले में ताइवान ने माइक्रोनेशिया को 50 मिलियन डॉलर के इंजेक्शन देने पर सहमति जताई है। साथ ही माइक्रोनेशिया को वार्षिक 15 मिलियन डॉलर के सहायता पैकेज की जानकारी भी दी है।

ली कियांग बने चीन के नए प्रधानमंत्री, जिनपिंग के करीबी नेताओं में है शुमार

बीजिंग। चीन की राजनीति में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। लगातार 10 साल से प्रधानमंत्री पद संभाल रहे 67 वर्षीय ली केकियांग औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी जगह 63 वर्षीय ली कियांग की चीन के नए प्रधानमंत्री के तौर पर नियुक्ति हुई है। केकियांग की अध्यक्षता वाली वर्तमान कैबिनेट की जगह अब कियांग के नेतृत्व वाली नई केंद्रीय कैबिनेट 'स्टेट काउंसिल' चीनी संसद के वार्षिक सत्र (नेशनल पीपुल्स कांग्रेस) का कार्यभार संभालेगी।

केकियांग के सत्र पर लगा विराम

साल 2013 में केकियांग ने प्रधानमंत्री का पदभार संभाला था। प्रधानमंत्री राज्य परिषद और केंद्रीय मंत्रिमंडल की अध्यक्षता करते हैं। हालांकि उनके कार्यकाल के दौरान शी जिनपिंग ने उनकी शक्तियों पर कई सारे अंकुश लगाए थे। जिनपिंग ने उन्हें दरकिनार कर अपने सहयोगियों को उनके ऊपर महत्वपूर्ण पदों पर बिठा दिया था। कल केकियांग के कार्यभार का आखिरी दिन है।

नए कैबिनेट पदभार संभालेंगे कियांग-ली कियांग चीन के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। देश के प्रधानमंत्री के साथ पूरा कैबिनेट का पुनर्निर्माण होने वाला है। संसद सत्र के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग को छोड़कर सभी शीर्ष अधिकारियों और मंत्रियों को बदला जाएगा। 63 वर्षीय कियांग राष्ट्रपति शी के करीबी सहयोगी हैं, जिन्हें अक्टूबर में आयोजित सीपीसी कांग्रेस में अभूतपूर्व तीसरे पांच साल के कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री चुना गया है।

जिनपिंग के करीबी हैं कियांग-63 वर्षीय ली कियांग को जिनपिंग का करीबी माना जाता है। उन्हें जिनपिंग के इंटरनल सर्कल में एक व्यापार-समर्थक राजनेता कहा जाता है। नई सात सदस्यीय स्थायी समिति में शी के बाद ली कियांग दूसरे स्थान पर हैं। किन पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता थे और बाद में उपमंत्री के पद तक पहुंचे। वह जिनपिंग के साथ विदेश यात्राओं पर भी जाते रहे हैं।

रूसी कच्चे तेल को लेकर भारत और चीन में बढ़ा मुकाबला, जानें कितनी कीमत पर हो रही खरीद

मास्को। रूस के सस्ता कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारतीय रिफाइनरी कंपनियों और चीनी कंपनियों में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों देशों की कंपनियों में जारी प्रतिस्पर्धा के बीच रूस ने कच्चे तेल के निर्यात में भी कुछ कमी की है, जिसके चलते रूस के कच्चे तेल के दाम भी बढ़ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च महीने में चीन रूस से रिकॉर्ड मात्रा में कच्चे तेल का आयात करने वाला है। वहीं अप्रैल माह में भारतीय रिफाइनरी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और नायारा एनर्जी ने रूस के 33 ईएसपीओ क्रूड कार्गोज में से पांच को खरीद लिया है।

मार्च महीने में भारतीय कंपनियों ने सिर्फ एक कार्गो को खरीदा था, जो अप्रैल में बढ़कर पांच हो गया है। वहीं नवंबर 2022 में भारतीय कंपनियों ने रूसी कच्चे तेल के तीन कार्गो खरीदे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अप्रैल में डिलीवर होने वाले कच्चे तेल को भारतीय कंपनियों ने दुबई से आयात होने वाले कच्चे तेल के मुकाबले पांच डॉलर प्रति बैरल कम की दर से खरीदा है। आमतौर पर भारतीय रिफाइनरी रूस से कच्चे तेल की खरीद डिलीवरी के आधार पर कर रही हैं और इसके तहत तेल बेचने वाले देश को ही तेल के इंश्योरेंस, माल और जहाज का इंतजाम करना होता है।बढ़ती मांग के चलते रूस के कच्चे तेल की कीमतें भी अब बढ़कर 60 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गई है। भारत और चीन की कंपनियों में रूसी तेल खरीदने को लेकर जारी प्रतिस्पर्धा के कारण डिस्काउंट भी कम हुआ है। मार्च में जहां 8.50 डॉलर प्रति बैरल का डिस्काउंट मिला था, वहीं अप्रैल में यह घटकर 6.80 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। बता दें कि यूक्रेन युद्ध के चलते पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसके चलते रूस अपने कच्चे तेल को डिस्काउंट रेट पर बेच रहा है। जिसका फायदा उठाते हुए भारत और चीन ने रूस से होने वाले कच्चे तेल के आयात को कई गुना बढ़ा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस साल फरवरी तक भारत ने रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर करीब 35 हजार करोड़ रुपए की बचत की है। बीते वित्तीय वर्ष में भारत का रूस से आयात होने वाला कच्चा तेल कुल आयात का महज दो फीसदी था, जो वित्तीय वर्ष 2023 की पहली छमाही के दौरान बढ़कर 16 फीसदी हो गया है। इस दौरान भारत ने करीब दो करोड़ टन कच्चा तेल आयात किया जिसमें से करीब 32 लाख टन कच्चा तेल रूस से आयात किया गया था। बीते साल मई में भारत ने रूस से 16 डॉलर प्रति बैरल डिस्काउंट पर तेल खरीदा था, जो कि जून में घटकर 14 डॉलर प्रति बैरल के डिस्काउंट पर आ गया।

एलिसा हीली की नाबाद 96 रनों की पारी, यूपी ने बैंगलोर को 10 विकेट से रौंदा

नई दिल्ली। वीमेंस प्रीमियर लीग के मैच में यूपी वारियर्स ने रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर को 10 विकेट से करारी मात दी। बैंगलोर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में यूपी ने 13वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। यूपी की ओर से कप्तान एलिसा हीली ने 47 गेंदों में 18 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 96 रनों की पारी खेली, जबकि देविका वैद्य ने 31 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 36 रनों की पारी खेली। इससे पहले बैंगलोर 19.3 ओवर में ही 138 रनों पर सिमट गई थी। बैंगलोर की शुरुआत सही नहीं रही, कप्तान स्मृति मंधाना मात्र 4 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद सोफी डिवाइन और एलिस पेरी ने पारी को संभाला। पेरी के अर्धशतक के अलावा, सोफी ने 24 गेंदों में 36 रनों की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद बैंगलोर का कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया। यूपी की ओर से गेंदबाजी में सोफी एक्लेस्टोन ने सर्वश्रेष्ठ 4 विकेट चटकाए। उनके अलावा दीप्ति शर्मा ने 3, जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ ने 1 विकेट हासिल की।

तीन कांस्य पदक काफी हैं, अब स्वर्ण पदक जीतकर मिथक तोड़ना चाहती हूं: लवलीना

नई दिल्ली। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को पूरा भरोसा है कि अधिक वजन वर्ग में खेलने से उन्हें इस महीने के अंत में शुरू होने वाली आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप से किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने के मिथक को तोड़ने में मदद मिलेगी। वह 15 मार्च से यहां शुरू होने वाली महिला विश्व चैम्पियनशिप के 75 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा लेंगी जबकि पिछली दो विश्व चैम्पियनशिप में उन्होंने 69 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता था और 2020 तोक्यो ओलंपिक में भी इसी वजन वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया था। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत की शीर्ष मुक्केबाज निकहत जरीन का ध्यान भी अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखने पर होगा जबकि लवलीना भी शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर पाने का मिथक तोड़ना चाहेंगी। असम की 25 साल की मुक्केबाज ने 2018 और 2019 महिला विश्व चैम्पियनशिप दोनों में तीसरा स्थान हासिल किया था और फिर 2020 तोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। जिससे लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि यह प्रतिभाशाली मुक्केबाज अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं कर रहीं। लेकिन लवलीना ने इससे इनकार किया और कहा कि उनकी प्रतिबद्धता हमेशा रिंग में अपना शत प्रतिशत देने की होती है। लवलीना ने अपने सभी तीनों कांस्य पदक 69 किग्रा में जीते हैं लेकिन वह आगामी चैम्पियनशिप में 75 किग्रा में हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा, ''हां, यह (स्वर्ण पदक नहीं जीतना) मेरे दिमाग में भी चल रहा है, लेकिन मैं इस बार पदक का रंग बदलने के लिये बेकरार हूं। मेरा प्रयास हमेशा स्वर्ण पदक के लिये खेलने का है और इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा। तैयारियां अच्छी चल रही हैं और मैं उम्मीद करती हूं कि मैं घरेलू जमीं पर इस मिथक को तोड़ सकती हूं। उन्होंने साथ ही कहा कि मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन के साथ उसी टीम का हिस्सा होने से उन पर अच्छा प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक जीतने का कोई अतिरिक्त दबाव नहीं होगा।

अदालत के गलियारे में नहीं होने चाहिए खिलाड़ी: दिल्ली उच्च न्यायालय

नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने आगामी एशियाई खेलों के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करने के मद्देनजर घुड़सवारों की चयन प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अदालत के गलियारे में नहीं बल्कि स्टेडियमों में होना चाहिए और जिनका उद्देश्य देश को गौरवान्वित करना है, उन्हें खेल महासंघों द्वारा मानसिक पीड़ा का शिकार नहीं बनाया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति गौरांग कंठ ने तीन घुड़सवारों की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वह भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के प्रतिनिधियों में पेशेवर रवैये की दयनीय स्थिति से काफी दुखी थे और मौजूदा मामला ऐसा लगता है कि जिसमें एक संस्था अपनी पूरी ताकत कुछ व्यक्तिगत खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से बाहर करने के लिये इस्तेमाल कर रही है। चिराग खंडाल, शशांक सिंह कटारिया और यश नेनसी की याचिका महासंघ द्वारा 19वें एशियाई खेलों के लिए चयन मानदंड में शुरू किये गये कुछ बदलावों से संबंधित है। इन एशियाई खेलों का आयोजन इस साल सितंबर-अक्टूबर में चीन के हांगझोऊ में किया जाएगा। अदालत ने 7 मार्च को जारी किए गए अपने आदेश में कहा, 'कोई भी (खिलाड़ी) जो अपने देश का गौरवान्वित करने का लक्ष्य रखता है, उसे महासंघ और इसके अधिकारियों द्वारा मानसिक पीड़ा का शिकार नहीं बनाया जाना चाहिए।

अफरीदी की एशिया लायंस से 9 रनों से हारी गंभीर की इंडिया महाराजा

मुंबई। लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 के पहले ही मुकाबले में एशिया लायंस ने इंडिया महाराजा को 9 रनों से हरा दिया। एशिया लायंस की कप्तानी जहां शाहिद अफरीदी कर रहे हैं तो वहीं, इंडिया महाराज की कमान गौतम गंभीर के पास है। बहरहाल, टॉस जीतने के बाद एशिया के कप्तान शाहिद अफरीदी ने पहले बल्लेबाजी चुनी थी। टीम ने मिसबाह के 73 और थरंगा के 40 रन की बदौलत 165 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी इंडिया महाराज गौतम गंभीर के अर्धशतक के बावजूद 156 रन ही बना पाई। इससे पहले एशिया लायंस ने शुरूआती 3 ओवरों में ही तिलकरत्ने दिलशान और असगर अफगान के विकेट गंवा लिए थे। इसके बाद उपल थरंगा और मिस्बाह ने 100 से ज्यादा रन की साझेदारी कर पारी को आगे बढ़ाया। थरंगा 39 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर अवाना की गेंद पर कैफ को कैच थमा बैठे। इसके बाद मिसबाह ने शाहिद अफरीदी (12) के साथ पारी को आगे बढ़ाया। अंत के ओवरों में परेरा और रज्जाक ने उपयोगी रन बनाकर स्कोर छह विकेट के नुकसान पर 165 तक पहुंचा दिया। भारत की ओर से परविंदर अवाना और स्टुअर्ट बिन्नी ने 2-2 विकेट लिए। इरफान पठान, अशोक डिंडा को 1-1 विकेट मिला।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया महाराज को पहले ही ओवर में सोहेल तनवीर ने झटका दे दिया। रॉबिन उथप्पा चौथी ही गेंद पर रज्जाक के हाथों लपके गए। हालांकि इसके बाद कप्तान गौतम गंभीर और मुरली विजय ने साझेदारी कर स्थिति अच्छी की लेकिन पाक गेंदबाजों ने किफायती गेंदबाजी कर मैच में वापसी कर ली। मुरली के 25, सुरेश रैना के 3, मोहम्मद कैफ के 22 रन के बीच गंभीर 52 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। यूसुफ पठान से उम्मीद थी लेकिन वह 14 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद इरफान पठान ने भरसक प्रयास किया लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए।

दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

एशिया लायंस : तिलकरत्ने दिलशान, उपुल थरंगा (विकेटकीपर), पारस खड़का, मिस्बाह-उल-हक, असगर अफगान, शाहिद अफरीदी (कप्तान), थिसारा परेरा, इसुरु उदाना, अब्दुर रज्जाक, सोहेल तनवीर, अब्दुल रज्जाक

इंडिया महाराजा: गौतम गंभीर (कप्तान), रॉबिन उथप्पा (विकेटकीपर), मुरली विजय, सुरेश रैना, मोहम्मद कैफ, यूसुफ पठान, स्टुअर्ट बिन्नी, इरफान पठान, हरभजन सिंह, अशोक डिंडा, प्रवीन तांबे

शतक का बोझ उतरने से अब टेस्ट क्रिकेटर की तरह अहसास हो रहा है: ग्रीन

अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन आखिर में सातवीं बार अर्धशतक को शतक में तब्दील करने में सफल रहे और यह बोझ उतरने के बाद उन्हें अब टेस्ट क्रिकेटर की तरह अहसास हो रहा है। अपना 20वां टेस्ट मैच खेल रहे ग्रीन ने भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट मैच की पहली पारी में 114 रन बनाए। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में पहला शतक है। उस्मान ख्वाजा ने 180 रन की पारी खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 480 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। ग्रीन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,'' जब आपकी पीठ से इस तरह का बोझ उतर जाता है तो फिर आप एक टेस्ट क्रिकेटर की तरह महसूस करते हैं। इसलिए यहां शतक जड़ना शानदार रहा। यह मेरे लिए विशेष है।' भारतीय गेंदबाजों विशेषकर उमेश यादव ने ग्रीन को कुछ ढीली गेंदे की जिसका फायदा उठाकर यह ऑलराउंडर तेजी से रन बनाने में सफल रहा। ग्रीन ने कहा,'' मुझे लगता है कि थोड़ा भाग्य ने भी मेरा साथ दिया जिससे मैं 70 से 80 और फिर 90 रन तक तेजी से पहुंचा। इससे मुझे थोड़ा मदद मिली और मुझे शतक के बारे में सोचने का ज्यादा समय नहीं मिला।'

ग्रीन का इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 84 रन था और इसलिए उनकी यह पारी निश्चित तौर पर विशेष है। उन्होंने कहा,'' यह वास्तव में विशेष पारी है। निश्चित तौर पर लंच पर शतक के करीब (95 रन) होने से ऐसा लगा कि वह 40 मिनट जैसे एक घंटा 40 मिनट हों। लेकिन मैं उज्जी (ख्वाजा का उपनाम) के साथ बल्लेबाजी कर रहा था और पूरे समय दूसरे छोर पर मेरे साथ एक अनुभवी खिलाड़ी था। उसने बेहतरीन बल्लेबाजी की और इससे मुझे काफी मदद मिली।'

पिता के सामने तेम्बा बावुमा ने बनाए 171 रन, द. अफ्रीका को मिली 356 रनों की लीड

जोहानिसबर्ग। जोहानिसबर्ग के मैदान पर द. अफ्रीका ने विंडीज के खिलाफ खेलते हुए दूसरी पारी में कप्तान तेम्बा बावुमा के बड़े शतक की बदौलत सात विकेट खोकर 287 रन बना लिए हैं। द. अफ्रीका के पास अभी 356 रन की लीड हो गई है। चौथे दिन विंडीज को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। बावुमा ने 275 गेंदों में 20 चौकों की मदद से 171 रन लिए हैं। बावुमा ने द. अफ्रीका के लिए तब अहम पारी खेली जब टीम ने मात्र 32 रन पर ही तीन विकेट गंवा लिए थे। बावुमा की पारी देखने के लिए उनके पिता भी स्टेडियम में मौजूद थे।बहरहाल, टेस्ट की शुरुआत द. अफ्रीका की बल्लेबाजी से हुई थी। ओपनिंग पर डीन एल्गर और मार्करम ने सधी हुई पारियां खेलीं। एलगर ने जहां 54 गेंदों में 42 रन बनाए तो वहीं, मार्करम ने 139 गेंदों में 17 चौकों की मदद से 96 रन बनाए। अफ्रीकी बल्लेबाजी टोनी भी 155 गेंदों में 85 रन बनाने में सफल रहे। कप्तान बावुमा ने 28 तो रिक्लटन ने 22 रन बनाकर स्कोर 320 तक पहुंचाया था। विंडीज के लिए अल्जारी जोसेफ, काइल मायर्स और मोटी 3-3 विकेट निकालने में सफल रहे।जवाब में खेलने उतरी विंडीज की शुरुआत खराब रही। ओपनर तेगनारायण 1 तो ब्लैकवुड 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। रोस्टन चेस ने 28 तो मायर्स ने 29 तो जोशुआ ने 26 रन बनाकर जेसन होल्डर का बखूबी साथ दिया। होल्डर ने 117 गेंदों में आठ चौके और चार छक्कों की मदद से 81 रन बनाए और स्कोर 251 तक ले गए। अफ्रीका की ओर से रबाडा ने 19 रन देकर दो, कोर्टजे ने 41 रन देकर तीन तो हेमर ने 63 रन पर दो विकेट लीं।

TEMBA BAVUMA 2nd TEST CENTURY

एलिस पेरी का अर्धशतक, बैंगलोर ने रखा 139 रनों का लक्ष्य

मुंबई । वीमेंस प्रीमियर लीग का आठवां मैच आज रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वॉरियर्स के बीच मुंबई की ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में बैंगलोर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी को 139 रनों का लक्ष्य दिया है। बैंगलोर की ओर से एलिस पेरी ने 39 गेंदों में 6 चौको और एक छक्के की मदद से 52 रनों की पारी खेली।बैंगलोर की शुरूआत सही नहीं रही, कप्तान स्मृति मंधाना मात्र 4 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद सोफी डिवाइन और एलिस पेरी ने पारी को संभाला। पेरी के अर्धशतक के अलावा, सोफी ने 24 गेंदों में 36 रनों की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद बैंगलोर का कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया और पूरी टीम 19.3 ओवर में 138 रनों पर सिमट गई। यूपी की ओर से गेंदबाजी में सोफी एक्लेस्टोन ने सर्वश्रेष्ठ 4 विकेट चटकाए।

पिच रिपोर्ट: इस पिच पर यह दूसरा मैच है। अभी भी पिच पर थोड़ी घास है। पिच में अच्छा उछाल और कैरी होने वाला है। लेकिन पिच थोड़ी सी सूखने लगी है। पिच पर थोड़ा घिसाव दिख रहा है, जिसका मतलब है स्पिनरों के लिए कुछ हो सकता है।'

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर :स्मृति मंधाना (कप्तान), सोफी डिवाइन, एलिसे पेरी, हीथर नाइट, ऋचा घोष , एरिन बर्न्स, श्रेयंका पाटिल, कनिका आहूजा, सहाना पवार, कोमल जंजाद, रेणुका ठाकुर सिंह

यूपी वारियर्स: एलिसा हीली (कप्तान), श्वेता सहरावत, किरण नवगिरे, ताहलिया मैक्ग्रा, दीप्ति शर्मा, ग्रेस हैरिस, देविका वैद्य, सिमरन शेख, सोफी एक्लेस्टोन, अंजलि सरवानी, राजेश्वरी गायकवाड़

बाबर आजम ने 39 गेंदों पर 73 रन बनाए, फिर भी हार गई टीम

पेशावर। अक्सर धीमी बल्लेबाजी के लिए आलोचना का शिकार होते बाबर आजम ने पाकिस्तान सुपर लीग में अपने बल्ले की पावर दिखानी शुरू कर दी है। पिछले मैच में शतक लगाने के बाद बाबर ने पेशावर जाल्मी की ओर से खेलते हुए मुलतान सुलतान के खिलाफ महज 39 गेंदों पर 73 रन तो बनाए लेकिन उनकी पारी उनकी टीम को जीत नहीं दिला पाई। पेशावर ने पहले खेलते हुए 242 रन बनाए थे जिसके जवाब में मुलतान ने रिले रौसोव के शानदार शतक की बदौलत जीत हासिल कर ली। इससे पहले पेशावर जाल्मी के लिए सैम अयुब और बाबर आजम ने तेजतर्रार शुरूआत की थी। दोनों ने 11.4 ओवर में ही स्कोर 134 रन ला खड़ा किया था। सैम ने जहां 33 गेंदों पर 58 रन बनाए तो वहीं, बाबर ने 39 गेंदों में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 73 रन ठोक दिए। मोहम्मद हैरिस ने 11 गेंदों में 35, कोहलर ने 18 गेंदों में 38 रन बनाकर स्कोर 242 तक पहुंचाया था। मुलतान की ओर से अब्बास अफरीदी 39 रन देकर चार विकेट निकालने में सफल रहे। जवाब में खेलने उतरी मुलतान सुलतान की शुरूआत खराब रही थी। शान मसूद 5 तो मोहम्मद रिजवान 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। इसके बाद रिले रौसोव ने 51 गेंदों में 12 चौके और आठ छक्कों की मदद से 121 रन बनाकर टीम की मैच में वापसी करा दी। रिले के अलावा किरोन पोलार्ड ने भी जलवा दिखाते हुए 25 गेंदों में पांच छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। अंत के ओवरों में अनवर अली और उसमान मीर ने आकर्षक शॉट लगाए और अपनी टीम को चार विकेट से जीत दिला दी।

एफआईएच प्रो लीग: भारत ने विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-2 से हराकर किया उलटफेर

राउरकेला। स्ट्राइकर सुखजीत सिंह के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से भारत ने एफआईएच प्रो लीग हॉकी के पहले मैच में विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद यह भारत का पहला मुकाबला था। भारत के जनवरी में विश्व कप के प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के बाद कई खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया था लेकिन 26 वर्षीय सुखजीत बच गये थे, उन्होंने 31वें और 42वें मिनट में मैदानी गोल दागे।टूर्नामेंट में अब तक संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर में शामिल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बिरसा मुंडा स्टेडियम में 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई थी। भुवनेश्वर और यहां आयोजित हुए विश्व कप में हरमनप्रीत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। भारत ने 42वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी जिसके बाद जर्मनी के लिये पॉल फिलिप कॉफमैन और माइकल स्ट्रुथॉफ ने क्रमश- 44वें और 57वें मिनट में गोल किए। जर्मनी की टीम में विश्व कप जीतने वाली टीम के कई खिलाड़ी मौजूद थे जो पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने में जूझते नजर आये। जर्मनी को छह पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि भारत ने चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए।मेहमान टीम ने शानदार शुरूआत की और 10वें मिनट में लगातार पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन भारत ने संयम बरतते हुए इन सभी में अच्छी तरह डिफेंड किया। दूसरे क्वार्टर के अंत में स्ट्राइकर अभिषेक के सर्कल में प्रयास से भारत को वही लय मिली जिसकी वह कोशिश में जुटा था। इससे पहले स्ट्राइकर गुरजांत सिंह और दिलप्रीत सिंह के प्रयासों को जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टैडलर ने विफल कर दिया था। हाफ टाइम से तुरंत पहले घरेलू टीम को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला और हरमनप्रीत ने शानदार प्रयास से अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। विश्व कप के बाद मुख्य कोच ग्राहम रीड को बर्खास्त करने के बावजूद हरमनप्रीत को कप्तान बरकरार रखा गया था। इस बढ़त से भारत ने तीसरे क्वार्टर में आक्रामक शुरूआत की। जर्मनप्रीत सिंह के शानदार पास पर सुखजीत ने 31वें मिनट में भारत के लिये दूसरा गोल दाग दिया। फिर 11 मिनट बाद सुखजीत ने फिर गोल किया। मनप्रीत सिंह के दूर से दिए पास पर प्रतिभाशाली युवा एस कार्ति की मदद से सुखजीत ने मैच में अपना दूसरा गोल किया।

भारत ने इसके बाद जर्मनी हमले को दूर ही रखा। पर मेहमान टीम तीसरे क्वार्टर के अंत में पॉल फिलिप की बदौलत गोल करने में सफल रही। मैच के अंतिम क्षणों में भारत ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया जिसमें जर्मनी ने अपने गोलकीपर को बाहर कर एक अतिरिक्त खिलाड़ी अपने आक्रमण में शामिल किया। जर्मनी ने मैच खत्म होने से दो मिनट पहले माइकल की बदौलत अपना दूसरा गोल किया जिसमें हानेस मुलर ने गोल करने में मदद की।

मैच के अंतिम क्षण में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला लेकिन हरमनप्रीत इसे गोल में नहीं बदल सके जिससे भारत ने 3-2 की जीत से तीन अंक हासिल किये। भारत का सामना अब रविवार को आस्ट्रेलिया से होगा जबकि जर्मनी की टीम से दूसरे चरण का मैच सोमवार को होगा।

आज मैं 6 विकेट लेकर थोड़ा खुश हूं, अब अच्छी नींद आएगी : अश्विन

अहमदाबाद । बांग्लादेश के निराशाजनक दौरे के बाद अपनी तकनीक में थोड़ा बदलाव करना भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिये कारगर रहा है और यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ सात विकेट झटकने के बाद वह निश्चित रूप से काफी बेहतर महसूस कर रहे होंगे क्योंकि पूरी श्रृंखला के दौरान उनके स्पैल में काफी पैनापन दिखायी दिया। चौथे और निर्णायक टेस्ट के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद अश्विन (91 रन देकर छह विकेट) ने कहा, ''तीन विकेट चटकाने के बजाय आप अब काफी बेहतर महसूस करते हुए बिस्तर में जा सकते हो।

उन्होंने कहा, ''यह निश्चित रूप से अच्छा लगता है कि क्योंकि आपने काफी विकेट हासिल किये। मैं आज थोड़ा जल्दी सोने जाऊंगा और मैं थोड़ा खुश भी हूं। 'अश्विन ने अभी तक श्रृंखला में 24 विकेट झटक लिये हैं जबकि एक पारी अभी बची है लेकिन 47.2 ओवर में छह विकेट चटकाना निश्चित रूप से सपाट पिच पर उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल रहेगा। 32वीं बार पांच विकेट का कारनामा करने वाले अश्विन ने कहा, ''हमने विकेट के अच्छा होने की उम्मीद की थी लेकिन इतना धीमा नहीं जैसा कि यह था। इसलिये उम्मीद करते हैं कि जैसे जैसे खेल आगे बढ़े, इस पर बल्लेबाजी करना मुश्किल होता जाये। दूसरे दिन 34 रन देकर पांच विकेट चटका लिये थे तो उनके लिये क्या चीज कारगर रही, इस पर उन्होंने कहा, ''कोई भी स्पैल दूसरे स्पैल से बेहतर नहीं है। और इस विशेष श्रृंखला में विभिन्न चरणों में महसूस हुआ कि संख्या भले ही आपको पांच या छह विकेट नहीं दे रही हो लेकिन गेंद खूबसूरती से आ रही थी। 'फिर उन्होंने तकनीकी पहलू पर बात करते हुए कहा, ''जो भी बदलाव मैंने अपनी गेंदबाजी में किये हैं, जिसमें कलाई की स्थिति में बदलाव करना, गेंद फेंकने के लिये तैयारी करना ये सभी चीजें शामिल हैं। इनसे यह फर्क पड़ा है कि मेरे स्पैल काफी ज्यादा पैने हो गये हैं। शायद बांग्लादेश में मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं कर पाया।

उन्होंने कहा, ''हालांकि मैंने जो कुछ बदलाव किये हैं, उससे सुनिश्चित हुआ है कि मुझे पिच से मदद मिले। ' सपाट पिच पर उन्हें अपना काम आसान करने के लिए कुछ निश्चित 'वैरिएशन' लाने पड़े जो स्पैल के दौरान उन्होंने गेंद फेंकने की तैयारी और कलाई की स्थिति में करके किये। उन्होंने स्वीकार किया, ''पिच से मुझे ज्यादा मदद नहीं मिली इसलिये मुझे 'सीम', 'ड्रिफ्ट' और जो भी कर सकता था, उसका इस्तेमाल किया। '

केपीएल सीजन 3 में हुए दो मुकाबलों में वीसीसी सहनेवाल पंजाब और सपाइंस क्रिकेट क्लब दिल्ली ने दर्ज की जीत

कटड़ा। कटड़ा में चल रही केपीएल सीजन तीन की प्रतियोगिता म हुए दो मैचों में वीसीसी सहनेवाल पंजाब और सपाइंस क्रिकेट क्लब दिल्ली ने जीत दर्ज की। पहला मैच स्काई रेंजर धर्मशाला हिमाचल प्रदेश तथा वीसीसी साहनेवाल पंजाब की टीमों के मध्य हुआ। वीसीसी सहनेवाल पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में पंजाब की टीम ने 8 विकेट खोकर 183 रन बनाए। बल्लेबाज निखिल ठाकुर ने 45 बालों में 60 रन बनाए जिसमें 7 चौके शामिल थे तो वहीं पवन ने 23 बालों में 40 रन बनाए जिसमें 6 चौके और एक छक्का शामिल था। स्काई रेंजर धर्मशाला हिमाचल प्रदेश की टीम की ओर से गेंदबाज ईशान अरोड़ा ने 4 ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जबकि श्रवण कपूर ने 4 ओवर में 37 रन देकर दो विकेट हासिल किए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्काई रेंजर धर्मशाला हिमाचल प्रदेश की टीम 19 ओवर में 146 रन बनाकर आल आउट हो गई। वहीं वीसीसी सहनेवाल पंजाब की टीम ने 37 रन से यह मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। स्काई रेंजर धर्मशाला हिमाचल प्रदेश की टीम की ओर से बल्लेबाज विजय ने 47 बॉल में 61 रन बनाए जिसमें 5 चौके और एक छक्का शामिल था तो वहीं प्रथम ने 17 बालों में 23 रन बनाए जिसमें 2 चौके शामिल थे।

एक्शन इंडिया

ACTION INDIA

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 12 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

राकेश भारद्वाज चौक' पर 'आदर्श रसोई' का 45वां हफ़्ता

सीए रोहित गोयल, संचित गर्ग, सागर गर्ग ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, केक काटकर दी होली की बधाई

"राकेश भारद्वाज चौक" पर केक काटकर धूमधाम से मनाया होली का त्यौहार

'राकेश भारद्वाज चौक' पर हर रविवार को आदर्श रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में विभिन्न व्यंजनों से सजी थाली तो परोसी ही जाती है। इसके साथ ही संस्था हर बार किसी नए आइडिया और अनोखी पहल के साथ कुछ अलग पेश करती है। जो हर किसी के लिए कौतुहल का विषय बना रहता है। आपको बता दें कि इससे पिछले रविवारों में मजदूर दिवस, मातृत्व दिवस, परिवार दिवस, अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस सहित जन्मदिवस भी मनाए गए। धूमधाम से केक काटकर मनाया गया होली का त्यौहार। सभी ने एकदूसरे को बधाई दी।

नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई हर बढ़ते हफ़्ते के साथ नित नए आयाम स्थापित करती जा रही है। स्वर्गीय राकेश भारद्वाज जी और उनके मित्र सुरेंदर चोपड़ा द्वारा लगाया गया एक छोटा सा पौधा आज एक वट वृक्ष का आकार ले चुका है। पिछले 45 हफ्तों से निरंतर हर रविवार को आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जरूरतमंदों को मात्र 10 रूपए में लजीज व्यंजनों से भरी थाली परोस जा रही है।

आदर्श रसोई में स्थापित किए हैं सच्चे आदर्श

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "राकेश भारद्वाज चौक" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "**आदर्श रसोई**" ने अपना 45वां रविवारीय कार्यक्रम बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

`सीए रोहित गोयल, संचित गर्ग, सागर गर्ग ने आदर्श रसोई के माध्यम से किया अन्नदान

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर कार्यक्रम में बतौर शुभारंभकर्ता सीए रोहित गोयल, संचित गर्ग, सागर गर्ग परिवार सहित पहुंचे। मुख्य अतिथियों ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवित शुरूआत की। इसके उपरांत सीए रोहित गोयल, संचित गर्ग, सागर गर्ग, श्रुति गोयल और शिवानी गर्ग ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर भव्य अभिनंदन किया और इस दिन को विशेष बनाया। राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक था। साथ ही अतिथियों के साथ-साथ पदाधिकारियों का भी उत्साह देखते ही बनता था।

क्या बोले सीए रोहित गोयल

इस विशेष मौके पर सीए रोहित गोयल ने कहा कि आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन सामाजिक कार्य कर रही है और दिन प्रतिदिन समाजसेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। आज हमारे समाज में आदर्श रसोई जैसी सामाजिक संस्था की जरूरत है जो निःस्वार्थ भाव से समाजसेवा की आगे बढ़ाएं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं।पुण्य आत्मा श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी सोच को आदर्श रसोई के पदाधिकारी और उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज मिलकर निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहे हैं और दिन-प्रतिदिन आदर्श रसोई नित नए आयाम स्थापित कर रही है जो काबिलेतारीफ है और टीम के सभी सम्मानित सदस्य बधाई के पात्र हैं।

आदर्श रसोई के मध्यम से श्रद्धेय राकेश भारद्वाज आज भी लोगों के बीच ज़िंदा है : संचित गर्ग

संचित गर्ग ने कहा कि श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी हम सभी के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। आदर्श रसोई के माध्यम से राकेश भारद्वाज जी हम सभी के बीच ज़िंदा है। गर्ग परिवार और भारद्वाज परिवार के बीच घनिष्ठ संबंध रहा है। सुख-दुख के साथी रहे हैं। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी ने हमेशा हमारा मार्गदर्शन किया। आदर्श रसोई का हर एक सदस्य रविवारीय कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहता है और अपना भरपूर योगदान देता है। आदर्श रसोई के विचार लोगों को प्रेरणा देते हैं और इस तरह की जनसेवा का भाव रखने वाली संस्था आज समाज को जरूरत है। मैं आदर्श रसोई के सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करता हूं।

राकेश भारद्वाज जी के विचार हम सब के लिए अनुकरणीय: सागर गर्ग

सागर गर्ग ने कहा कि आज श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार, नेक नीयत से लोगों की मदद करना सभी को याद है। यहीं कारण है कि आज जब राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई का रविवारीय कार्यक्रम होता है तो लोग दौड़े चले आते हैं। हर रविवार इस चौक पर एक उत्सव होता है जिसमें गरीब और जरूरतमंद लोग अपने पेट भरते हैं।

वहीं, इसी सोच को ध्यान में रखकर श्रद्धेय भारद्वाज जी और हम सबके आदरणीय सुरेंद्र चोपड़ा जी ने एक साथ आदर्श रसोई की नींव रखीं। आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी सोच को आदर्श रसोई के माध्यम से नया आयाम मिला है। साथ ही राकेश भारद्वाज जी ने हमेशा अपने अनुभव से सभी का मार्गदर्शन किया। आज इस स्थान पर ऐसे कई विशिष्ट सदस्य मौजूद हैं जिनके जीवन में अपने विचारों व अनुभव से मार्गदर्शन किया। ये मेरे परिवार के लिए लिए सौभाग्य की बात है कि आज आदर्श रसोई के माध्यम से मुझे सेवा करने का मौका मिला।

लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई। निशुल्क पानी का भी विशेष प्रबंध किया गया था।

आदर्श रसोई ने पिछले 45 रविवार से परम श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाएं हुए मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन का प्रबंध कर रही हैं। इस तरह के कार्यकरम की आज समाज को जरूरत है और हम सभी को ऐसे नि:स्वार्थ भाव से कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ समाज में अपनी भूमिका का निर्वाह करना चाहिए। **-सीए रोहित गोयल**

आदर्श रसोई पिछले 45 हफ्तों से बेहतरीन रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। साथ ही कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तय की जाती है। सभी अपने विचार आदान-प्रदान करते हैं। इस सफल कार्यक्रम के लिए पूरी टीम का अभिनदंन।

-सन्नी गर्ग, सहसचिव

आदर्श रसोई ने हमेशा ही जरूरतमंदों के लिए कार्य किया और राकेश भारद्वाज जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए रसोई का आयोजन निरंतर रूप से हो रहा है। आदर्श रसोई की पूरी टीम नि:स्वार्थ भाव से सेवाभाव के इस कार्यक्रम में अपना योगदान दे रही है जिसके लिए पूरी टीम का दिल की गहराईयों से अभिनंदन और बधाई। **- सागर गर्ग, आदर्श रसोई सहसचिव**

ये आदर्श रसोई का 45वां रविवारीय आयोजन था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी टीम दिन-रात मेहनत कर रही है। हर कोई अपने योगदान देना चाहता है। हर कोई आदर्श रसोई के कार्यक्रम में अपना योगदान देना चाहता है। मैं संस्था के सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयो से आभार प्रकट करता हूं। **- मोहन गर्ग, आदर्श रसोई चेयरमैन**

आदर्श रसोई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। आदर्श रसोई का उद्देश्य था जरूरतमंदों की सेवा करना और मुझे लगता कि कहीं न कहीं आदर्श रसोई की पूरी टीम इस उद्देश्य में सफल साबित हुई है। अभी लंबा सफर तय करना है। आदर्श रसोई की पूरी टीम रविवारीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक की हुई है। **-सुरेंद्र चोपड़ा, प्रधान**

आदर्श रसोई की नींव परम श्रद्धेय और मेरे पिता राकेश भारद्वाज जी और सुरेन्द्र चोपड़ा जी ने रखी थी। जिसका लक्ष्य था जरूरतमंदों की नि:स्वार्थ भाव से भरपेट भोजन कराना। सप्ताह दर सप्ताह यह संस्था अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कार्य कर रही है। साथ ही इस लक्ष्य को हासिल करने में संस्था का हर एक व्यक्ति अपना योगदान दे रहा। **- रवि भारद्वाज, संयोजक**